तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 81,721.08 निफ्टी 24,853.15

सोना 98,175 चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 24 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 52 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## इस्तीफा देने पर विचार कर रहे मुहम्मद यूनुस

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## चोट से उबर चुके हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते हैं वापसी

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आईपीएल की आड़ में लग रहा सट्टा: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट बोला-कोई कानून जुआ-सट्टा खेलने से नहीं रोक सकता, केंद्र को नोटिस देकर मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि लोग इंडियन प्रीमियर लीग की आड़ में सट्टा लगा रहे हैं और जुआ खेल रहे हैं। हम जानते हैं कि इसे रोका जाना चाहिए, लेकिन शायद आप इस गलतफहमी में हैं कि इसे कानून के जरिये रोका जा सकता है।

कोर्ट ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिस तरह हम लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते, उसी तरह कोई कानून लोगों को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से पूछेगी कि वह इस मुद्दे पर क्या कर रही है। इसके लिए केंद्र को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। बेंच ने मामले में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से मदद की मांग की और कहा कि जरूरत पड़ी, तो वह बाद में सभी राज्यों से जवाब मांगेगी। बेंच ने इन हालात को समाज का विचलन बताते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की और कहा कि कानून के लागू होने से लोगों को सट्टा लगाने से नहीं रोका जा सकता। हमने अपने बच्चों को इंटरनेट दे दिया है। वे इसे अपने स्कूलों में भी ले जाते हैं। माता-पिता एक टीवी देखते हैं, बच्चे दूसरा देखते हैं। यह पूरी तरह से सामाजिक विचलन है। क्या किया जा सकता है। जब लोग अपनी मर्जी से सट्टे में लिप्त हैं। याचिकाकर्ता के ए.पाल ने आरोप लगाया है कि कई ऑनलाइन इन्फ्लूएंसर, एक्टर और -**शेष पृष्ठ दो पर**

■ ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा : जरूरत पड़ी तो सभी से जवाब मांगेगे



### छात्र सुसाइड केस: राजस्थान सरकार को फटकार

#### पूछा- छात्र कोटा में ही क्यों जान दे रहे, इसे रोकने के लिए अब तक क्या किया

**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। 4 मई को नीट एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। 4 मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई को स्वत: संज्ञान लिया था।

# लड़खड़ा गई है देश की विदेश नीति: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

श्री गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-



पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर रखा है।

## शैक्षणिक संस्थानों को नशामुक्त बनाने को अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने छात्रों और युवाओं को तंबाकू तथा नशीले पदार्थों से बचाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने इस संबंध में शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्रवाई करने का आह्वान किया ताकि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त रखने के लिए नियमों और दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू किया जा सके। शिक्षा मंत्रालय ने नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान दिशानिर्देशों को लागू कर रहा है। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों को तम्बाकू के उपयोग और बिक्री से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है। मंत्रालय ने इस मिशन का समर्थन करने में स्कूल प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया है। सरकार ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया है। मंत्रालय का मानना है कि निरंतर प्रयासों और जन समर्थन से भारत अपने स्कूलों और कॉलेजों को सुरक्षित, स्वस्थ और हानिकारक पदार्थों के प्रभाव से मुक्त बना सकता है।

## स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को आग के प्रति संवेदनशील बनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में सभी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में आग से बचाव के उचित प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। मंत्रालय ने निजी एवं सरकारी अस्पतालों से किसी भी आग दुर्घटना से निपटने के लिए कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों से आवश्यक उपकरण स्थापित करने और उनके संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने को भी कहा गया है। इस संबंध में आयोजित की जा रही कार्यशालाओं से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी और निजी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आग दुर्घटनाओं से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

## जंगल में आग लगने से नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंगें फटी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में जंगल में लगी भीषण आग के कारण नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को कई बारूदी सुरंगें फट गईं। अधिकारियों ने कहा कि आग कृष्णा घाटी सेक्टर के जंगलों में लगी है। आग लगने के कारण इलाके की बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ है। आग से किसी के हताहत होने एवं बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। सेना के अग्निशमनकर्मी, पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर आग को बुझाने में जुटे हुए है।

# हवाई यात्रा: टेक ऑफ-लैंडिंग पर कैमरा क्लिक वर्जित

## खिड़कियां भी बंद रहेंगी, देश के चार डिफेंस एयरपोर्ट पर नए नियम लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा।

यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल है। डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाले विमानों में खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी, जब तक कि प्लेन टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाता या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाता। सूत्रों ने डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि यह -**शेष पृष्ठ दो पर**

■ डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए डीजीसीए ने दिया आदेश



### भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे के लिए बढ़ाई एयरस्पेस पाबंदी

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव चरम पर है। इस हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये लिया। तनाव के माहौल में भारत ने पाकिस्तान के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर इस पाबंदी को भारत ने एक और महीने के लिए बढ़ा दिया है। भारत ने इस बाबत नोटम भी जारी कर दिया है। नए नोटम के मुताबिक, यह 23 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगा। वहीं, दूसरी ओर भारत की कार्रवाई से तिलमिलाए पाकिस्तान ने भी भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत एसीएफटीएस और पाकिस्तानी एयरलाइनों/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई एसीएफटीएस के लिए स्वीकृत नहीं है। इसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल -**शेष पृष्ठ दो पर**

### विमान में चीख-पुकार, फिर भी पाक ने नहीं दी परमिशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट 21 मई को ओलावृष्टि के कारण भीषण टर्बुलेंस (हवा में झटकों) की चपेट में आ गई थी। इस दौरान पायलट ने पाकिस्तान से उसका एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत मांगी थी। हालांकि, पाकिस्तान ने मना कर दिया। इंडिगो फ्लाइट जब अमृतसर के ऊपर से गुजर रही थी, तब पायलट ने हल्का टर्बुलेंस महसूस किया। उन्होंने लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से कॉन्टैक्ट किया और खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान के एयरस्पेस में घुसने की परमिशन मांगी। लाहौर एटीसी ने पायलट को साफ मना कर दिया, जिसके कारण फ्लाइट को अपने तय रूट पर आगे बढ़ना पड़ा। आगे जाकर फ्लाइट गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई। फ्लाइट जोर से हिलने-डुलने लगी। फ्लाइट में 227 लोग सवार थे। तेज झटकों के कारण सभी चीखने-चिल्लाने लगे थे। पायलट ने श्रीनगर एटीसी को जानकारी दी और फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

# दुनियाभर में बेनकाब हो गया पाकिस्तान: शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गई है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और असैनिक ठिकानों पर हमले की विफल कोशिश कर साबित कर दिया कि वह आतंकवाद का समर्थन करता है और आतंकियों को शह दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम से पाकिस्तान का पूरी तरह पर्दाफाश हो गया कि वह आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह पाकिस्तान सेना के अफसरों ने आतंकवादियों के जनाजों में नमाज पढ़ी। दूसरी ओर भारतीय सेनाओं की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के केवल सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया और असैनिक क्षेत्रों में हमला नहीं किया।

■ आतंकियों के समर्थन में भारत पर पाक की जवाबी कार्रवाई को गृह मंत्री ने बनाया मुद्दा



### पाक को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे।

सूत्र के मुताबिक, भारत को लगता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद को खत्म करने में नाकाम रहा है। पाकिस्तान सरकार देश को हो रही फंडिंग को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में खर्च करती है। ऐसे देश टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने में न केवल नाकाम रहते हैं, बल्कि वहां ये चीजें बढ़ती हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाता है। एफएटीएफ प्लेनरी (फैसले लेने वाली संस्था) की साल में तीन बैठकें फरवरी, जून और अक्टूबर में होती हैं। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला गया था। 2022 में उसे बाहर कर दिया गया। भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे। एक न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्र के हवाले से ये बात कही है।

# नौ वीर सपूतों के परिजनों को मिले बलिदान बैज व सम्मान प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में भारत मां के उन नौ वीर सपूतों के परिजनों को 'बलिदान का बैज' और 'सम्मान प्रमाण पत्र' प्रदान किए जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक भव्य और भावपूर्ण समारोह में वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए गहन प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि के रूप में ये पुरस्कार उन अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अन्य रैंकों को प्रदान किए गए, जो देश की सेवा करते हुए दुश्मन की और आतंकवादियों की कार्रवाई में शहीद हो गए। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक रक्षा अलंकरण समारोह के एक दिन बाद आयोजित किया गया। ये सम्मान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक, कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार, नायक दिलवर खान, राइफलमैन रवि -**शेष पृष्ठ दो पर**

■ सेना प्रमुख ने भावपूर्ण समारोह में किया सम्मानित

# आतंकवाद व माओवादी हिंसा अब बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन- नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, (उनके प्रति) हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस (रत्ती भर भी बर्दाश्त न करने) की नीति पर चल रही है। उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए, जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है।



■ सरकार 11 वर्षों से पूर्वोत्तर में विकास व शांति के लिए कर रही काम: मोदी

# गढ़चिरौली में चार नक्सली ढेर

कांकेर/मुंबई, वार्ता

**छत्तीसगढ़ से** सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया। जवानों ने चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार को भी बरामद कर लिया है।

इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इस घटना की पुष्टि डीआईजी अंकित गोयल ने भी की है। उन्होंने बताया कि सभी जवानों की वापसी पर ही नक्सलियों को हुए वास्तविक जानकारी मिल सकती है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मौके से चार शवों के साथ एक स्वचालित सेल्फ-लोडिंग राइफल, दो 303 राइफल, एक भरमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, कैंपिंग का सामान बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह माओवादियों ने अचानक सी-60 कमांडो पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया।

■ चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार भी बरामद

# ट्रम्प की एपल को धमकी, अमेरिका में ही बनाएं आईफोन

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपल सीईओ को दी 25 % टैरिफ लगाने की चेतावनी

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा, तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा कि मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि जो आईफोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे अमेरिका में निर्मित किए जाएंगे, न कि भारत या कहीं और। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। इसके बावजूद एपल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन ने भारत में 1.49 बिलियन डॉलर (करीब 12,700 करोड़) का निवेश किया है।

■ टिम कुक से कहा: जो फोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे यहीं बनेंगे, न कि कहीं और

■ हम नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें






## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का निधन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह करीब 62 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार सूचना आयुक्त राकेश कुमार के कक्ष में आयोजित जलपान में श्री चौधरी गुरुवार को शामिल हुए थे। इसके बाद वह बस्ती में एक समारोह में शामिल होने चले गए, वहीं बीती रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पहले बस्ती जिला अस्पताल और फिर लखनऊ में लारी इंस्टिट्यूट लाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। हंसमुख स्वभाव और शानदार व्यक्तित्व के धनी चौधरी मूल रूप से संत कबीर नगर (पूर्व में बस्ती) जिले के सेमरियावां विकासखंड के चंगेरा मंगेरा गांव के मूल निवासी थे। लखनऊ में उनका आवास मुंशी पुलिया के पास मानस विहार में है।

### भाजपा सांसद को कांग्रेस ने दिया करारा जवाब


**नई दिल्ली।** सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को सूचित करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को आड़े हाथ ले रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे के पलटवार का करारा जवाब देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि दुबे जिस समय का हवाला दे रहे हैं, तब तत्कालीन केंद्र सरकार से कांग्रेस समर्थन वापस ले चुकी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सांसद जिस तथ्य को लेकर विदेश मंत्री का बचाव कर रहे हैं, उसकी उन्हें सही जानकारी नहीं है, इसलिए इस बारे में सहयोगी सांसद नीरज शेखर से ज्यादा जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा सांसद का जवाब देते हुए लिखा- इस व्यक्ति की जानकारी दुरुस्त कर दें कि कांग्रेस पार्टी ने चंद्रशेखर सरकार से समर्थन फरवरी 1991 में ही वापस ले लिया था। दसवीं लोकसभा के चुनाव घोषित हो चुके थे। आगे की जानकारी के लिए यह अपनी पार्टी के साथी एमपी नीरज शेखर से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि दुबे ने गांधी को संबोधित करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था राहुल गांधी जी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है।

### कश्मीर में पर्यटन स्थलों को खोलने का किया आग्रह

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पिछले महीने सुरक्षा कारणों से बंद पर्यटन स्थलों को तुरंत खोले जाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए निमर्म आतंकवादी हमले के बाद प्राधिकारियों ने कश्मीर घाटी में लगभग 50 रिसॉर्ट और पर्यटन स्थलों को बंद करने का आदेश दिया था। इस हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की मौत हो गई थी। अभूतपूर्व हिंसा के कारण सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए तथा आगंतुकों की सुरक्षा के प्रति व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई। दूरू से विधायक मीर ने पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास में इन गंतव्यों को फिर से खोलने के लिए उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मीर ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि कश्मीर पर्यटन को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा करने के लिए आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की।

# उत्तर प्रदेश: मानसून में झमाझम बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ यूपी भी अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार को तैयार

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस साल मानसून औसत से अधिक रहने के आसार जताए हैं, जिसे देखते हुए घनी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कैच द रेन कार्यक्रम के तहत अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार की तैयारी कर ली गई है। केरल और पश्चिमी बंगाल में हो रही मानसून की सक्रियता से यह भी पूर्वानुमान है कि इस बार यह समय से पहले या समय से आकर पूरे देश को तर करेगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई से लेकर सितंबर तक के मानसून के सीजन में कुल बारिश के औसत का 70 से 80 फीसद प्राप्त होता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह के अनुसार बारिश लिहाज से भारत इंद्र देव से मिलने वाले इस प्रसाद के लिहाज से दुनियां के कई देशों से संपन्न है। यहां चार महीने के दौरान करीब 870 मिलीमीटर बारिश होती है। उत्तर प्रदेश खासकर तराई के एक बड़े इलाके में तो इससे भी अधिक। मसलन अपने देश में पानी की नहीं इसके प्रबंधन की कमी है। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पूरी ने भी इस बात को स्वीकार किया। उनके मुताबिक भारत में जल संकट जल संसाधनों की कमी के नहीं उपलब्ध पानी के कुप्रबंधन के कारण है। डबल इंजन की सरकार (मोदी और योगी) का फोकस इसीलिए बारिश के हर बूंद को सहेजने का है।

### जारी रहेगा आंधी-तूफान का दौर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटों में आंधी तूफान और वर्षा जनित हादसों में 50 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान आंधी वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि मौसम का यह मिजाज 29 मई तक बना रहने के आसार हैं। विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी का अनुमान है। इस दौरान बिजली चमकने और वर्षा के आसार हैं। आमजनो को सलाह दी जाती है कि मेघ गर्जन और वज्रपात की दशा में पेड़ के नीचे अथवा खुले में खड़ा न हों। राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मई रात आठ बजे से 22 मई शाम चार बजे के बीच 21 जिलों में आंधी तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में 49 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई है। इस दौरान गाजियाबाद में दो, मेरठ में चार, बुलंदशहर में तीन, औरैया में चार, कासगंज और फतेहपुर में पांच-पांच, गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर, एटा और कन्नौज में तीन-तीन, फिरोजाबाद और कानपुर देहात में दो-दो, अलीगढ़, हाथरस, चित्रकूट, अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़ और उन्नाव में एक एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है।

# निजीकरण पर सीएम योगी करें हस्तक्षेप

लखनऊ, वार्ता



■ विद्युत कर्मचारी संयुक्त समिति ने मुख्यमंत्री से फैसला वापस लेने की मांग की

उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव का विरोध कर रहे बिजली कर्मचारियों ने इस मसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन की हठवादिता चरम पर है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराने की कृपा करें।

जिला अधिकारियों द्वारा बिजली कर्मी नेताओं की बुलाई गई बैठकों में बिजली कर्मियों ने उन्हें दो टूक बता दिया है कि निजीकरण पर कोई भी बात करनी है तो संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों से की जाए। आज लगातार तीसरे दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि बिजली कर्मचारी इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होने देना चाहते। इसी दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक ध्यान आकर्षण आंदोलन चला रहे हैं मगर प्रबंधन इस ध्यान आकर्षण आंदोलन को हड़ताल बताकर बिजली कर्मियों को डराने, धमकाने, उत्पीड़न करने, ट्रांसफर करने, संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी करने आदि जैसे उत्पीड़नात्मक कदम उठाकर ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर अशांति का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। उनके नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने 2017 में 41 फीसदी ए टी एंड सी हानियों को घटाकर 2024 तक 16.5 प्रतिशत कर दिया है मगर निजी घरानों से मिली भगत के चलते पावर कारपोरेशन का प्रबंधन उनके सामने झूठे मनगढ़ंत आंकड़े रखकर घाटे का हवाला देकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है।

# भारत में फिर लौटा कोरोना, अहमदाबाद में 20 मरीज मिले

नई दिल्ली।

■ गाजियाबाद में चार केस दिल्ली में एडवाइजरी जारी देश में अब तक 312 मामले

देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 312 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ डेटा पोर्टल पर डेली अपलोड करनी होगी। ये एडवाइजरी ऐसे समय पर जारी की गई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गुजरात अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए। तीन मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है, जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं।

इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इन सभी मरीजों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वैरिएंट जेएन1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और छठ1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है।

## भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से ज्यादा आतंकी ढेर: योगी

# आतंकवाद ही बनेगा पाक के अंत का कारण

अयोध्या, वार्ता



■ पाकिस्तान का आध्यात्मिक जगत से कोई नाता नहीं, जिसका अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है, पाक का समय अब पूरा हो गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। उन्होंने हनुमान जी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तन आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का भव्य लोकार्पण करने के बाद योगी ने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। हमें अपने मित्र और शत्रुओं की पहचान रखना जरूरी है। देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमान जी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दास जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दास जी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आपका इतिहास सनातन धर्म के उस कालखंड की सेना के रूप में जाना जाता है, जब देश विधर्मियों आक्रांताओं से त्रस्त था तब अखाड़ों ने सनातन धर्म की रक्षा केलिए स्वयं को समर्पित किया था। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया।

### योगी ने श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री इससे पहले 10 मई को अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदईकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण करने पहुंचे था। मुख्यमंत्री का मई माह में यह दूसरी बार अयोध्या दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में राम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली। योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। राम मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही ट्रस्ट के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। सीएम ने मंदिर के निर्माण कार्य के प्रगति और परकोटा निर्माण की जानकारी ली। मंदिर में स्थापित किए जा रहे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बारे में भी जानकारी की।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली के बल पर बाजार में उछाल

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इटरनल, एलटी, रिलायंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और मारुति समेत 29 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 769.09 अंक अर्थात 0.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 243.45 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की तेजी लेकर 24853.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.50 प्रतिशत चढ़कर 44,861.42 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 51,521.42 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2357 में लिवाली जबकि 1594 में बिकवाली हुई, वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1731 में तेजी जबकि 1132 में गिरावट हुई, वहीं 84 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार मार्च के निचले स्तरों से 14 प्रतिशत की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार फिलहाल नई दिशा तलाशने के संघर्ष में है। इस उतार-चढ़ाव के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब तक बाजार में तेजी को समर्थन देने वाली एफआईआई खरीददारी की रफ्तार थमती नजर आ रही है। खासकर इस महीने की 20 और 22 तारीख को हुई भारी बिकवाली यह संकेत देती है कि यदि वैश्विक माहौल प्रतिकूल रहा, तो एफआईआई फिर से आक्रामक बिकवाली की ओर बढ़ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लचताएं बढ़ रही हैं। अमेरिका और जापान में बॉन्ड ईल्ड में तेज उछाल से वैश्विक वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है। विशेष रूप से अमेरिका में 30.वर्षीय बॉन्ड ईल्ड 5.14 प्रतिशत और 10.वर्षीय ईल्ड 4.52 प्रतिशत तक पहुंचने से अमेरिकी कर्ज के स्तर और इसके वैश्विक असर को लेकर बाजार में बेचैनी है।

### दुनिया में बढ़ी यूपी के उत्पादों की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के निर्यात में पिछले आठ वर्षों में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है और इस दौरान निर्यात दोगुना से अधिक हो गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2017-18 में जहां निर्यात 88,967.42 करोड़ रुपए था, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1,70,340.95 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें प्रदेश के विविध उत्पादों की भागीदारी रही, जो दुनिया के 100 से अधिक देशों को भेजे गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष निर्यातक राज्यों में अपनी जगह बनाई है। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्यात को बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी के निर्यात में दोगुना का उछाल आया है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा तीन रिंगिट की बढ़त के साथ 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-52 सेंट चढ़कर 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14652 रुपए, पाम ऑयल 14066 रुपए और वनस्पति तेल 15677 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आईपीएल की...** क्रिकेटर ऑनलाइन एप का प्रचार कर रहे हैं और बच्चों को फंसा रहे हैं। पाल ने दावा किया कि वे उन लाखों माता-पिता की तरफ से याचिका लेकर आए हैं, जिनके बच्चे पिछले कुछ सालों में मर चुके हैं। पाल ने कहा कि सिगरेट के मामले में, पैकेट पर धूम्रपान के नुकसान दिखाती तस्वीरें थीं, लेकिन सट्टेबाजी से जुड़े एप के मामले में ऐसी कोई सावधानी नहीं बरती गई। यहां तक कि भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटरों ने भी मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान इन एप का प्रचार किया। पाल ने कहा कि तेलंगाना में 1023 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है, क्योंकि 25 बॉलीवुड और टॉलीवुड एक्टर/प्रभावशाली लोगों ने मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। तेलंगाना में प्रभावशाली लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, क्योंकि यह मामला मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

**हवाई यात्रा...** आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आई है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए क्रू मेंबर्स के लिए एक एसओपी तैयार करें, ताकि क्रू बॉर्डर के पास मौजूद एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग के दौरान पैसेंजर्स को इसकी सूचना दे सकें। आदेश में कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर यात्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई पायलटों का कहना है कि टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़की को खुला रखना जरूरी होता है। यह एक सिक्योरिटी प्रोटोकॉल है। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि बाहर खतरे का अंदाजा लगाया जा सके। जिसमें तकनीकी खराबी, पक्षी टकराने से इंजन में आग लगना शामिल है। खुली खिड़कियां इमरजेंसी में मौजूदा स्थिति को समझने में मदद करती हैं। इससे स्थिति को संभालने और उसका समाधान निकालने में मदद मिलती है। डीजीसीए ने कहा कि इमरजेंसी खिड़की खुली रखी जाएंगी डीजीसीए के एक सीनियार अधिकारी ने कहा कि चूंकि लैंडिंग के वक्त खिड़की खुला रखना जरूरी है, लिहाजा इमरजेंसी विंडो को खुला रखा जाएगा। आदेश का एक हफ्ते बाद फिर रीव्यू किया जाएगा।

**भारत-पाकिस्तान...**हैं। पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस की बंदी को 24 जून तक बढ़ा दिया है। यह कदम तब उठाया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान खौफ में है और दोनों देशों के बीच तनाव है।

**नौ वीर सपूतों...** कुमार, सिपाही प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट, ओईएम जीडीई-1 विजयन कुट्टी जी (सीमा सड़क संगठन) के परिजनों को प्रदान किए गए। ये पुरस्कार जुलाई 1999 में स्थापित किए गए थे और 1947 से चली आ रही लड़ाइयों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के परिवारों को प्रदान किए जाते रहे हैं।

### स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लिए मोदी सरकार का प्रयास: मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कॉरपोरेट मामले तथा सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पोषण अभियान, कुपोषण में कमी लाने तथा स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार लाने के लिए मोदी सरकार का एक प्रयास है। मल्होत्रा ने यहां लाभार्थियों को लगभग 300 पोषण किट वितरित करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पोषण अभियान को देश में कुपोषण से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का लक्ष्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण देना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बचपन में उचित पोषण विकास के लिए महत्वपूर्ण है और पोषण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को इष्टतम वृद्धि और विकास के लिए पर्याप्त पोषण मिले। उन्होंने कहा कि पोषण की स्थिति में सतत सुधार सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को पोषण युक्त खाद्य उत्पाद दिए जाने चाहिए। इससे स्वस्थ पोषण युक्त आहार को बढ़ावा देने से बच्चों में एनीमिया और बौनेपन के मामलों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पोषण बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और बच्चों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पोषण आवश्यक है।

### अंबेडकर प्रतिमा का विरोध जातिवादी मानसिकता का परिचायक: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना का विरोध जातिवादी सोच का परिचायक है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट खण्डपीठ ग्वालियर में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति माननीय कोर्ट द्वारा दी गई तथा कोर्ट के निर्देशन में ही स्थान का चयन एवं चबूतरा बनाया गया व मूर्ति भी बनकर तैयार हुई किन्तु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की गई। बाबा साहेब के विरोधियों को यह समझना होगा कि सदियों से उपेक्षित बहुजन समाज अब अपना सम्मान पाना चाहता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल, माननीय उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री भी मूर्ति लगाने में आ रही बाधाओं को दूर करके, तत्काल उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को सम्मानपूर्वक स्थापित कराएं, यह अनुरोध।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राजमिस्त्री की निर्माणाधीन मकान में ईंट से हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेम नगर इलाके में शुक्रवार दोपहर राजमिस्त्री की उसी के निर्माणाधीन मकान में चेहरे पर ईंट मारकर हत्या कर दी। जिसको कुछ देर पहले उसी का बेटा खाना खिलाकर गया था। कुछ घंटे बाद जब बेटा वापिस आया तो पिता खून से लथपथ हालत में जमीन पर मृतावस्था में पड़ा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। संदिग्धों को तलाशने के लिये उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान ६० साल के लाल बाबू पासवान के रूप में हुई है। जो परिवार के साथ अगर नगर ई ब्लॉक में रहते थे। प्रेम नगर

पुलिस को शाम को ई ब्लॉक में बुजुर्ग राजमिस्त्री की हत्या करने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। एक निर्माणाधीन मकान में लाल बाबू का खून से लथपथ हालत में शव पड़ा था। पास ही खून से सनी ईंट पड़ी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से वारदात वाली जगह से सबूत इक्ट्ठा किये। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया। बेटे के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

एक बजकर ४८ मिनट पर पिता के लिये घर से खाना लेकर आया था। खाना पिता के साथ ही खाया था। वहीं पर राजू,बिंटू और नीरज थे। राजू और बिंटू वहां से चले गए थे। नीरज वहीं पर रूक गया था। बाबू लाल के बेटे विकास से बताया कि मैं वहां से फिर घर आ गया था। करीब एक सवा घंटे बाद वापिस जब पिता के पास आया। निर्माणाधीन मकान का गेट बंद था। अंदर जाकर देखा,पिता खून से लथपथ हालत में मृतावस्था में पड़े थे। उनके सिर से खून बह रहा था।

उसके चेहरे पर ईंट आदि से कई वार कर रखे थे,उनके दांतों को भी तोड़ रखा था। उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। भाईया अपना मकान खुद बना रहे थे,वो राजमिस्त्री थे। उनकी बहन शांभा देवी ने बताया कि भाई के चार बेटा और चार बेटी हैं। चार बेटी गांव में रहती हैं। जुलाई में बेटे की शादी करनी थी। भाईया अपना मकान बनवा रहे थे। आज लेबर नहीं आने पर खुद की काम करने लगे थे। भतीजे ने तीन लडकों को देखा था। उनका फोन व कई हजार रुपये लेकर आरोपी भागा है। उनको पहले गम्छा से बांध दिया था।

## खिज्र बाबा कालोनी वालों को दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जामिया नगर स्थित खिजर बाबा कॉलोनी को खाली करने के लिए निवासियों को १५ दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। एक पीआइएल पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जा करके बनाए गए सभी प्रकार के निर्माण को हटाने का आदेश दिया है।

कोर्ट के आदेश पर बृहस्पतिवार को कालोनी के ३० से अधिक घरों पर नोटिस चस्पा किया गया है। नोटिस के मुताबिक, लोगों को घर खाली करने के लिए पांच जून तक की मोहलत दी गई है। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# निर्वाचन आयोग ने की चुनावी प्रणाली को सुदृढ़ करने को लेकर परिवर्तनकारी पहलों की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग ने देश की चुनावी प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु परिवर्तनकारी पहलों की शुरुआत की है। आयोग के प्रयासों ने चुनाव प्रबंधन के सभी पहलुओं में दक्षता और समावेशिता को बढ़ाने हेतु सुधारों को प्रेरित किया है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में, इस वर्ष मार्च में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन में इन पहलों का खाका प्रस्तुत किया था। मतदाताओं को सशक्त बनाने, राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, कानूनी स्पष्टता को सुदृढ़ करने और संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में आयोग ने समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। ये पहलें चुनाव प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने और लो. कतांत्रिक भागीदारी को गहरा करने के आयोग के दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं।

मतदान प्रक्रिया को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ और सरल बनाने के लिए, एक मतदान केंद्र पर निर्धारित अधिकतम मतदाताओं की संख्या को १५०० से घटाकर १२०० कर दिया गया है। इससे बूथों पर भीड़ और प्रतीक्षा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। शहरी बस्तियों, ऊँची इमारतों और आवासीय कॉलोनियों के विस्तार को देखते हुए, आयोग ने इन समाजों के भीतर अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है ताकि मतदाता के लिए मतदान और भी सुलभ हो सके। इसके अतिरिक्त, मतदाता सूचना पर्चियों को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया जा रहा है, जिसमें क्रम संख्या और भाग संख्या को अब और अधिक स्पष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा। मतदाता सूचियों की सटीकता बढ़ाने के लिए अब भारत के रजिस्ट्रार जनरल से मृत्यु पंजीकरण डेटा सीधे प्राप्त किया जाएगा। सत्यापन के बाद, इस डेटा का उपयोग मृत व्यक्तियों के नामों को मतदाता सूची से हटाने में किया जाएगा, जिससे सूची की प्रामाणिकता बढ़ेगी।आयोग ने देश भर में राजनी. तिक दलों को जोड़ने के लिए एक व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और मतदाता पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) स्तर पर कुल ४,७१९ बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें २८,००० से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीईओ स्तर पर ४०, डीईओ स्तर पर ८०० और ईआरओ स्तर पर ३८७९ बैठकें आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त, आयोग ने आम आदमी पार्टी, भाजपा, बसपा, माकपा, एनपीपी आदि जैसे राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रमुखों के साथ भी बैठकें की हैं।

## एक नजर

### सरकार को संसद सत्र बुलाकर देना चाहिए विपक्ष के सवालों का जवाब: आदेश भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा की गई एयर स्ट्राइक और पाकिस्तान से हुए संघर्ष और संघर्ष विराम से लेकर विदेशों में सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजे जाने तक देश की राजनीति में नित नए परिदृष्य बदल रहे हैं। जिसको लेकर अब खुलकर बयानबाजी भी हो रही है। इस पूरे प्रकरण पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि जिस दिन पहलगाम हमला हुआ उसी दिन हमारे नेता राहुल गांधी जी विदेशी दौरे को बीच में छोड़कर वापस आ गए थे और उन्होंने साफ साफ कह दिया था कि इस आपात स्थिति में हम सरकार के हर निर्णय के साथ हैं। और ना सिर्फ कांग्रेस ने बल्कि सभी विपक्षी दलों ने सरकार को समर्थन दिया था। लेकिन इसके विपरीत हमारे प्रधानमंत्री जी विदेशी दौरा छोड़कर वापस तो आते हैं लेकिन अगले ही दिन बिहार में चुनावी रैली जा करते हैं। तो इससे साफ पता चलता है कि किसकी क्या प्राथमिकता हैं। उनके लिए चुनाव प्रथम हो सकता है लेकिन हमारे लिए नागरिक प्रथम है, इसलिए हमारे नेता राहुल जी पहलगाम जाकर हस्पताल में दाखिल हताहतों से मिलते हैं। हमले के दिन से सीजफायर तक जहां सभी विपक्षी दलों ने सरकार को समर्थन दिया। वहीं सरकार दो दो सर्वदलीय बैठक आयोजित करती है लेकिन स्वयं प्रधानमंत्री जी दोनों बैठकों से नदारद रहे।

### मुस्तफाबाद का नाम रोशन किया



**नई दिल्ली।** पुराना मुस्तफाबाद अनार मस्जिद के पास रहने वाले मास्टर नदीम फुलत वालों के बेटे मोहम्मद जैद ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंट में दसवी कक्षा में 95.4% नंबर लाकर अव्वल पोजीशन हासिल की इस मौके पर इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई और सब ने मुबारक बाद पेश की मोहम्मद जैद ने कहा कि उन्होंने खास नंबर लाने का पूरा इरादा कर रखा था और अल्लाह पर भरोसा था उन्होंने इंग्लिश में 90 हिन्दी में 97 मैथ्स में 97 साइंस में 95 डिजिटल डिजाइन में 91 एडवांस मैथ्स में 89 और एडवांस साइंस में 97 प्रतिशत नंबर लाकर मुस्तफाबाद और अपने स्कूल का नाम रोशन किया। ऐसे होनहार बच्चे ही अपनी एवं देश तरक्की कर पाते हैं। शिक्षा शेरनी का वह दूध है इसे जो जितना पियेगा उतना दहाड़ेगा। शिक्षा से ही आईएएस आईपीएस अधिकारी आदि बन सकता है। अनपढ़ के सामने मजदूरी करना या रिक्शा चलाना ही उसके हिस्से में आ पाता है। कुछ बनना है तो शिक्षित बनो। इस मौके पर मास्टर नदीम साहब ने बताया अगर इंसान मेहनत करता है तो उसको उसकी मेहनत का सिला जरूर मिलता है दूसरे बच्चों को भी मोहम्मद जैद की तरह मेहनत करनी चाहिए।

### महिलाओं की सुरक्षा को समर्पित 'वागले की दुनिया' आगामी एपिसोड्स



**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो 'वागले की दुनिया -नई पीढ़ी, नए किस्से' अपने दिल को छू लेने वाले पारिवारिक पलों और सामाजिक मुद्दों की गूढ़ प्रस्तुति के लिए दर्शकों का पसंदीदा बना हुआ है। अब यह शो एक और महत्वपूर्ण सामाजिक विषय ख्र महिलाओं की आत्मरक्षा को सामने लाने जा रहा है, जिसमें करुणा और समझ के माध्यम से समाज में बदलाव लाने का संदेश दिया जाएगा। आगामी एपिसोड्स में छोटी किट्टू (माही सोनी) आत्मरक्षा की क्लास में शामिल होने की इच्छा जाहिर करती है। हालांकि, डक्कू (दीपक पारीक) और हर्षद (अमित सोनी) शुरुआत में इस विचार को यह कहते हुए नकार देते हैं कि लड़कियों को आत्मरक्षा की जरूरत नहीं होती। लेकिन राज. ेश वागले (सुमीत राघवन) इस सोच से इत्तेफाक नहीं रखते और मानते हैं कि हर लड़की को अपनी सुरक्षा का अधिकार उतना ही है जितना किसी लड़के को। हालात तब बदलते हैं जब सखी (चिन्मयी साल्वी) और गुनगुन (नंदिनी मौर्य) को बस में छेड़छाड़ का सामना करना पड़ता है।

### ठाकुर सुखविंद्र सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की भेंट



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत सायं नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्य से संबंधित विभिन्न बजटीय और वित्तीय मामलों से केंद्र सरकार को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने तुर्की से आयातित सेब के मामले पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश सहित देश के सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए सेब पर आयात शुल्क में एक सर्वव्यापी वृद्धि के लिए भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री से हिमाचल और अन्य विशेष श्रेणी राज्यों की उधार सीमा को कम से कम दो प्रतिशत बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने राज्य में राजकोषीय प्रबंधन में सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों और कई वित्तीय बाधाओं के बावजूद वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह और प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार उपस्थित थे।

### दो किशोरी समेत तीन को परिजनों से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत दो लापता किशोरियों और एक युवक को सकुशल तलाशकर उनके परिजनों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बतायाि क बीते सोमवार को भलस्वा डेयरी इलाके में से एक १६ वर्षीय किशोरी लापता हुई थी। एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिजनों,दोस्तों व रिश्तेदारों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और कई संदिग्धों के फोन कॉल की जांच की। काफी मशक्कत के बाद जहांगीरपुरी इलाके से किशोरी को ढूंढ लिया। पूछताछ से पता चला है कि पीड़िता १२वीं कक्षा की छात्रा है। उसके पिता ड्राइवर हैं और उसकी मां घरेलू नौकरानी का काम करती है। उसके माता-पिता उसे मोबाइल इस्तेमाल करने नहीं देते थे और उसे बाहर भी नहीं जाने देते थे। वह अपने माता-पिता को बताए बिना घर से निकल गई।




श्री रामलीला महासंघ की बैठक कांस्टीयूशन क्लब नई दिल्ली में महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार की अध्यक्षता में हुई।

# सेना शौर्य ऑपरेशन सिन्दूर की गाथा दिखगाएंगी रामलीलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी की समस्त रामलीला कमेटियों की संस्था श्री रामलीला महासंघ की एक विशेष बैठक कांस्टीयूशन क्लब नई दिल्ली में महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

रामलीला आयोजन के दौरान होने वाली समस्याओं का एक मंच पर निवारण करने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में चांदनी चौक क्षेत्र के सांसद प्रवीण खण्डेलवाल विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस बैठक में कमेटियों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्यों से सांसद एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया। श्री रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली सरकार कावड़ सेवा एवं दिल्ली हज को सभी सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान करती है। उसी प्रकार प्रभु श्रीराम का संदेश घर-घर पहुंचाने में वर्षों से लगी रामल. ीला कमेटियों को भी बिजली, पानी, ग्राउंण्ड, सफाई आदि भी सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जाये।

उन्होंने बताया कि मुगलों और अंग्रेजों के शासन काल में भी रामलीलाओं को सभी सुविधाएं नि:शुल्क मिलती थी। दिल्ली की रामलीला कमेटियां रामल. ीला में सेना शौर्य आपरेशन सिन्दूर की गाथा दिखायेगी।

महासंघ अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष डीडीए आन लाईन बुकिंग रामलीलाओं के लिए ग्राउण्ड १० दिन से ज्यादा बुक नहीं किये, कुछ रामलीला ग्राउण्ड आक्शन के लिए रिजर्व किए। रामलीला मंचन की तैयारियों के लिए कम से कम ४५ दिन लगते हैं, डीडीए एवं अन्य सभी विभाग 45 दिनों के लिए ग्राउण्ड नि:शुल्क बुक करें।

दिल्ली पुलिस द्वारा रामलीलाओं के लिए लाईसेंस आवेदन बहुत कठिन प्रकिया है, लाईसेंस सरल किया जाये और जिला स्तर पर एप्लाई किया जाये। इसी तरह दिल्ली की बिजली कम्पनी रामलीलाओं के लिए बिजली उपलब्ध कराने के लिए बहुत ही जटिल प्रक्रिया है उसे भी आसान किया जाये। अर्जुन कुमार ने प्रवीण खण्डेलवाल सांसद को सभी समस्याओं से अवगत कराया कि हर वर्ष रामलीलाओं को सभी एजेंसी के आदेश के कारण रामलीला कमेटियों को परेशानियां उठानी पड़ती।

# 121 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा, डिपोर्ट किया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे १२१ बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने जानक. ारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं। वहीं इस मामले पर पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि देश में बाहर से आकर रह रहे अवैध प्रवेश और ठहरने में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध सिंडिकेट की जांच के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में भी मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। जानकारी के लिए बता दें कि बीती १५ मई को दिल्ली में पुलिस ने छह जिलों में तीन दिनों के अंदर ३६१ से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा था। इनमें से ज्यादातर को बांग्लादेशी वापस डिपोर्ट कर दिया गया है।

कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने तक बाकी को लामपुर और शाहजादपुर स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। जांच में बांग्लादेश से भारत में घुसने का नया रूट भी सामने आया है। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया था कि बाहरी जिला पुलिस ने सबसे ज्यादा २०० से ज्यादा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा उत्तर जिला पुलिस ने ४६, द्वारका जिला पुलिस ने २५ से ज्यादा, दक्षिण जिला पुलिस ने ४० से ज्यादा पकड़ेग गए।

## वकील ने की खुदकुशी, सुसाइड नोट मिला

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में एक वकील ने पारिवारिक कलह के कारण खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके परिवार वालों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उन्होंने खुदकुशी का कारण भी लिखा है। जानकारी के मुताबिक अलीपुर पुलिस को सुबह खुदकुशी की कॉल मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कमरे में पंखे से लटके शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान विवेकानंद के रूप में हुई। वह रोहिणी कोर्ट में वकालत कर रहे थे। विवेकानंद लखनऊ के रहने वाले थे और अलीपुर में किराए के मकान पर रह रहे थे।

# दो कंपनियों को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोक निर्माण विभाग ने राष्ट्रीय सीमेंट और निर्माण सामग्री परिषद (एनसीसीबीएम) और एक निजी ठेकेदार को २०१६-१७ में द्वारका-१९ में न्यायिक आवासीय परियोजना में खराब निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रतिबंधित कर दिया है। पीडब्ल्यूडी ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा कि उसने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सरकारी एनसीसीबीएम और निजी ठेकेदार को पीडब्ल्यूडी कार्य की निविदा प्रक्रिया से रोकने का निर्णय लेने से पहले कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था,जवाब मिलने पर उसकी जांच की गई। उसके बाद कार्रवाई की गई है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने इससे पहले परियोजना की देखरेख कर रहे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नौ दोषी अधिकारियों के खिलाफ आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। उनके खिलाफ एफआइआर की तैयारी चल रही है। पीडब्ल्यूडी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आवासीय परिसर के निर्माण के दो वर्षों के भीतर ही प्लास्टर में दरारें आ गईं और लगभग चार वर्षों के अंतराल में संरचनात्मक भागों में संकट शुरू हो गया। जहां कंक्रीट खराब हो गई और लोहे में जंग लग गया।

वहीं, पिछले साल अपनी आंतरिक जांच में पीडब्ल्यूडी ने पाया कि २०१८ से लगभग ३० करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी परिसर खाली पड़ा है, संरचनाओं में दरारें आने लगी हैं और इमारत अस्थिर है। पिछले साल दिसंबर में पीडब्ल्यूडी ने द्वारका सेक्टर १९ में २०१६ में बने न्यायिक क्वार्टरों को ध्वस्त कर दिया था। पांच टावरों में ७० क्वार्टरों वाले न्यायिक अधिकारियों के लिए सात मंजिला अपार्टमेंट का सर्वेक्षण २०२३ में तैयार टावरों का कब्जा सौंपने से पहले किया गया था।

# फातिमा शेरवानी को फिक्की अचीवमेंट अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** जब जुनून हो अपनी जुबान से मोहब्बत का, और मार्गदर्शन मिले एक संवेदनशील और साहित्यिक माहौल से, तब नतीजा दिल खुश करने वाला होता है और ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि जो समाज में प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। फेस इस्लामिक कल्चरल कम्युनिटी इंटीग्रेशन ने शिक्षा और भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए शरिया फातिमा शेरवानी को कक्षा 10वीं में उर्दू विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने पर फिक्की अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।

यह अवार्ड फिक्की के फाउंडर चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी और फाइनेंस डायरेक्टर शबाना अजीम के कर-कमलों से शरिया को प्रदान किया गया। डॉ० अंसारी ने इस अवसर पर कहा, आज जब देशभर में उर्दू भाषा के साथ उपेक्षा और भेदभाव का माहौल है, ऐसे में किसी विद्यार्थी का इस विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करना न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि एक सामा. जिक संदेश भी है कि उर्दू आज भी जीवंत है। शबाना अजीम ने अपनी बात में कहा, "जब हम विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हैं तो उनके अंदर आगे बढ़ने की प्रेरणा और आत्मविश्वास दोग. ुना हो जाता है। शरिया फातिमा जैसे छात्र ही समाज की उम्मीद होते हैं, और हमें विश्वास है कि वह आगे भी इसी तरह अपनी मेहनत से नए कीर्तिमान स्थापित करेंगी। इस मौके पर शरिया फातिमा शेरवानी ने भी भावुक शब्दों में अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, "उर्दू से मेरा जुड़ाव स्वाभाविक था, क्योंकि मेरे वालिद सादिकष् शेरवानी साहब एक जाने-माने उर्दू पत्रकार हैं। उनके जरिए ही मैंने उर्दू की शान और गहराई को महसूस किया। उर्दू मेरे लिए सिर्फ एक विषय नहीं, बल्कि सम्मान की बात रही है और शायद इसी इज्जत ने मुझे इसे गहराई से समझने और पढ़ने की प्रेरणा दी। आज 10वीं कक्षा में 100 में से 100 अंक लाकर मैं बेहद गर्व महसूस कर रही हूँ।"

## 'आप' नेता सपने बुनने में माहिर हैं: भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी नेता सपने बुनने एवं बेचने में माहिर हैं और दिल्ली की जनता द्वारा हाल ही में ठुकराये मनीष सिसोदिया एवं सौरभ भारद्वाज का २०२७ में दिल्ली नगर निगम चुनाव जीतने का दावा हास्यास्पद ही नही है राजनी. तिक रूप से भी तर्कहीन है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की २०१७ से २०२२ तक यही सब 'आप' नेता २०२२ में बड़े बहुमत से दिल्ली नगर निगम चुनाव जीतने का दावा करते रहे पर जब चुनाव का नतीजा आया तो वह बहुत मामूली बढ़त ले पाये। उस जीत के बाद 'आप' नेताओं ने दिल्ली नगर निगम की सेवाओं को ठप्प कर दिया और परिणाम स्वरूप दिल्ली की जनता ने हाल ही में ष्आपष की दिल्ली सरकार को बुरी तरह हरा दिया।आपष नेतृत्व लगातार दिल्ली नगर निगम की ही नही अपने पार्षदों की भी उपेक्षा करता रहा और उसी के चलते पार्टी का निगम दल दो फाड़ हो गया है और मनीष सिसोदिया एवं सौरभ भारद्वाज का आज का ब्यान केवल अपने बचे कुचे पार्षदों को बांधे रखने का प्रयास है।

## गैंगस्टर छेनू गैंग के करीबी बदमाशों को सीलमपुर से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू गैंग के दो वांछित बदमाशों जाफराबाद के रहने वाले समीर उर्फ खोपड़ा और रजा उर्फ राजा को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर सीलमपुर इलाके से चोरी स्कूटी और १७ महंगे मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। दोनों आरोपी जाफराबाद पुलिस के घोषित बदमाश हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील कुमार कालखंडे के निर्देशन में पुलिस टीम बदमाशों के बारे में जानकारी जुटा रही थी। एसआई सुभाष चंद को दोनों आरोपियों के सीलमपुर इलाके में घूमने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने दोनों को आशाराम त्यागी मार्ग, सीलमपुर के पास घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि बीते जनवरी महीने में, समीर उर्फ खोपड़, मंडोली स्थित सेंट्रल जेल में बंद रहते हुए, अपने एक सहयोगी भरत शर्मा के साथ मिलकर सुहैल उर्फ चप्पल पर हमला किया और उसे चाकू मार दिया, जो उनके प्रतिद्वंद्वी 'हाशिम बाबा गैंग' का सदस्य था। उसी जेल में बंद था। सुहैल उर्फ चप्पल ने २०२५ में छोटा रिजवान नामक एक व्यक्ति की हत्या की थी। १३ अगस्त, २०२४ को जाफराबाद में। छोटा रिजवान छेनू गैंग का एक प्रमुख सदस्य था।

# कुतुब गोल्फ कोर्स के फिटनेस सेंटर की मेम्बरशिप डीडीए ने खोली आम जनता के लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली में प्रेस एन्क्लेव रोड पर हाई-एंड कुतुब गोल्फ कोर्स की जिम सदस्यता को दिल्ली विकास प्राधिकरण ने आम जनता के लिए खोल दिया है, इसकी वार्षिक फीस ७०,८०० रुपये है। प्रतिमाह इसके प्रवेश शुल्क तथा अन्य शुल्कों में भी संशोधन किया गया है। डीडीए द्वारा प्रबंधित इस कोर्स में नए क्लब हाउस में एक अच्छी तरह से बनाए रखा गया फिटनेस सेंटर भी है, जहां से पुराने हेरिटेज क्लब हाउस सहित हरे-भरे गोल्फ कोर्स का आकर्षक दृश्य दिखाई देता है। डीडीए के ब्रा. ेशर में कहा गया है, षफिटनेस सेंटर (जिम) पूरी तरह से अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है और इसका माहौल सदस्यों को अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने फिटनेस लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। जिम पूरी तरह से वातानुकूलित है, जिसमें चेंजिंग रूम, लाकर, सौना, स्टीम बाथ और अन्य सुविधाएं हैं। एक रेस्तरां और एक बार भी उपलब्ध है। डीडीए के अनुसार, २०० जिम सदस्यताएं प्रदान की जा रही हैं। सदस्यों को भोजन और पेय पदार्थों की सुविधा भी मिलेगी। साथ ही वे १०० रुपये प्रति अतिथि के भुगतान पर अधिकतम पांच अतिथियों को ला सकते हैं।

डीडीए ने इस वर्ष एक जून से ग्रीन फीस, प्रवेश शुल्क, गोल्फ कार्ट शुल्क, बुकिंग शुल्क, प्रदर्शन शुल्क और ऐसे अन्य शुल्कों में वृद्धि की भी घोषणा की है। एक अलग सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब सरकारी श्रेणी के लिए आजीवन प्रवेश शुल्क ५.५० लाख रुपये है, तीन साल के लिए यह १.६५ लाख रुपये है, पांच साल के लिए २.७५ लाख रुपये है और मासिक सदस्यता शुल्क १,३२० रुपये है। गैर-सरकारी श्रेणी के लिए आजीवन प्रवेश शुल्क १६.५० लाख रुपये है, तीन साल के लिए ४.९५ लाख रुपये, पांच साल के लिए ८.२५ लाख रुपये और मासिक शुल्क १,९८० रुपये है।



## मालिक के तीस लाख लेकर भागा चालक गुजरात से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिलक नगर में तीस लाख रुपये लेकर फरार कार चालक प्रिंस को तिलक नगर पुलिस ने भुज,गुजरात से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से २५ लाख ९५ हजार ५०० रुपए, दो सोने की अंगूठियां और नया मोबाइल बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १५ मई को तिलक नगर पुलिस को शिकायतकर्ता ने अपने ड्राइवर प्रिंस पर ३० लाख रुपये लेकर फरार होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी सुदंर राठी की देखरेख में इंस्पेक्टर बिनीत पांडे के निर्देशन में एसआई सुनील मोर, हेड कांस्टेबल राजबीर और कांस्टेबल धनेश को आरोपी को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। चालक के फोन को सर्वलांस पर लगाकर उसकी लोकेशन पता करने की कोशिश की। सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। आरोपी को भुज, गुजरात से गिरफ्तार किया। आरोपी प्रिंस ड्राइवर के रूप में काम करता था। वह १०वीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है और पिछले छह महीनों से शिकायतकर्ता के साथ काम कर रहा था।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# बड़े पार्क या चौराहे के नामकरण होगा रानी अहिल्याबाई जी के नाम परः मेयर

**गाजियाबाद।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति में महापौर सुनीता दयाल को कार्यक्रम का आयोजन करना है जिसमे सर्वदलीय पार्षद भी रहेंगे पूर्ण रूप से शामिल और इसके लिए 30 मई 2025 सुबह 10 बजे कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया है जिसके लिए आज महापौर ने सभी मा. पार्षद के साथ बैठक की है और सभी पार्षदों को कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी दी है सभी पार्षदों को 50-50 समाज के प्रबुद्ध लोगो को कार्यक्रम में शामिल करना है जिसमें महिलाएं और युवा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे ताकि देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की जीवन किस प्रकार सर्वसमाज के लिए समर्पित रहा और किस प्रकार उन्होंने अंग्रेजी सरकार में भी आपके धर्म के प्रति कार्य किया।



कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से चल रही है और कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोग उपस्थित होंगे एवं कार्यक्रम का आयोजन भी भव्य होगा और देवी अहिल्याबाई जी के जीवन पर महिलाएं साहित्य करेंगी। साथ ही शहर में किसी बड़े पार्क या चौराहे के नाम को देवी अहिल्याबाई होल्कर चौक के नाम से भी जाना जाएगा जिसका प्रस्ताव मा.सदन की बैठक में पास किया जाएगा।

महापौर ने पार्षदों की बैठक के बाद पाल समाज के लोगो के साथ भी बैठक की जिसमे शहर के अलग अलग स्थानों से लोग आए एवं महापौर ने उनको बैठक के विषय मे अवगत भी कराया जिसमें बताया कि देवी अहिल्याबाई होल्कर जी का 30 मई को कार्यक्रम है और यह बहुत गौरवान्वित विषय है क्योंकि रानी अहिल्याबाई जी आपके समाज की हैं वह देश मे महान व्यक्तित्व की महिला थी महिलाओं के लिए प्रेरणादायक रही है और ऐसे लोग किसी एक धर्म के नही बल्कि सर्वधर्म के लिए पूजनीय होते हैं।

आप सभी से आग्रह है कि आपके समाज के लोग शहर से हर कोने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का कार्य करें उक्त कार्यक्रम में आपकी अहम भूमिका है जिसपर आपको खरा उतरना है।

इस दौरान पार्षद विरेन्द्र त्यागी, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद राज कुमार नगर ,पार्षद नरेश जाटव, मनोज गोयल, राजकुमार चौधरी, पार्षद पवन गौतम, पार्षद रेखा गोस्वामी, पार्षद बीना गौतम, पार्षद देवनारायण शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद कन्हिया लाल, पार्षद शीतल चौधरी, पार्षद सुमनलता पाल, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद शशि खेमका, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद साजिदा, पार्षद सुनैना चौहान, पार्षद मनोज त्यागी, बिजेन्द्र चौहान, पार्षद राजीव भाटी, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद हरीश कराकोटी, पार्षद अनिल तोमर, थान सिंह,पार्षद सुभाष चौधरी, पार्षद धिरेन्द्र यादव, पार्षद प्रवीण मुलायम, पार्षद अजीत निगम, पार्षद अनुज त्यागी, पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद नितिन कुमार,पार्षद जयकिशन पाल, पार्षद उदित मोहन, पार्षद विनिल दत्त, पार्षद नीलम, पार्षद सतेन्द्र चौधरी, पार्षद राजकुमार, पार्षद संतोष राणा, पार्षद हिमांशु चौधरी, जयकिशन पाल, राजेन्द्र पाल, ब्रजपाल, सुरेश पाल, सौदान पाल, राजपाल सिंह पाल, उत्तम सिंह पल, ओमवीर सिंह पाल, सुभाष पाल, चंद्रपाल, देवेंद्र पाल, सुरेश पाल, हरीश पाल आदि उपस्थित रहे।

जीडीए का बड़ा एक्शन

## मोदीनगर क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 23.05.2025 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में मलकीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह, ब्रजेश शर्मा पुत्र ब्रम्हदत्त शर्मा व अरूण तोमर, ग्राम अबूपुर मोदीनगर के द्वारा खसरा संख्या-224, के लगभग 10.00 बीघा क्षेत्रफल में, सतीश शर्मा, केशव शर्मा व बबीता, ग्राम-काजमपुर मोदीनगर के खसरा सं0-99/1 के 10.00 बीघा क्षेत्रफल में एवं अजय कुमार, ओमवीर शर्मा व अमित गुप्ता, ग्राम-सीकरी कला, मोदीनगर गाजियाबाद के खसरा संख्या-423 व 472 पर लगभग 15.00 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी विकसित करने के लिये सड़कों के निर्माण हेतु मिट्टी भराई व चिनाई कर अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।

उक्त अवैध कॉलोनी में कॉलोनाइजरो द्वारा बनाई गई सड़क बाउंड्रीबॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कॉलोनाइजर/ निर्माणकर्ताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया , परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विक. सित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय करने पर होने वाली धनहानि एवम धोखाधड़ी के लिए क्रेता स्वम् जिम्मेदार होगा। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण, समस्त सुपरवाईजर/ मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

## तूफानी कहर के बाद, नगर निगम की मुस्तैदी से बहाल हुआ जनजीवन

**गाजियाबाद।** बुधवार रात आए तेज आंधी, ओलावृष्टि और बारिश ने गाजियाबाद शहर का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा के चलते कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, सिगनेज व होर्डिंग्स टूटकर बिखर गए। हालात को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम ने तत्परता दिखाते हुए रात्रि में ही अलर्ट मोड पर कार्य शुरू कर दिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम की 25 टीमों को तुरंत सड़कों पर तैनात किया गया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि बिना किसी देरी के व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए रात में ही कार्यवाही शुरू की जाए।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने जानकारी दी कि तेज तूफान के कारण लगभग 120 पेड़ गिर गए, जिससे कई मार्ग अवरुद्ध हो गए। उद्यान विभाग की टीम ने माली, सुप. रवाइजर, उद्यान निरीक्षक और प्रभारी के साथ मिलकर रातभर कार्य करते हुए गिरे हुए वृक्षों को हटाया। ट्रैफिक व्यवस्था को सामान्य करने में भी विभाग ने अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही, नगर निगम द्वारा 22 से अधिक जेसीबी और बुलडोजर लगाए गए ताकि सड़कों से अवरोध हटाए जा सकें। स्वास्थ्य विभाग ने सफाई मित्रों की टीम के साथ मिलकर सफाई व्यवस्था को संभाला। तूफान के चलते कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई थी, जिसे देखते हुए जलकल विभाग ने तत्काल प्रभाव से 60 पंपसेट लगाकर जल निकासी का कार्य किया। प्रकाश विभाग की टीम ने गिरे हुए बिजली के खंभों को हटाने का कार्य रातभर जारी रखा।

# कोरी समाज के सम्मेलन का आयोजन 25 मई को

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित रहेगी गणमान्यों की उपस्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कोरी समाज के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में बताया गया कि कोरी समाज द्वारा दिनांक 25 मई रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में भव्य कोरी समाज सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कोरी समाज के गणमान्य पदाधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



कोरी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट लेखराज माहौर ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रशासन द्वारा कोरी/कोली/जुलाहा समाज के जाति प्रमाण पत्र न बनायें जाने की मांग को प्रमुखता से उठाना है। इसके अतिरिक्त समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। वार्ता में भाजपा के प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने कहा कि समाज को संगठित होकर अपनी बात सरकार तक पहुँचानी चाहिए, यह सम्मेलन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री, विशिष्ठ अतिथि के रूप में सुनील शर्मा, कैबिनेट मंत्री असीम अरुण, समाज कल्याण मंत्री

नरेन्द्र कश्यप पिछडा वर्ग कल्याण मंत्री समाज के सम्मानित जनप्रतिनिधियों में सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, अजीत पाल सिंह, मंजू सिवाच, नन्द किशोर गुर्जर। भाजपा जिलाध्यक्ष चौन पाल सिंह, प्रदेश संयोजक अजय शर्मा सहित अन्य जनप्रति. निधियों की उपस्थिति भी सम्मेलन में रहेंगे।

वार्ता के दौरान आयोजक मंडल के अध्यक्ष लेखराज माहौर एडवोकेट, उपाध्यक्ष चम्मा माहौर, कृपाल सिंह, किशन सिंह माहौर, व सुरेश कोरी, महामंत्री धनपाल सिंह कोरी व कोषाध्यक्ष लेखराज तंतवार व मंत्री राकेश कोरी , विजय माहौर, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

भिखारी मुक्त बनेगा रेलवे स्टेशन

## बच्चों के हाथ में अब कटोरे की जगह होगी किताब और कलम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को अब कटोरा लिए बच्चों की झुंड नहीं दिखेगी। स्टेशन पर भीख मांगने वाले बेसहारा बच्चों के हाथों में अब कलम और किताब होगी, और उनके कंधों पर स्कूल बैग लटकता नजर आएगा। जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से एक अहम अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य स्टेशन को भिखारी मुक्त बनाना और बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना है।

इस अभियान में स्थानीय एनजीओ का भी महत्वपूर्ण सहयोग लिया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर बच्चों से भीख मंगवाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्टेशन पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक यात्री आते हैं और 200 से ज्यादा ट्रेनें गुजरती हैं। अनुमान है कि स्टेशन परिसर में एक हजार से अधिक भिखारी सक्रिय हैं, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं।

बैठक में तय किया गया है कि स्टेशन पर मिलने वाले बेसहारा बच्चों को बाल कल्याण समिति के सहयोग से रेस्क्यू किया जाएगा और उनका स्कूल में दाखिला कराया जाएगा। एनजीओ उनकी शिक्षा और पुनर्वास में सहयोग करेगा। बच्चों को भीख मांगने से रोक कर उन्हें आत्मनिर्भर और शिक्षित नागरिक बनाया जाएगा।

अभियान का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जो लोग शारीरिक रूप से सक्षम हैं और फिर भी भीख मांगते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों की काउंसलिंग की जाएगी और उन्हें रोजगार दिलाने में सहयोग दिया जाएगा। इसके लिए सेवा योजन विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। स्टेशन परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति भीख मांगने के इरादे से स्टेशन में प्रवेश करता है, तो उसे बाहर कर दिया जाएगा। बिना प्लेटफार्म टिकट के स्टेशन में प्रवेश करने वाले भिखारियों को अवैध रूप से प्रवेश करने वालों के तहत चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में व्हाइट कोट एंड एकेडमिक अवार्डस सेरेमनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में गत वर्षो की भाँति बीडीएस पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए व्हाइट कोट एवं एकेडमिक अवार्डस सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस समारोह में बीडीएस तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को आधिकारिक तौर पर क्लीनिक की जिम्मेदारी सौपी गयी तथा सभी विद्यार्थियों को क्लीनिक में प्रवेश करने से पहले शपथ द्वारा चिकित्सा नैतिकता का पालन करने तथा रोगियों के लिये लाभकारी होने की प्रतिज्ञा दिलायी गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉ अखिलेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा चेयरमैन आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप, डॉ आर पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी सहित सभी दंत विभागों के एचओडी एवं दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

इसके बाद डॉ पीयूष कुमार, डीन-यूजी स्टडीज ने सभा को संबोधित किया एवं उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को व्हाइट कोट समारोह के महत्व को समझाया और विद्यार्थियों की एकेडमिक उपलब्धियों को विस्तार से बताया। इसके पश्चात, डॉ पायल शर्मा, डीन-सीडीई, एलुमनाई एंड रिसर्च ने सभी विद्यार्थियों की साइंटिफिक एवं को-करिकुलर उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इसके बाद कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ अखिलेश मोहन एवं चेयरमैन आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप, डॉ आर पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ के बीडीएस पाठ्यक्रम के टॉपर्स तथा कॉलेज के बीडीएस पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को रैंक इम्प्रूवमेन्ट अवार्ड के रूप में प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया।

इसके बाद डॉ सोनाली तनेजा, डीन-पीजी स्टडीज द्वारा बीडीएस तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करायी तथा उनको बधाई दी। इसके बाद वार्षिक फैकल्टी एप्रिसिएशन एवं रिसर्च पुरस्कार संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी द्वारा वितरित किये गए। साथ ही नये क्लीनिकल विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ अखिलेश मोहन, चेयरमैन, डॉ आर पी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार में रेरा प्रशिक्षण का दूसरा दिन सम्पन्न





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में संचालित रेरा, रियल एस्टेट (रेगुलेशन एण्ड डेवलपमेंन्ट) एक्ट-2016 (RERA) से सम्बन्धित प्रशिक्षण के दूसरे दिन आज दिनांक 23.05.2025 को राजेश मेहतानी जी द्वारा एक्ट के प्राविधानों के तहत OC/CC (Occupation Certificate/ Complication Certificate) के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से समझाया गया, कि टारगेट पूर्ण न होने की दशा में तीन माह के बाद भी QPR (Quaterly Project Report) को बढाया जा सकता है तथा टारगेट को अपडेट किया जा सकता हैं। इसके साथ ही सुपर एरिया, कॉमन एरिया एवं कारपेट एरिया के सम्बन्ध में विस्तृत व्याख्यान देते हुये प्रशिक्षण में कॉमन एरिया एवं कारपेट एरिया के अंतर को बताया गया। कॉमन एरिया जिसमें किसी अपार्टमेंट की वाह्य दिवारों द्वारा आवंटित क्षेत्र, सर्विस सॉफ्ट के अधीन के क्षेत्रों, अन्य बालकनी या बरामदें के क्षेत्रों खुले टैरेस आदि का क्षेत्र आता है एवं कारपेट एरिया के किसी भी फ्लैट की आंतरिक दिवारों के माध्यम से तैयार क्षेत्र आता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि फ्लैट मालिक का हक उनके फ्लैट के अन्दर के हिस्से से है। कॉमन एरिया मे फ्लैट मालिक का समानुपातिक हिस्सा होते हुये भी कॉमन एरिया में किसी प्रकार का निर्माण अनुमन्य नही होगा। कॉमन एरिया पर अपार्टमेंट के लिये चयनित एओए का होगा, जिस पर एओए द्वारा आवश्यकतानुसार फ्लैट मालि. कों के हितों का ध्यान रखतें हुये कॉमन एरिया का उपयोग किया जा सकेगा एवं रेरा एक्ट में सुपर एरिया का प्रावधान नही है और ना ही मान्य है। आज के प्रशिक्षण के समय प्राधिकरण के मुख्य अभियन्ता, समस्त अधिशासी अभियन्तागण, विशेषकार्याधिकारी, सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्तागण, विधि अधिकारी के साथ समस्त लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी भी उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। उक्त कार्यशाला दिनांक 24.05. 2025 को भी नियत स्थान व समय पर आयोजित की जायेगी।

## 24 दिनों से लापता व्यक्ति की हत्या की आशंका

### जले हुए अवशेष और कपड़े मिलने से सनसनी

**मोदीनगर।** क्षेत्र के सीकरी कलां गांव में एक संदिग्ध और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें 40 वर्षीय उमाशंकर शर्मा उर्फ बादल पिछले 24 दिनों से लापता थे। अब उनकी हत्या कर शव को जलाने की आशंका जताई जा रही है। यह मामला क्षेत्र में दहशत और सन्नाटा फैला रहा है। परिवार के अनुसार, उमाशंकर 27 अप्रैल को अपने घर से निकले थे और इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लग सका। उनके छोटे भाई दुष्यंत शर्मा ने बताया कि गांव के कुछ युवकों ने बीती रात उन्हें सूचना दी कि उमाशंकर की हत्या कर दी गई है और शव को जला दिया गया है।

इस सूचना के आधार पर परि. जनों ने तुरंत मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने खोजबीन शुरू की और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से करीब 500 मीटर दूर, हेरिटेज पब्लिक स्कूल के पीछे के क्षेत्र में जले हुए अवशेष बरामद किए। वहां से एक जली हुई टी-शर्ट और मानव अंगों जैसे खोपड़ी व अन्य हिस्सों के अवशेष पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई है।

दुष्यंत ने बताया कि उमाशंकर की पत्नी का निधन 8 साल पहले हो गया था और उनके तीन बच्चे अब दुष्यंत के साथ रह रहे हैं।



पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज किया है और घटनास्थल से प्राप्त अवशेषों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फॉरेंसिक जांच से यह स्पष्ट होगा कि अवशेष मानव के हैं या नहीं। यदि मानव अवशेष की पुष्टि होती है, तो डीएनए जांच कराई जाएगी, ताकि यह तय हो सके कि ये अवशेष उमाशंकर के हैं या किसी और के।फिलहाल, पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और कई संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। गांव में इस घटना से हड़कंप मचा हुआ है और लोग दहशत में हैं।

## मोदीनगर में हुआ भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन, हजारों लोग हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति और गर्व से ओतप्रोत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मोदी मंदिर से प्रारंभ होकर राज चोपला तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य भारतीय सेवा के अद्वितीय शौर्य और पराक्रम- विशेषत: ऑपरेशन सिंदूर में शामिल वीर जवाना. '-को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी चैनपाल सिंह, जिला अध्यक्ष - गाजियाबाद रहें, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने किया। उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन में सम्पूर्ण यात्रा राष्ट्रभक्ति के उमंग से सराबोर रही। चौधरी चैनपाल सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह आयोजन यह दर्शाता है कि मोदीनगर की जनता अपने देश के सच्चे रक्षकों के साथ खड़ी है। तिरंगा हमारे गौरव, सम्मान और एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि हमारे सैनिकों के अद्वितीय शौर्य और बलिदान को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर हमारे सैन्य बलों के अदम्य साहस और निष्ठा का प्रतीक है। यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर जवानों को और युवाओं के लिए राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली,पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, मण्डल अध्यक्ष आकाश शर्मा, सतेन्द्र त्यागी, नितिन मित्तल, नीरज त्यागी, देवेंद्र चौधरी, नवेंद्र गॉड,अमित चौधरी और हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक, डॉक्टर्स, टीचर्स, एडवोकेट, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने इस यात्रा को एक ऐतिहासिक जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। पूरे मार्ग में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष गूंजते रहे, जिससे समूचा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा, एकता और गौरव की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।






# पं. अभय रुसतम सोपोरी की सुरमयी प्रस्तुति, नेहरू वर्ल्ड स्कूल में स्पिक मैके 2025

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में स्पिक मैके के सहयोग से एक विशेष संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रख्यात संतूर वादक पं. अभय रुसतम सोपोरी ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। पं. सोपोरी जोयनाइटिड नेशन महात्मा गाँधी ग्लोबल पीस अवार्ड, नेशनल अटल शिखर सम्मान ए राधाकृष्णन नेशनल अवार्डए भरत शिरोमणि अवार्ड एवं जम्मू कश्मीर स्टेट अवार्ड से सम्मानित हैं।



इस कार्यक्रम में पं. सोपोरी जी का साथ तबले पर सचिन शर्मा ने दिया, पखावज पर ऋषि शंकर उपाध्याय थे, जिनके सहयोग से प्रस्तुति और भी भावपूर्ण हो गई। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान नेहरू वर्ल्ड स्कूल की कार्यकारी प्रमुख सुजन होम्स और निदेशक प्रशासन के० पी० सिंह ने उपहार व पुष्प देकर किया। पं. सोपोरी का यह प्रदर्शन न केवल संगीत बल्कि एक शिक्षाप्रद अनुभव भी रहा। उनक संतूर की मधुर धुनों ने कक्षा 10 से 12 के छात्रों को एक घंटे से भी अधिक समय तक मंत्रमुग्ध रखा।

पं. प्रसन्ना ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के विभिन्न पहलुओं पर छात्रों को जानकारी दी, जैसे कि रागों की संरचना, सुरों का संयोजन, और संगीत की गहरी परंपरा। उन्होंने छात्रों को संगीत का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए अपने वादन को अत्यंत संवादात्मक रखा, जिससे बच्चे भी इस अनुभव का हिस्सा बन सके।

छात्रों ने विशेष रूप से पं. सोपोरी जी की सादगी और सहजता से प्रभावित होकर भारतीय शास्त्रीय संगीत को करीब से समझने का अवसर पाया। उनके सवालों का उत्तर देते हुए पं. प्रसन्ना ने हर जानकारी को सरल और रोचक बना दिया, जिससे छात्रों में शास्त्रीय संगीत के प्रति न केवल रुचि बल्कि एक नई समझ भी विकसित हुई।

इस आयोजन ने बच्चों को संगीत के प्रति एक गहरे जुड़ाव का अनुभव कराया और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को आत्मसात करने का एक अनमोल अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे सीनियर स्कूल पिंसीपल, मंजुला सिंह ने प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने शास्त्रीय कलाकारों को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया जिन्होनें नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत समझाने की जिम्मेदारी उठाई है। स्कूल ने इस अद्भुत आयोजन के लिए की सिटी कोऑर्डिनेटर, आभा बंसल को भी धन्यवाद दिया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।

**संबंध विच्छेद**

मैं मेहर सिंह पुत्र स्व. नत्थू सिंह निवासी- मौहल्ला प्रीत विहार, भटनागर वाली गली मुरादनगर थाना- मुरादनगर जिला-गाजियाबाद अपनी पुत्री काजल को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलकर कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में अपने कृत्यों की ये स्वयं जिम्मेदार होगी।

## डंपिंग ग्राउंड के खिलाफ भड़का जन आक्रोश

**गाजियाबाद।** ग्राम ढबारसी, समयपुर और अकलपुर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे डंपिंग ग्राउंड के खिलाफ स्थानीय लोगों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब 40 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आक्रोश अब और अधिक उग्र होता जा रहा है। बीते दिन आई तेज आंधी और बारिश ने डंपिंग ग्राउंड की निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल और टीन शेड को तहस-नहस कर दिया। उड़ते हुए टीन शेड आसपास के खेतों और रिहायशी इलाकों में जा गिरे, जिससे जान-माल के नुकसान की आशंका बन गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उस समय कोई व्यक्ति वहां मौजूद होता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोगों ने नगर निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना पर्याप्त सुरक्षा उपायों के यह परियोजना चलाई जा रही है, जिससे क्षेत्र में खतरे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विरोध कर रहे लोगों ने मांग की है कि इस डंपिंग ग्राउंड की योजना को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।

# बिहार में प्यारः दिल्ली में प्रेमी का प्रेमिका के पति ने किया मर्डर, पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दो साल पहले बिहार में शादी में जान पहचान हुई और अब दिल्ली जब प्रेमी अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने आया तो प्रेमिका ने पति के दबाव में प्रेमी को जंगल में बुलाया। जिसके सामने पति ने प्रेमी की सिर पर रॉड मारकर हत्या कर दी। लाश को जंगल के तालाब में फैंक दिया। मैदानगढ़ी पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल लोहे की रॉड, दंपत्ति के खून से सने कपड़े,मृतक का टूटा फेन व चेक बुक बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार रात दस बजे मैदान गढ़ी पुलिस को इलाके में रहने वाले अनिल नामक युवक ने अपने भाई अरुण महतो की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। अनिल ने बताया कि बीते १६ मई को उसका भाई अरुण बिहार से दिल्ली आया था। वह अपने रिश्तेदार नवीन के घर पर रह रहा था।

१८ मई की रात ११ बजे उससे फोन पर बात हुई थी,लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज किया। वीरवार साढे नौ बजे पुलिस को मैदान गढ़ी तालाब के पास वन क्षेत्र में, जहां जंगल के अंदर झाडियों के नीचे युवक का शव पड़ा मिला, जिसके सर पर चोट के निशान थे। अनिल ने शव की पहचान अरुण के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया। एसीपी रघुवीर सिंह की देखरेख में एसएचओ अमित कुमार के निर्देशन में इंस्पेक्टर दीपक पुरोहित,सुनील कुमार की टीम ने वारदात वाली जगह से फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। जंगल की तरफ आने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और डंप डाटा की जांच की। मृतक के भाई अनिल से एक बार फिर से बातचीत की। जिसने बताया कि जब वह दिल्ली आया था,तभी से वह नवीन के साथ रह रहा था।

नवीन से पूछताछ की गई। अरुण पटना बिहार में रहकर एल्युमिनियम की दुकान चलाता था। वह किसी व्यावसायिक कार्य से दिल्ली आया था। पुलिस ने नवीन के रिश्तेदारों के बारे में पता किया। फोन की कॉल डिटेल निकलवाकर हर एक कॉल को देखा। पता चला कि मृतक अरुण महतो का नवीन के मामा सुशील कुमार की पत्नी से नजायज संबंध थे। जो पत्नी के साथ मैदानगढ़ी इलाके में रहता है। दंपति के बारे में पता लगाकर दोनों को पकड़ा। जिन्होंने हत्या करने की बात मानी। पूछताछ करने पर पता चला कि बीते १८ मई की रात को सुशील की पत्नी के फोन पर कई मिस कॉल आ रही थी। जब सुशील ने देखा तो उसको शक हुआ। जांच की तो पता चला कि मोबाइल नंबर अरुण कुमार का है और उसकी पत्नी का अरुण कुमार के साथ नजायज संबंध था, जो देर रात उसकी पत्नी को फोन करता था। इसलिए उसने अरुण कुमार की हत्या करने का फैसला किया और उसकी पत्नी पर उससे बात करने का दबाव बनाया और उसे जंगल के पास बुलाया। जब अरुण महतो जंगल में अपनी पत्नी से मिलने आया तो उसने पीछे से लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार किया। इसके बाद उसने जेब से उसका मोबा. इल फोन और चेक बुक निकालकर पास में फेंक दिया था।

# सहेली के घर से सोने के गहनों पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मोती नगर क्षेत्र में सहेली के घर से दो बहनों ने साजिश कर ४० तोले सोने के गहने उड़ा लिए। एक आरोपी ने पीड़िता को मंदिर ले जाने के बहाने अपने साथ ले गई, जबकि दूसरी बहन पीड़िता के घर आकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने छानबीन के दौरान सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान कर दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से सारे गहने बरामद कर लिए हैं।

गिरफ्तार बहनों की पहचान रणजीत नगर निवासी करिश्मा और रोहिणी सेक्टर १८ निवासी शिप्रा के रूप में हुई है। करिश्मा तलाकशुदा है और अपने एक बच्चे के साथ रहती है। वहीं शिप्रा शादीशुदा है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि १८ मई को बसई दारापुर निवासी ४५ साल की महिला ने अपने घर के अंदर एक बंद अलमारी में रखे सोने के गहने चोरी की शिकायत की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि यहां वह अकेली रहती है और बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। उसने कुछ दिन पहले अपनी बहन के पास रखे अपने हिस्से के ४० तोले सोने के गहने लेकर आई थी। उसे वह अलमारी में रख दी थी। शिकायतकर्ता के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास गहने होने की जानकारी उसके मकान मालिक और उसकी सहेली करिश्मा को थी। उसने बताया कि १७ मई को वह करिश्मा की बहन शिप्रा के साथ झंडेवालान मंदिर गई थी, जहां से रात आठ बजे वापस आई। अगली सुबह उसने अलमारी की जांच की तो उसने पाया कि उसके सोने के गहने गायब हैं। पुलिस ने शिप्रा से फोन पर बात की। उसने मंदिर जाने की बात कबूल कर ली, लेकिन उसके बाद से अपना फोन बंद कर लिया। पुलिस को उस पर शक गहरा गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो फुटेज में करिश्मा कैद हो गई थी। पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी। पूछताछ में पहले तो वह शिकायतकर्ता के घर जाने की बात से इन्कार करती रही, लेकिन फुटेज की बात कहने पर उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

# गृह मंत्री ने फायर सर्विस के अधिकारियों संग की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने आज दिल्ली सचिवालय में दिल्ली फायर सर्विस की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में गृह विभाग के प्रधान सचिव, दिल्ली फायर सर्विस के निद. ेशक के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस बैठक में विभाग में दिल्ली फायर सर्विस की कार्यशैली और भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही दिल्ली फायर सर्विस के कार्यरत समर एक्शन प्लान पर गम्भीरता से काम करने के निर्देश भी दिए। बैठक के बाद मंत्री ने बताया कि आज की इस बैठक में दिल्ली फायर सर्विस के प्रशासनिक और वित्तिय विभाग के साथ ही मैनपावर बढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारी ली । उन्होंने बताया कि दिल्ली फायर सर्विस ने आधुनिक तकनीक से लैस करने के साथ ही फायर ब्रिगेड की नई गाड़ियों की खरीद पर निर्णय लिया जा रहा है। इसमें कुछ गाड़ियां विदेशी तकनीक और कुछ गाड़ी स्वदेशी तकनीक से लैस होंगी।

दिल्ली फायर सर्विस के निदेशक ने मंत्री को बताया कि दिल्ली में फिलहाल ६५ फायर स्टेशन हैं, जिसमें ३११ फायर यूनिट और २४२० लोग कार्यरत हैं। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों के काम करने की अवधि को कम करने करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि कर्मचारी और अधिक कर्मठता से काम करें। मंत्री ने यह भी बताया की आज बैठक में क्ळ, ब्क, पितम गृह मंत्रालय, नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस और दिल्ली फायर सर्विसेज के बीच एक ड ०न-पर हस्ताक्षर करने के विषय पर भी चर्च की गई।

इस समझौते के अंतर्गत दिल्ली फायर सर्विसेज में नई तकनीक के उपयोग, फायर सर्विसेज एक्ट में संसोधन, दिल्ली फायर सर्विसेज का अपग्रेड और दिल्ली फायर सर्विसेज को देश विदेश की आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। आशीष सूद ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि जैसे-जैसे दिल्ली की जनसंख्या बढ़ रही है वैसे-वैसे ही हमें आग पर काबू पाने के लिए नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग करना होगा।



दिल्ली के गृह मंत्री समर एक्शन प्लान को लेकर फायर सर्विस के अधिकारियों संग चर्चा करते हुए।

# 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए दो पुलिसकर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में समयपुर बादली ट्रैफिक सर्कल में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। आरोप है कि इन्होंने शिकायतकर्ता से ट्रैफिक चालान से प्रोटेक्शन के तौर पर ३० हजार रुपये की रिश्वत ली थी। आरोपितों की पहचान एएसआई विजय कुमार और हेड कांस्टेबल सुरेंद्र के तौर पर हुई हैं।

पुलिस उपायुक्त विजिलेंस के मुताबिक २१ मई को विजिलेंस थाने में एक शिकायत मिली थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि समयपुर बादली ट्रैफिक सर्कल के महादेव चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी रिश्वत की मांग कर रहे हैं।शिकायत मिलते ही तुरंत एक टीम गठित की गई। टीम ने आरोपितों के रंगे हाथ पकड़ने के लिए ट्रैप लगाया। शाम करीब साढ़े पांच बजे एएसआई विजय कुमार ने शिकायतकर्ता को महादेव चौक पर रुपये लेकर बुलाया। उसे एक कार में बैठा दिया, जिसे हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र चला रहा था। विजय कुमार भी उसी कार में बैठा था। वे शिकायतकर्ता को कार से रोहिणी सेक्टर-३० में एक सुनसान स्थान पर ले गए। इस दौरान विजिलेंस की टीम लगातार कथित आरोपित पुलिसकर्मियों का पीछा कर रही थी। जैसे ही शिकायतकर्ता ने रिश्वत वसूले जाने का सिग्नल दिया, टीम ने कार को रोक लिया। तलाशी लेने पर एएसआई विजय कुमार से ३० हजार रुपये बरामद हुए।

# नहर से शवों को निकाला व दो नाबालिगों को बचाया भी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना की दरियापुर पुलिया नहर में बीते वीरवार सुबह तीन नाबालिग समेत चार की डूबने से मौत हो गई थी। गोताखोरों ने समद और सोहैल की बॉडी नहर से निकाल ली थी। जबकि जावेद और सावेद की बॉडी को शुक्रवार दोबारा से सर्च ऑपरेशन शुरू करके दोपहर के वक्त निकाल लिया गया। चारों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

गोताखोरों ने बताया कि शुक्रवार को जावेद और सावेद के शवों को तलाशने के लिये जब टीम नहर पर पहुंची। वहां पर दर्जनभर नाबालिग समेत लडके नहाने आए हुए थे। जिनको हादसे की जानकारी भी दी गई। लेकिन कई नाबालिग बस इंतजार कर रहे थे कि टीम नहर से कब जाए। गोताखोरों ने सुबह सर्च ऑपरेशन चलाकर काफी मशक्कत के बाद जावेद और सावेद के शवों को तलाशकर पुलिस को सौंप दिया।

बताया गया कि सर्च ऑपरेशन के बीच गोताखोरों ने दो नाबालिग भाईयों को डूबने से बचाया। दोनों नाबालिग पुष्पा और पीयूष महादेव चौक बवाना के रहने वाले थे। दोनों स्कूल के लिये निकले थे,लेकिन पहुंच गए थे नहर पर नहाने के लिये। जिनके परिजनों को बुलाकर उनके बारे में और हादसे के बारे में जानकारी दी गई।

# बारात से एक दिन पहले घर में सिलेंडर में आग लगी, बच्ची समेत चार झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में जिस घर से आज बारात निकलने वाली थी। उसी घर में एक दिन पहले सिलेंडर व घरेलू सामान में आग लगने से एक बच्ची समेत चार लोग झुलस गए। जबकि रोहिणी सेक्टर इलाके में दो दुकानों में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जल गया। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक जहांगीरपुरी हादसे में झुलसने वालों की पहचान नफीस(६०)सदर (५५)अदनान (१७)और सनाया (९) है। पुलिस को शुक्रवार दोपहर एक बजकर सात मिनट पर जी ब्लॉक,जल बोर्ड ऑफिस,छह नंबर पुलिस चौकी के पास स्थित घर में आग लगने की कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। घर से चिल्लाने की आवाजें आ रही थी। दमकलकर्मियों ने दो गाडियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। पुलिस की मदद से चारों को बाहर निकाला और बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनको लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। डॉक्टरों ने सदर को २५ फीसदी,नफीस को २८ फीसदी,अदनान ५० फीसदी और सनाया को ४० फीसदी झुलसा बताकर बच्ची और नाबालिग की हालत नाजूक बताई। बताया गया कि परिवार में शनिवार को शादी थी। जिसके लिये रिश्तेदार घर में आए हुए थे। दोपहर के वक्त जब खाना बनाया जा रहा था। सिलेंडर से गैस रिसाव होने पर आग लग गई। जो पूरे घर में लग गई थी। स्थानीय लोगों ने काफी बचाने की कोशिश की थी। वहीं रोहिणी सेक्टर-११ में स्थित मोबाइल फोन समेत दो दुकानों में शॉर्ट सक्रिट लगने से भीषण आग लग गई। दमकल की तीन गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## कुछ दिन खुशनुमा रहेगा मौसम

**नई दिल्ली।** अगले एक सप्ताह मौसम खुशनुमा रहने का पूर्वानुमान है । मौसम विभाग ने २४ मई के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ बिजली कड़केगी और तेज हवाएं ३०-४० किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी, जो अस्थायी रूप से शाम व रात के समय धूल उड़ाने वाली हवाएं ५० किमी प्रति घंटा तक पहुंचेगी। इसके लिए २५ से २८ मई तक बारिश की संभावना जताई है। फिलहाल मई में एक भी दिन लू नहीं चली। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

# जहांगीरपुरी में तलवार गैंग के 3 बदमाश पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी में तलवार गैंग के तीन बदमाशों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। गैंग इलाके में वर्चस्व कायम करने के लिये काफी दहशत मचा रखी है। आरोपियों की पहचान जहांग. ीरपुरी में रहने वाले हिमांशु उर्फ पोसी, कनिष्क उर्फ निक्कू उर्फ बुद्धा शूटर और रोहन के रूप में हुई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी अशोक शर्मा की देखदेख में इंस्पेक्टर अजय शर्मा और अजय गहलावत के निर्देशन में पुलिस टीम ने कांस्टेबल अंकुश की एक पुख्ता जानकारी के बाद तीनों बदमाशों को गाजीपुर इलाके से गिरफ्तार किया। बीते बीस मई की रात को महेन्द्रा पार्क इलाके में आरोपियों ने अपने सह-सहयोगियों कुलजीत और नाबालिग के साथ मिलकर इलाके में वर्चस्व कायम करने के लिये प्रतिद्वंद्वी कुरैशी समूह के सदस्यों फैजल, मोनिश और नितिन तिवारी पर धारदार हथियार और कई राउंड फायरिंग की थी।

तीन पीड़ितों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावरों ने बाद में हंगामा करने के लिए कुछ सार्वजनिक/निजी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया था। तीनों आरोपी कई वारदातों में शामिल रहे हैं।



समाज कल्याण मंत्री ने दिल्ली वासियों के साथ वीर तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

# समाज कल्याण मंत्री ने दिल्लीवासियों के साथ वीर सैनिकों के शौर्य को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना के शाहबाद डेयरी क्षेत्र में आयोजित तिरंगा शौर्य यात्रा में स्थानीय निवासियों और दिल्लीवासियों के साथ सहभागिता की।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और भारतीय सेना के अदम्य शौर्य के फलस्वरूप ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक ऐतिहासिक विजय के रूप में सामने आया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्र के वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु बवाना में शतिरंगा शौर्य यात्राश का आयोजन किया गया है।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य न केवल भारतीय सेना के साहस, बलिदान और समर्पण को सम्मानित करना है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और अडिग संकल्प का भी प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत की आतंकवाद विरोधी नीति और हमारी सेनाओं की युद्ध-कुशलता का प्रमाण पूरी दुनिया को मिला है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और पूर्व सैनिकों ने तिरंगा लहराते हुए यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान राष्ट्रगान, देशभक्ति गीतों और सैनिकों की वीरगाथाओं का आयोजन भी हुआ।

# तिहाड़ जेल में भीड़ को कम करने की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिहाड़ की क्षमता ५,२०० कैदियों की है, लेकिन इसमें १२,९४५ कैदी रहते हैं। तिहाड़ को नौ केंद्रीय कारागारों में से सबसे बड़े जेल परिसरों में से एक माना जाता है। सरकार ने नरेला में एक नई उच्च सुरक्षा वाली जेल के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस जेल का वास्तुशिल्प डिजाइन अंडमान एवं निक. ोबार द्वीप समूह की ऐतिहासिक 'सेलुलर जेल' से प्रेरित होगा।

दिल्ली में तिहाड़ जेल में कैदियों की संख्या कम करने की दिशा में वैकल्पिक सुविधाओं के लिए दिल्ली सरकार लगातार प्रयास कर रही है। अधिकारियों ने इस संदर्भ में भूमि की तलाश के लिए भू स्वामित्व वाली कई एजेंसियों के साथ बैठकें भी की हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में तिहाड़ जेल के मौजूदा परिसर को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर नए जेल परिसर के विकास के लिए एक नई योजना की घोषणा की थी। एक अधिकारी ने बताया, "सरकार के गृह विभाग ने भूमि व विकास कार्यालय, राजस्व और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जैसी भूमि स्वामित्व एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठकें शुरू कर दी हैं।

अधिकारी मौजूदा सुविधाओं को देखने और कैदियों की भीड़ को कम करने के तरीकों पर विचार करने के लिए अगले सप्ताह तिहाड़ का दौरा करेंगे।"

अधिकारी ने बताया कि दौरे के दौरान वे देखेंगे कि नए जेल परिसरों के बनने तक तिहाड़ में मौजूदा सुविधाओं के हिसाब से भीड़भाड़ को कैसे कम किया जा सकता है। तिहाड़ में कैदियों की क्षमता दोगुनी से भी ज्यादा है। अधिकारी ने बताया, "नरेला जेल भी तिहाड़ के कैदियों की भीड़ को कम करने का एक हिस्सा है। निविदा जारी होने के बाद हम २१ महीने में जेल तैयार करने की योजना बना रहे हैं।

# आर्मी हॉस्पिटल में शुरू होगा बीएससी न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजी कोर्स

**नई दिल्ली।** डीयू के चिकित्सा विज्ञान संकाय के अंतर्गत आर्मी हॉस्पिटल, दिल्ली कैंट में एक नया कोर्स, बीएससी, इसी शैक्षणिक सत्र से शुरू किया जाएगा। रेडियोलॉजी विभाग के तहत इस कोर्स की अवधि तीन वर्ष + एक वर्ष की इंटर्नशिप (वैकल्पिक) होगी। इस कोर्स का उद्देश्य परमाणु चिकित्सा चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करने और परमाणु चिकित्सा विभाग के दैनिक संचालन में भाग लेने के लिए उपयुक्त ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।इस कोर्स में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी भारतीय सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में कार्यरत होना चाहिए। उसने 6 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।अभ्यर्थियों को केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड , भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र या किसी अन्य मान्यता प्राप्त समकक्ष राज्य बोर्ड परीक्षा द्वारा आयोजित उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

# तिहाड़ जेल अधीक्षक के खिलाफ जमानती वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकाप्टर घोटाले में आरोपी बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर जवाब नहीं देने को लेकर तिहाड़ जेल अधीक्षक के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल की अदालत ने २९ मई को अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। साथ ही यह स्पष्ट करने को कहा है कि उन्होंने अदालत के आदेश के बावजूद जवाब दाखिल क्यों नहीं किया। यह आदेश मिशेल की तरफ से ३० अप्रैल को दाखिल एक याचिका पर आया है। जिसमें उन्होंने २९ अगस्त २०१९ की एक जांच रिपोर्ट पर पुनर्विचार की मांग की थी। उस रिपोर्ट में कहा गया था कि मिशेल को तिहाड़ जेल नंबर-एक में किसी भी कैदी से कोई जान का खतरा नहीं है और उन्होंने कभी ऐसा कोई खतरा महसूस भी नहीं किया। हालांकि, मिशेल ने आरोप लगाया था कि उन्हें एक ऐसे खतरनाक आरोपी के साथ रखा गया है, जिसके खिलाफ जेल में अनुशासनहीनता के ४१ मामले दर्ज हैं। जेल प्रशासन ने इन आरोपों को नकार दिया था।

अदालत ने पाया कि जेल महा. निदेशक के माध्यम से जेल अधीक्षक को नोटिस भेजा गया था। लेकिन सुबह सवा ११ बजे तक भी जेल प्रशासन की ओर से कोई रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई।

# बीएसएफ के 22वें अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि रहे गृहमंत्री अमित शाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विज्ञान भवन में सीमा सुरक्षा बल ने अपना २२वां अलंकरण समारोह मनाया। भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समारोह के मुख्य अतिथि थे, उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सीमा प्रहरियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने उन लोगों के योगदान की भी सराहना की, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण कार्य स्थितियों के बावजूद अपनी सामरिक परिचालन क्षमताओं से बल और देश, दोनों को गौरवान्वित किया है। साथ ही सीमा सुरक्षा बल के जांबाज एवं कर्त्तव्यनिष्ठ सीमा प्रहरियों को उनकी जांबाजी और सराहनीय सेवाओं के लिए पदक प्रदान किये। कार्यक्रम के दौरान सीमा सुरक्षा बल के कुल २६ सदस्यों को पदकों से अलंकृत किया गया, जिनमें ०४ सदस्यों को उनकी बहादुरी के लिए वीरता पुलिस पदक (पीएमजी) से जबकि २२ सदस्यों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया। समारोह में सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त महानिदेशक और महानिरीक्षक, भारत के विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारीगण, प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण सहित सीमा सुरक्षा बल सदस्यों एवं सम्मानितों के परिजनों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि अमित शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा की पवित्रता के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा के विभिन्न तैनाती परिदृश्यों को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करके राष्ट्र की संप्रभुता को बनाए रखने में बल की असाधारण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह बल भारत की रक्षा की पहली पंक्ति है और जब बीएसएफ सीमाओं पर होती है तो नागरिक चौन की नींद सो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल सदस्य देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली सीमाओं की पूरी निष्ठा से सुरक्षा कर रहे हैं। सीमा सुरक्षा के लिए आवश्यक तकनीक को प्राथमिकता दी जा रही है, जो हमेशा सतर्क रहने वाले जवानों के लिए लाभप्रद साबित होगी। समारोह में महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल के दलजीत सिंह चौधरी ने संबोधन के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि समेत सभी सम्मानित अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा हेतु कर्त्तव्य वेदी पर प्राणोत्सर्ग करने वाले २००३ अमर प्रहरियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सामयिक चुनौतियों से निपटने स्वयं को सर्वदा समर्थ बनाए रखने के लिए बल द्वारा अपनाए जा रहे रणनीतिक एवं साम. रिक तौर तरीकों, बुनियादी ढांचे तथा हथियारों एवं प्रशिक्षण संबंधी तैयारियों पर प्रकाश डाला।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली** द्वारा स्थापित एवं विश्वसनीय निविदाकारों से ओपन ई-टेन्डर **सिंगल पैकेट पद्धति** के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा के प्रकार | ई-निविदा (सिंगल पैकेट) |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 287-सिग0/नि0/ति0ब्रिज/74/25 |
| 3 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के कोटकपूरा-फाजिल्का खंड पर बुधल बालमगढ़ स्टेशन पर केंद्रीकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग (इंडोर और आउटडोर कार्य) कार्य तथा साथ लगे हुए स्टेशनों/सेक्शनों की ब्लॉक वोर्किंग और सम्बंधित टेलिकॉम कार्य के संबंद में हाल्ट स्टेशन को क्रासिंग स्टेशन में बदलने के साथ फ्रेट टर्मिनल का प्रावधान। |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,85,49,870.99/- |
| 5 | निविदा फार्म की लागत | शून्य |
| 6 | बोली प्रतिभूति | Rs. 3,42,800/- |
| 7 | कार्य समापन की अवधि | 10 माह |
| 8 | निविदा फार्म प्राप्त करने जमा करने एवं खुलने का पता | दिनांक 22.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 9 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 22.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | निविदा फार्म जमा करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 30.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जमा किया जाना है। |

पत्र सं0:- 287-सिग0/नि0/ति0ब्रिज/74/25 दिनांक : 22.05.2025 1511/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करें संबंधित: प्रभारी मंत्री

## पात्र व्यक्तियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना का मिले लाभ, बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद प्रभारी मंत्री राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश जसवंत सिंह सैनी का जनपद बागपत में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को प्रभारी मंत्री ने राजस्व, कानून व विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करें। पात्र व्यक्तियो को सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिले। आम आदमी पीडित व्यक्ति के साथ अधिकारी अच्छा व्यवहार करें। उन्हें सरकार की योजना के प्रति अच्छे से जोड़े और जो पात्र हैं उन्हें लाभान्वित करें। सरकार पीड़ित के लिए गंभीर है सरकार का उद्देश्य आम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचना है और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाना है।



इस दौरान प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड के संदर्भो की समीक्षा करी। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है, इसमें सुधार किया जाए। जनपद की अच्छी रैंकिंग आनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने पंचायत राज के कारों से असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गांव में साफ सफाई में बहुत लापरवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में भी गंदगी मिलती है। सफाई कर्मचारी विद्यालय में जाकर साफ-सफाई करें। जनपद में 242 सामुदायिक शौचालय बने हुए हैं जिसमें चार की मरम्मत चल रही है। इस पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्ति स्वच्छ भारत मिशन में जनपद सी श्रेणी में है। प्रभारी मंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जनपद की जिन मेधावी छात्राओं ने हाई स्कूल और इंटर में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। ऐसी टॉप 5 बेटियों को पांच हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कॉविड के अंतर्गत जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है उन्हें भी आर्थिक सहायता देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.दीपा सिंह आदि अधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय मौजूद रहे।

## गरीब व्यक्ति के घर के ऊपर छत देना सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रभारी मंत्री ने जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि गांव की जो सड़के पाइपलाइन बिछाने में टूट गई हैं। उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। अधिशासी अभियंता अमित कुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 31 गांव में कार्य अभी शेष रह गया है जिसको जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने सख्त निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता ठीक होनी चाहिए इसमें कोई भी लाभप्रद बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसकी समय-समय पर अन्य अधिकारियों द्वारा भी जांच कराई जाएगी।

बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि समर कैंपों का संचालन किया जाए। निपुण मैं कार्य अच्छा हू और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्कूलों में गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति पात्र हैं उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए। गरीब व्यक्ति के घर के ऊपर छत देना सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने वन विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने इस वर्ष के वृक्षारोपण का लक्ष्य पूछा जिसमें वन क्षेत्र अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने बताया कि 13 लाख 70हजार का लक्ष्य मिला हुआ है जिसका गढ्ढा प्रधान का कार्य चल रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पौधा रोपण अभियान को मिशन मोड में चलाया जाए। उन्होंने गत वर्ष में हुए वृक्षारोपण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो सबसे बड़ी साइड जनपद में गत वर्ष लगाई गई थी। उसमें कितने पौधे जीवित हैं और साइट का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिका. रियों से कहा कि टीम वर्क के रूप में कार्य करें। कार्य के प्रति लाप. रवाही ना करे संवेदनशील बने व्यक्ति जिले से चलकर आपके कार्यालय तक एक उम्मीद के साथ आता है जो मुख्यमंत्री की मनसा है कि आम आदमी को सरकार की जनकल्याणकारी योजना के जरूरतमंद को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्यो का मूल्य का मूल्यांकन करते रहें जो आपके पास आता है। उनकी उम्मीद पर खरे उतरे पेंशन राशन सामूहिक विवाह श्रम कार्ड मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना छात्रवृत्ति आदि से वंचित नहीं रहने चाहिए।

## समाज को सुरक्षित रखने के लिए बुराइयों को करना होगा समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा जून माह में बड़ौत आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शोधक शिविर के लिए चौधरी कुंदन सिंह इंटर कॉलेज बासौली में जिला सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा सत्संग ही सच्चा तीर्थ है। ज्ञान की गंगा का स्नान करके मानव जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। बेटियां दो घरों को संस्कारित करने की क्षमता रखती है। शास्त्रों में नारी का स्थान सर्वोत्तम माना गया है। संस्कारित नारी एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। समाज में बढ़ रही अश्लीलता को रोकने का एकमात्र उपाय बेटियों को भारतीय संस्कृति का ज्ञान होने पर ही रुक सकती है। परंतु आज भी समाज में दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, शादियों में अश्लील गाने, नौजवानों का शराब जैसा गंदा शौंक समाज का ताना-बाना छीन भिन्न हो रहा है। ऐसे में हम सबको मिलकर इन बुराइयों के समापन के लिए कार्य करना होगा तभी जाकर हमारा समाज सुरक्षित रह पाएगा। एल्पाइन पब्लिक स्कूल लुम्ब, आर्यन पब्लिक स्कूल, केटी पब्लिक स्कूल, गायत्री प्रणब विद्यापीठ, आर्य महाविद्यालय, महर्षि दयानंद विद्यापीठ किरठल, आर्य समाज रमाला आदि में जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य आदि रहे।

## शिक्षा, स्वास्थ्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए:जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रभारी मंत्री ने सिंचाई विभाग के कार्यों से असंतोष जनक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपका कार्य खराब है और जनता के प्रति आप गंभीर भी नहीं है। सभी नहरो की साफ-सफाई होने में लाप. रवाही की जा रही है। इसमें सुधार करने के कड़े निर्देश दिए। बरसात का समय आने वाला है जो तटबंध है उनका अच्छे से निरीक्षण किया जाए। बरसात की दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा के प्रति संबंधित अधिकारी संवेदनशील रहे। शिक्षा से ही जीवन शुरू होता है जिससे एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कर-करेत्तर व राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा जो वार्षिक लक्ष्य मिला है। उसके सापेक्ष कार्य किया जाए। राजस्व में जनपद अग्रिम रहना चाहिए। शासन से मिले हुए लक्ष्य के सापेक्ष संबंधित अधिकारी कार्य करें। उन्होंने कृषि विभाग को खाद बीज की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए और किसानों को तकनीकी जानक. ारी देने के निर्देश दिए कहा कि किसानों को अधिक से अधिक सरकार की मंशा के अनुरूप तकनीकी से सीधा जोड़ा जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा किसान को खाद बीज के लिए परेशान होना ना पड़े। खाद की उपलब्धता रहनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो सोलर पैनल लगे हैं। उनका सत्यापन कराया जाए और इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे कि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। योजना के बारे में जब आम जनमानस को पता लगेगा। योजना से तभी व्यक्ति लाभान्वित होगा। उन्होंने सोशल सेक्टर विभागों की भी समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा पेंशन छात्रवृत्ति में कोई लाप. रवाही नहीं की जाए। जो पात्र है उन्हें समय से पेंशन मिलनी चाहिए और पेंशन के लिए कैम्प लगाये जाए। ईकेवाईसी पर भी फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में भी संबंध को अच्छी प्रगति करने के निर्देश दिए। आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भो का समय अंतर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता के साथ समय अंतर्गत किया जाए। इस उद्देश्य से सभी अधिकारी कार्य करें और अपने दायित्वों का निर्भन करें जनता दर्शन में आने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। मंत्री ने कानून व्यवस्था के कार्यो की भी समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस का संवाद जन सामान्य से ठीक हो अपनी तहरीर के लिए आए तो उनकी समस्या को सुना जाए हत्याओं के मामले में गिरावट आनी चाहिए। उन्होंने कहा जो थाने में प्रार्थना पत्र आए उनका समय अंतर्गत निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा समस्त अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें। हम सबको जो दायित्व मिले हैं उनका सत्य निष्ठा के साथ निर्भन किया जाए।

### एक नजर

## राज्य मंत्री के सामने भिड़े भाजपा और किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी से सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव के विरूद्ध शिकायत करने पहुंचे जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिंह ने सपा जिलाध्यक्ष पर कार्यवाही की। मंत्री से शिकायत करके बाहर गए। इसी दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय और किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नितिन की आपस में नोकझोक हो गई।

इस दौरान दोनों नेताओं पर एक-दूसरे ने सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाया। उधर जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिंह ने सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। बता दे की कुछ दिन पहले सपा के जिलाध्यक्ष के भाई वह उन पर एक युवती ने छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है यह घटना राज्य मंत्री की मौजूदगी में हुई। इस विवाद ने स्थानीय राजनीतिक माहौल में तनाव पैदा कर दिया है।



## गौवंशों से फसल बचाने को लेकर किसानों की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना सहबानपुर गांव मे गोवशों और आवारा पशुओं के चलते किसानो की फसल बर्बाद हो रही है जिससे लेकर ग्रामीणों ने पंचायत कर उच्च अधिकारियों से फसल बचानें और फसल की तार. बंदी कराने की मांग की है।

गौना सहबानपुर के जगल से सटा हजारों बीधा वन क्षेत्र है, जिसमे आवारा पशुओं और गोवशों की भरमार है। वन क्षेत्र से ही किसानो की लगभग 4 हजार बीधा खेत की जमीन है जिसमे खड़ी फसल को आवारा पशु और गोवशों चट कर जाते है जिससे किसानो को भारी नुकसान हो रहा है। एक माह पहले किसान जिलाधिकारी से मिल समस्या का समाधान कराने की मांग भी कर चुके है, लेकिन आज तक समाधान नही हो पाया है जिससे लेकर सहबानपुर गांव मे धर्म यादव के आवास पर किसानों की एक पंचायत का आयोजन किया गया। जहां बर्बाद हो रही फसल को लेकर चर्चा की गयी। वही फसल बचाने के लिए उच्च अधिकारियों से खेतो की तारबंदी कराने की मांग की गयी। इस मौकें पर नरेंद्र प्रधान, इंद्रपाल, तिलकराम, प्रकाश, शिवकुमार, अशोक यादव, बिरसेन, सुरेंदर, अरुण यादव, सतबीर यादव आदि मौजूद रहे।



## सरकारी राशन में गंदगी करती मुर्गियों का वीडियो वायरल, ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गोना गांव में सरकारी राशन खुले में डाल रखा है। राशन डीलर की लापरवाही के कारण राशन को मुर्गियां खा रही है और उसमें गंदगी फैला रही है, जिस कारण बीमारी फैलने का अंदेशा बना है और ग्रामीणों में डीलर के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से जांच कर डीलर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

चांदीनगर क्षेत्र के गोना गांव में राशन डीलर की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। राशन डीलर की लापरवाही के कारण खुले में डाल रखा सरकारी राशन को कुछ घरेलू मुर्गा मुर्गियां राशन को खाती ओर राशन में गंदगी कर रही है जब ग्रामीण राशन लेने पहुंचे तो राशन को खा रही मुर्गियों को देखकर भड़क गये। ग्रामीणों का कहना है कि राशन में कर रही गंदगी के कारण बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से जांच कर डीलर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।



## सड़क हादसे में अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत-छपरौली मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादस में सब्जी मंडी जा रहे 22 वर्षीय युवक देव की एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 5 बजे की है। देव रेहड़ी लेकर बड़ौत मंडी में सब्जी खरीदने जा रहा था। उसका भाई सोनू दूसरी बाइक पर पीछे आ रहा था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक का फाइल फोटो

शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी और उसे कुचल दिया। हादसे से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है, ताकि घटना को अंजाम देने वाले वाहन और चालक का पता लगाया जा सके।

## गौवंश को पकड़कर गौशाला में करेंगे शिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने अब खुद ही समाधान का रास्ता निकाला है। प्रशासन से लगातार मदद की गुहार लगाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। तो अफसर की लाचारी को देखते हुए किसानों ने चंदा इकट्ठा कर शामली, मुजफ्फरनगर और मेरठ से विशेष टीमें बुलाई हैं।

जिले के दोघट कस्बे से यह अभियान शुरू किया गया है। तीन टीमों में कुल 15 सदस्य हैं। ये टीमें 1500 रुपये प्रति पशु की दर से आवारा गोवंश को पकड़ने का काम करेंगी। जिले के 245 गांवों में आवारा पशुओं की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। किसानों को रात-रात भर अपनी फसलों की रखवाली करनी पड़ती है। उन्हें डर रहता है कि अगर वे फसल छोड़कर घर चले गए तो आवारा पशु फसल को नुकसान पहुंचा देंगे। आवारा पशु न सिर्फ फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि सड़क हादसों का भी कारण बन रहे हैं। पूर्व में जिले में कई सड़क हादसे हो चुके हैं। कुछ हादसों में लोगों की जान भी गई है। प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने के कारण अब ग्रामीणों ने खुद ही इस समस्या का समाधान करने का निर्णय लिया है।

# जलभराव के कारण बीमारी फैलने का खतरा

## ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी दस वर्षो से नहीं हुआ समस्या का कोई समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची गांव में जलभराव एक बड़ी समस्या बनती जा रही है जिससे लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से जलभराव की समस्या दूर कराने की मांग की है।

पांची गांव मे तालाब ओवरफ्लो होने के कारण पिछले दस वर्षो से गांव मे जलभराव की समस्या बनी हुई है। जलभराव के चलते जहां ग्रामीणों को चलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। हर वर्ष मलेरिया बुखार यहा अपना कहर बरसाता है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी आज तक समाधान नही हो पाया है। ग्रामीण इरशाद ने बताया कि नाले का निर्माण न होने के कारण समस्या बनी हुई है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने इखट्टा होकर प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिका. रियों से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में याकूब, इरशाद, अल्लामेहर, डाक्टर प्रवेश, विकास इस्तकार मुस्तफा, चांद, साकिब, अमित आदि मौजूद रहे।



## यूनियन प्रधान ने की प्रभारी मंत्री से बकाया गन्ना भुगतान कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी को मलकपुर मिल का बकाया गन्ना भुगतान कराने की मांग का ज्ञापन सौंपा।

भाकियू (प्रधान) के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी ने कहा कि मलकपुर गन्ना मिल समय पर भुगतान नहीं कर रही है। इससे किसानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वे अपने जरूरी काम भी पूरे नहीं कर पा रहे हैं। किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। गन्ना भुगतान की मांग पर उन्हें सिर्फ आश्वासन मिलता है। प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने किसानों से मुलाकात की। उन्होंने जल्द ही गन्ना भुगतान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रमोद, राजेंद्र, हरपाल सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।



## ग्रामीणों ने की जर्जर तार और विद्युत पोल को बदलवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा रटौल के वार्ड नंबर-13 शिवपुरी में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। यहां एक लोहे का पोल जर्जर हो गया है। यह पोल केवल हाईटेंशन तारों के सहारे टिका हुआ है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह मार्ग खेतों की ओर जाने का मुख्य रास्ता है। इस रास्ते से रोजाना दर्जनों किसान, ग्रामीण और बच्चे गुजरते हैं। हवा के तेज झोंके से पोल गिरने की आशंका है। ग्रामीणों ने जर्जर तार और विद्युत पोल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने कहा कि अगर विद्युत तार और लाइन नहीं बदली गई तो किसी हादसे की स्थिति में विद्युत विभाग जिम्मेदार होगा। स्थानीय लोगों ने इस खतरे की सूचना कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को दी है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे क्षेत्र के लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पोल को तुरंत बदलने की मांग की है। उन्होंने चेता. वनी दी है कि समाधान न होने पर वे प्रदर्शन करेंगे।

## ग्राम पंचायत द्वारा लगाया गया वाटर कूलर चोरी, जनसेवा बनी मज़ाक, ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूंम गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसने न सिर्फ प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि ग्रामीण विकास योजनाओं की वास्तविकता को भी उजागर कर दिया है। ग्राम पंचायत द्वारा आम जनता के लिए लगाया गया वाटर कूलर बीते कुछ दिनों से रहस्यमय तरीके से गायब है।

यह वाटर कूलर गांव के टांडा-रमाला रोड पर स्थित कैनरा बैंक के समीप लगाया गया था, ताकि वहां से गुजरने वाले राहगीर, किसान, मजदूर, बैंक उपभोक्ता और आस-पास के दुकानदारों को तपती गर्मी में ठंडा पानी मिल सके, लेकिन अब वह जगह खाली पड़ी है। वहा पर वाटर कूलर नही है, केवल वाटर कूलर की खाली जगह बची है।

**ग्रामीणों में आक्रोश**

इस घटना के बाद गांव के लोगों में भारी नाराज़गी देखी जा रही है। स्थानीय निवासी समाज सेवी मनीष चौहान ने कहा कि पंचायत केवल योजना के बोर्ड लगवाकर फोटो खिंचवाती है, लेकिन असली काम और देखरेख शून्य है। जब एक वाटर कूलर तक सुरक्षित नहीं, तो बाकी योजनाओं का क्या होगा?

**क्या यह चोरी है या अंदरूनी साठगांठ?**

गांव के कुछ जागरूक लोगों का मानना है कि यह कोई साधारण चोरी नहीं है। एक भारी कूलर दिन-दहाड़े या रात के अंधेरे में बिना किसी की नज़र में आए कैसे गायब हो सकता है? सवाल उठ रहे है कि वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था, बैंक का चौकीदार कहा था, और पंचायत की तरफ से निगरानी का कोई प्रबंध नही था। इस तरह के सवाल लोग पूछ रहे है, अंदेशा जताया जा रहा है कि इस चोरी में किसी स्थानीय व्यक्ति की मिलीभगत भी हो सकती है। समाज सेवी मनीष चौहान ने पूरी घटनाक्रम की जानकरी छपरौली पुलिस को दि है, घटनास्थल पर डायल 112 पुलिस सेवा घटनास्थल पर पहुंची।




**विपक्षी दलों और समाजसेवियों का आक्रामक रुख**

इस घटना पर अब राजनीति भी गर्माने लगी है। विपक्षी दलों ने ग्राम पंचायत और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एक समाजसेवी ने तीखा बयान जारी करते हुए कहा कि अगर आज एक वाटर कूलर चोरी हो सकता है, तो कल हैण्डपम्प, टंकी और बिजली के खंभे तक गायब हो सकते हैं। यह सीधे-सीधे जनता की सुविधाओं पर डाका है।

**भविष्य की योजनाओं पर ग्रहण?**

इस घटना के बाद कई ग्रामीणों का भरोसा पंचायत व्यवस्था से उठता दिख रहा है। यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि क्या इस प्रकार की घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो पर असर डालेंगी? क्या अब कोई भी नई सुविधा लगने से पहले दस बार सोचना पड़ेगा?

**ग्राम प्रधान की प्रतिक्रिया**

जब ग्राम प्रधान से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। हम संबंधित विभागों से बात कर रहे हैं। जल्दी ही नया कूलर लगवाया जाएगा और सुरक्षा के इंतज़ाम भी बेहतर किए जाएंगे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नीरज व उसकी पत्नि बबीता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
गजराज पुत्र सुरजी निवासी ग्राम पाबला बेगमाबाद थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र तमीम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
शकीला पत्नि कालू निवासी मौ. केतीपुरा पुराना कस्बा बागपत जनपद बागपत।

# ईडी ने जेपी इंफ्राटेक के दफ्तर पर मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 128 स्थित जेपी इंफ्राटेक के दफ्तर पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पांच सदस्यीय टीम ने छापा मारा। यह कार्रवाई नोएडा के 9 बिल्डरों की ओर से हजारों घर खरीदारों को कथित रूप से सबवेंशन स्कीम के नाम पर ठगने के मामले में की गई है। इसमें जेपी ग्रुप भी शामिल है। जेपी ग्रुप के दफ्तर पहुंच कर जांच एजेंसी ने फाइलों को खंगालना शुरू कर दिया है।

ईडी की टीम शुक्रवार को अचानक नोएडा सेक्टर 127 स्थित जेपी के मुख्यालय पहुंच गई। टीम ने दस्तावेजों और बैंक खातों की जांच शुरू की। अधिकारियों ने कंपनी से जुड़े महत्वपूर्ण फाइनेंशियल रिकॉर्ड खंगाले और सबवेंशन स्कीम के तहत हुए लेन-देन की जांच की। इस स्कीम के तहत बिल्डरों ने घर खरीदारों को बिना ईएमआई के घर देने का वादा किया था। लेकिन, प्रोजेक्ट समय पर पूरे नहीं हुए, जिससे हजारों खरीदार आज भी घर पाने की उम्मीद में हैं।

**17 हजार बायर्स पर असर**

सबवेंशन स्कीम घोटाले का असर 17 हजार से अधिक बायर्स पर पड़ा है, जिनका पैसा अटका हुआ है। घर अब तक अधूरे हैं। जानकारी के अनुसार, सन फार्मा से संबद्ध सुरक्षा ग्रुप फिलहाल जेपी के अधूरे प्रोजेक्ट्स को पूरा करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन काम की गति धीमी है।

वहीं, बायर्स इस कार्रवाई से न्याय मिलने की उम्मीद लगा रहे हैं।वहीं, बायर्स को प्रोटेस्ट करने से भी रोका जा रहा है। प्रोजेक्ट्स के 100 मीटर दायरे में किसी भी तरह का प्रदर्शन निषिद्ध है, जिससे नाराज खरीदारों की आवाज दब रही है। ईडी की इस छापेमारी से अन्य बिल्डरों में भी हलचल मच गई है।

**15 ठिकानों पर कार्रवाई**

केंद्रीय जांच एजेंसी की टीमें जेपी फ्लैट घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सिलसिले में शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर, मुंबई समेत 15 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई कर रही हैं। बताया जा रहा है कि ये सर्चिंग 12 हजार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में चल रही है। इसमें होमबायर्स और निवेशकों के साथ धोखा और फंड्स की हेराफेरी का आरोप है। इनमें जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक और उनसे जुड़ी अन्य संस्थाएं जैसे गौरसंस, गुलशन, महागुन और सुरक्षा रियलिटी शामिल हैं।

**फंड डायवर्ट करने का मामला**

जानकारी के मुताबिक, ईडी की ओर से यह कार्रवाई जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और अन्य से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में घर खरीदारों और निवेशकों के साथ लगभग 12 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी के मामले में की जा रही है। ईडी को शक है कि बड़ी मात्रा में फंड्स को डायवर्ट कर मनी लान्ड्रिंग की गई है। यह कार्रवाई उन हजारों होमबायर्स के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई है, जो सालों से अपने घर का सपना देख रहे हैं।

**मांगी गई थी फाइल**

हाल ही में ईडी ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी से जेपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट से संबंधित फाइल मांगी गई थी। इसमें बड़ी अनियमितता की बात सामने आ रही है। ऐसे में सेक्टर-128 से सेक्टर-132 तक के सभी प्रोजेक्ट जो जेपी इंफ्राटेक में आते है, यहां केंद्रीय जांच एजेंसी रेड कर रही है। कार्रवाई के दौरान कार्यालय में दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है और उनको अपने कब्जे में लिया जा रहा है। इसके अलावा सेल इन दफ्तरों में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है।

**डिजिटल दस्तावेजों की जांच**

ईडी की टीमों ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना से ऑर्चाड्र्स (**Orchards**), कासा इसलेस (**kasa isles**), केंसिंगटोन बुलेवार्ड (**Kensington Boulevard**), केंसिंगटोन पार्क (**Kensington Park**), क्रेससेंट होम्स (**Krescent Homes**), कोसमोस (**Kosmos**), क्लासिक (**Klassic**) के दस्तावेज लिए थे। इनकी फाइलें भी चेक की जा रही है। साथ ही डिजिटल दस्तावेज को देखा जा रहा है।

**नोएडा अथॉरिटी से मांगी जानकारी**

नोएडा अथॉरिटी से ईडी ने 9 बिल्डरों की जानकारी मांगी थी। इसी तरह यमुना अथॉरिटी और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी से भी जानकारी मांगी गई थी। इस तरह से कुल 26 बिल्डरों की जानकारी ली गई है। इनके यहां भी जांच एजेंसी रेड कंडक्ट कर सकती है। हालांकि, अभी टीमें जेपी इंफ्रा से जुड़े प्रोजेक्ट के दस्तावेजों को खंगाल रही है। ईडी प्रोजेक्ट से संबंधित स्वीकृत पत्र, ले आउट प्लान, बकाया, रजिस्ट्री के अलावा इनके को-डेवलपर्स की जानकारी के आधार पर छापेमारी कर रही है। बिल्डर बायर्स और बैंक एग्रीमेंट के दस्तावेजों को भी खंगाले जा रहे है। बताया गया कि लोन के लिए लगाए गए अधिकांश दस्तावेज साठ-गांठ करके तैयार किए गए।

## दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग युवती को युवक सौरभ पुत्र छत्रपाल गांव हरदासपुर थाना बिसौली जनपद बदायूं बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। बीती 29 अप्रैल को पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया कि 4 अप्रैल को जनपद बदायूं के थाना बिसौली के अंतर्गत हरदासपुर निवासी सौरभ पुत्र छत्रपाल ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी, आरोपी मामले में वांछित चल रहा था, मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ग्रामीण भारत में जल और जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए बजट बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एचसीएलटेक ने सीएसआर के तहत अपने प्रमुख कार्यक्रम एचसीएलटेक ग्रांट के लिए बजट बढ़ाकर 24 करोड़ रुपये कर दिया है। एचसीएलटेक ग्रांट में एक नई श्रेणी जल जोड़ी गई है और पर्यावरण श्रेणी की जगह अब जैव विविधता श्रेणी रहेगी। शिक्षा और स्वास्थ्य की श्रेणियां पहले की तरह जारी रहेंगी।

हर श्रेणी में जो एनजीओ पहले स्थान पर रहेगा, उसे चार साल के लिए 5 करोड़ रुपये की मदद मिलेगी। इसके अलावा, आठ दूसरे एनजीओ को दो साल के लिए 50 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। इस बार कुल 24 करोड़ रुपये की सहायता दी जाएगी, जो पिछले साल 16.5 करोड़ रुपये थी। जल श्रेणी के तहत उन परियोजनाओं को मदद जी जाएगी जो पानी बचाने, पानी के सही तरीके से इस्तेमाल करने और ग्रामीण इलाकों में जल संकट को दूर करने के लिए काम करती हैं। जैव विविधता श्रेणी में ऐसे कामों को बढ़ावा दिया जाएगा जो पेड़-पौधों और जानवरों की विविधता को बचाने और बढ़ाने में मदद करें।

नई पहल उन परियोजनाओं का समर्थन करेगी जो पानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को हल करने का काम करती हैं, जैसे पानी का संरक्षण, उसका सही तरीके से उपयोग और टिकाऊ उपाय अपनाना। पानी से जुड़े मुद्दों पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन, इसमें फंडिंग और मदद पाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। एचसीएलफाउंडेशन की निदेशक डा निधि पुंडीर ने कहा पानी एक कीमती संसाधन है और भारत में पानी की कमी को कम करने के लिए इसका जिम्मेदारी से प्रबंधन करना बेहद जरूरी है।

## सेक्टर-145 तक कूड़ा पहुंचाने के लिए 10 गाड़ी शुरू

**नोएडा।** शहर से निकलने वाले कूड़े को सेक्टर-145 डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को 10 नई गाड़ी की शुरुआत की गई। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने इन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभी तक पुरानी गाड़ियां कूड़ा उठाने के काम में लगी थीं, जो 10 साल पुरानी हो चुकी हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि जैप पोर्टल के माध्यम से 10 नए टिपर वाहन खरीदे गए हैं। इनसे नोएडा क्षेत्र के मुख्य मार्गों और सेक्टरों से निकलने वाले कूड़े और मलबे को रोजाना सेक्टर-145 डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा। इनकी एक बार में 10 टन कूड़ा उठाने की क्षमता है। संबंधित गाड़ियों के जरिए शुक्रवार से कूड़ा उठवाना शुरू कर दिया गया।

# पुलिस कमिश्नरेट में इंटरनल ट्रांसफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस कमिश्नर ने प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए इंटरनल ट्रांसफर किए है। इसमें डाक्टर प्रवीन रंजन सिंह अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर से अपर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं अतिरिक्त प्रभार अपर पुलिस उपायुक्त कानून एवं व्यवस्था, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का दिया गया है।

इसी तरह मनीषा सिंह अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर से अपर पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा एवं अपर पुलिस उपायुक्त साइबर बनाया गया। अजीत कुमार सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर से सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय नोएडा, विवेक रंजन राय सहायक पुलिस आयुक्त साइबर (सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय नोएडा का अतिरिक्त प्रभार हटाया गया) इसके अलावा हेमन्त उपाध्याय सहायक पुलिस आयुक्त आंकिक साइबर द्वितीय से सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम सेंट्रल नोएडा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और राजीव कुमार गुप्ता सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम सेंट्रल नोएडा से सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय/आंकिक एवं साइबर द्वितीय, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर बनाया गया। इस तरह के इंटरनल ट्रांसफर समय समय पर पुलिस आयुक्त की ओर से किए जाते रहे है। ताकि पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर और सुदृढ़ किया जा सके।

### ला रेजीडेंसियां सोसाइटी के टावर-29 की दोनों लिफ्ट खराब

# छह दिन से 50 परिवार परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की ला रेजीडेंसिया सोसाइटी के टावर-29 की दोनों लिफ्ट पिछले छह दिन से खराब है। इस कारण टावर के 50 परिवार सीढियों से चढ़ने व उतरने को मजबूर है। इनमें तीन गर्भवती महिलाएं भी शामिल है। निवासियों का आरोप है कि बार-बार बिल्डर से शिकायत की है, लेकिन लिफ्ट को ठीक नहीं कराया जा रहा है। इससे परेशानी दूर नहीं हो रही है। निवासियों ने बताया कि टावर-29 में इस समय 50 परिवार रह रहे है। उनके लिए टावर में दो लिफ्ट लगी है। जो पिछले छह दिन से खराब है। निवासी रत्नासिंह का कहना है कि उनके टावर में तीन गर्भवती महिलाएं रहती है। उनको काफी परेशानी हो रही है। टावर के अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लिफ्ट से नीचे आना-जाना संभव नहीं है। बार-बार शिकायत के बाद भी बिल्डर सुनने को तैयार नहीं है। इस पर संबंधित प्राधिकरण को कार्रवाई करने की जरुरत है।

वही, निवासी देवशंकर चौधरी का कहना है कि वो 16वें फ्लोर पर रहते है। पत्नी गर्भवती है। नियमित रूप से अस्पताल जाना होता है, लेकिन लिफ्ट खराब होने से काफी दिक्कत हो रही है। 16वीं मंजिल पर सीढ़ी से आना-जाना संभव नहीं है। इस कारण डॉक्टर के पास भी नहीं जा पा रहे है। इस कारण घरेलू सहायिका भी नहीं आ रही है। लिफ्ट खराब होने से घर की जरुरी चीजें भी समय से नहीं ला पर रहे हैं। 18वीं मंजिल पर रहने वाले निवासी का कहना है कि शुक्रवार से लिफ्ट खराब है। शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। मेंटेनेंस कंपनी का कहना है कि वोल्टेज कम होने के कारण लिफ्ट काम नहीं कर रही है। बिल्डर को वोल्टेज बढ़ाने को बोला गया है। 15 वर्षीय बेटे की दवाइयां और अन्य सामान खरीदने के लिए 18वीं मंजिल से सीढ़ियों से आना-जाना संभव नहीं है। समय से रखरखाव शुल्क देने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। 15वीं मंजिल पर रहने वाले आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी कमर में दर्द रहता है। इस समय उनकी डीयू में परीक्षा चल रही है। सीढ़ियों का प्रयोग नहीं करने के कारण वो पिछले चार दिन से दोस्त के यहां पर रह रहे हैं।

## गैंगस्टर में वांछित आरोपी को हिरासत में लेकर किया चालान

**भोजपुर।** वरिष्ठ उप निरीक्षक महेश कुमार मलिक ने गांव पीपलसाना निवासी शकील कुरैशी पुत्र अब्दुल हकीम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। आरोपी और उसके चार साथियों के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने संगठित होकर गोवंशीय पशुओं का वध कर समाज में वैमनस्यता फैलाने के आरोप में मुकदमा लिखाया था।

## बाइक सवारों ने राहगीर से मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** छपरौली गांव के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने घर लौट रहे व्यक्ति का मोबाइल फोन छीन लिया। बदमाशों ने पीड़ित को धक्का देकर नीचे गिराने का भी प्रयास किया। एक्सप्रेसवे थाने में दी शिकायत में छपरौली गांव के गली नंबर एक में रहने वाले विनय कुमार ने बताया कि वह बीते दिनों रात दस बजे के करीब लोटस जिंग सोसाइटी के सामने से पैदल ही अपने कमरे की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए और उनका मोबाइल झपटकर ले गए। आरोपियों ने धक्का देकर उन्हें गिराने का भी प्रयास किया। उन्होंने कुछ दिन पहले ही नया मोबाइल लिया था। वारदात के बाद वह अपने गृह जनपद मेरठ चले गए। वहां से लौटने के बाद थाने में शिकायत दी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सिविल और कंस्ट्रक्शन कार्य पूरा हो गया है। वर्तमान में फिनिशिंग का काम चल रहा है। बकास ने एयरपोर्ट का इंस्पेक्शन कर लिया है और अब उनकी रिपोर्ट का इंतजार है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ और एनआईएएल के चेयरमैन अरुणवीर सिंह ने बताया कि 31 तक बकास की रिपोर्ट आने की उम्मीद है। रिपोर्ट मिलने के बाद डीजीसीए में लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा। लाइसेंस की प्रक्रिया में लगभग एक से डेढ़ महीने का समय लगेगा। मुख्य सचिव ने स्वयं मौके का निरीक्षण किया और टाटा के अधिकारियों से मुलाक. ात की। फिनिशिंग कार्य को तेज करने के लिए टाटा प्रोजेक्ट के अन्य स्थानों से कुशल श्रमिकों को यहां स्थानांतरित किया गया है। एयरपोर्ट में अब केवल तीन काम शेष हैं-वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट और एयरपोर्ट लॉबी तक इंटरचेंज का निर्माण। डीजीसीए से लाइसेंस मिलने के बाद सुरक्षा प्रक्रियाएं शुरू होंगी। सीआईएसएफ पूरी ड्रिल करेगी, जिसके बाद ही एयरपोर्ट की सभी प्रक्रियाएं पूरी होंगी।

**बकास की रिपोर्ट के बाद DGCA से लाइसेंस के लिए करेंगे आवेदन**

## अधिवक्ता की माता के निधन पर भाजपाइयों ने किया शोक व्यक्त

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी के कैंप कार्यालय मुरादाबाद रोड पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रांत कुमार की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे यहां बताया गया कि विक्रांत कुमार की माताजी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी वह नगर पालिका बिलारी में नामित सभासद भी रही थी सभा के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता धर्मेंद्र गांधी मनोज ठाकुर जिला मंत्री मुकुल पांडे राजीव सैनी विश्वास यादव केपी सिंह राणा अंकुर भटनागर सुरेंद्र शर्मा विजय सक्सेना निहाल सिंह प्रशांत चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सोसाइटी में रोज पानी की किल्लत से जूझ रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी में लोग रोजाना सुबह पानी के किल्लत से जूझ रहे हैं। शुक्रवार सुबह भी सोसाइटी में पानी खत्म हो गया। टैंकर से अंडरग्राउंड वॉटर टैंक को भरा गया।

तब जाकर लोगों के घरों में पानी आया। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष चंदन सिन्हा ने बताया कि परिसर में 15 टावर बने हुए हैं, जिनमें हजारों परिवार रहते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे घरों में पानी आना बंद हो गया, बिल्डर प्रबंधन द्वारा रात में पानी खत्म होने की जानकारी नोटिस के जरिए लोगों को दी थी। साथ ही, पानी का इस्तेमाल ध्यान पूर्वक करने की अपील की थी। वहीं, सुबह घरों में पानी खत्म हो गया, जिसके कारण लोग दफ्तर जाने के लिए लेट हो। लोगों शिकायत करने के बाद प्राधिकरण द्वारा पानी के टैंकर भेजे गए, जिनके जरिए अंडरग्राउंड वॉटर टैंक को भर गया। सोसाइटी में कई दिनों से चल रही समस्या लोगों का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह से सोसाइटी में पानी की समस्या बनी हुई है। रोजाना सुबह के समय घरों में पानी खत्म हो जाता है। शिकायत करने पर पता चलता है कि प्राधिकरण की तरफ से प्रेशर ठीक से नहीं आ रहा है, जिसके कारण अंडरग्राउंड वॉटर टैंक नहीं भर पाते हैं। लगातार प्राधिकरण से भी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं होता।

# स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को उसके साथ काम करने वाले युवक ने पांच लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोप है कि आरोपी ने युवती की स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का वादा किया था और इसके एवज में पांच लाख रुपए देना तय हुआ था। पैसे देने के बाद आरोपी ने युवती को फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। इसके बाद जब युवती बताई गई जगह पहुंची तो वहां पर उस नियुक्ति पत्र को फर्जी करार दे दिया। इसके बाद पीडिघ्ता ने पुलिस से मामले को शिकायत की है। पुलिस ने पीडिघ्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडिघ्ता ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्य कर रही थी। इसी अस्पताल में आदित्य कुमार जोकि शादीपुर कोठी खिदमतपुर जनपद अमरोहा का रहने वाला है। वह इसी अस्पताल में काम करता था,उसने उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस सैफई में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर भर्ती के नाम पर युवती से पांच लाख रुपए हड़प लिए।आरोपी ने कहा उसका एक रिश्तेदार समाजवादी पार्टी का अच्छा नेता है और उसने उसकी नौकरी की सेटिंग कर ली है। इसके बाद युवती आरोपी के झांसे में आ गई और उसने अपने भाई के खाते से अलग-अलग तारीखों में यूपीआई (न्च्) के माध्यम से लगभग एक लाख छियानवे हजार रुपए आरोपी के खाते में ट्रांसफर करा दिए। बाकी धनराशि नकद दी। इसके बाद काफी समय बीत गया लेकिन आरोपी आदित्य ने नियुक्ति के बारे में कुछ नहीं बताया और टाल-मटोल करता रहा। आरोप है कि ज्यादा दबाब बनाने पर आरोपी आदित्य ने उसे नियुक्ति पत्र दे दिया, आरोपी युवक द्वारा दिए गये नियुक्ति पत्र को युवती सैफई के मेडिकल कॉलेज लेकर गई, जहां पर उस नियुक्ति पत्र को फर्जी बताया गया। इसके बाद युवती को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। युवती ने आरोपी से दी गई रकम वापस मांगी तो उसने एक बैंक का चेक दिया। जब संबंधित बैंक में चेक लेकर जाया गया तो वहां जाकर पता चला को चेक भी फर्जी है। इसके बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोविड से निपटने के लिए पांच बेड आईसीयू में रिजर्व

**कांठ।** विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों के मद्देनजर मुरादाबाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने जिला अस्पताल में पांच बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। इसके अलावा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट रहने को कहा गया है।जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि अभी जिले में कोई भी कोविड मरीज नहीं है। एहतियातन आईसीयू में पांच बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। पूरी व्यवस्था दुरुस्त है। किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं और सुविधाएं भी पूरी हैं। डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि अभी कोविड को लेकर कोई गाइडलाइन नहीं आई है, लेकिन तैयारियां पूरी करके रखी गई हैं। सभी दवाएं हैं और जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करा दिया गया है। इसके अलावा अगर शासन स्तर से कोई आदेश आता है तो उसकी भी तैयारी शुरू कर दी जाएगी।

# पत्नी को छोड़ की दूसरी शादी

## विवाहिता ने कोतवाली में दी तहरीर



**चन्दौसी।** पहली को छोड़ दूसरी से रचाई शादी। अब पहली पत्नी परेशान है और थाने के चक्कर लगा रही है। बता दें कि हरिद्वार की रहने वाली युवती की शादी थाना वजीरगंज के गांव मकरंदपुर गांव से हुई थी। विवाहिता की मां ने बताया कि दो वर्ष में उसने अब तक दामाद को 25 लाख रु0 से अधिक दे दिये हैं। चन्दौसी गुमथल रोड पर मकान निर्माण के लिए रुपये दिये थे लेकिन उसके बाद भी दामाद ने बेटी को नहीं रखा और घर से निकाल दिया। वहीं पीछे चुपके से दूसरी शादी कर ली। जब पहली पत्नी को पता लगा तो वह अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंची। विवाहिता का कहना था कि उसके पति ने घर में ताला लगा दिया है। घर में बच्चे के साथ कैसे पहुंचे, वह हरिद्वार से आकर पूरी रात्रि बाहर रही।

सूचना पर कोतवाली पुलिस विवाहिता के ससुर अमरपाल को बुलाकर कोतवाली ले आयी, वहां दोनों में सुलह कराने का प्रयास जारी हुआ। विवाहिता की मां का कहना था कि वह दामाद को 25 लाख रु. से अधिक दे चुकी है परंतु इसके बाद भी अपनी दो वर्षीय लड़की और उनकी बेटी को नहीं रख रहा है। वहीं संजय ने दूसरी शादी रचा ली है। इधर विवाहिता का कहना था कि दो वर्षीय बेटी का खर्च कहां से करें, फिलहाल विवा. हता की मां एवं विवाहिता अपने हक की लडाई लड़ रही थीं।

# बहजोई में नगरपालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**चन्दौसी।** नगरपालिका बहजोई द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान जोर-शोर से चलाया गया। यहां बताते चलें कि दुक. ानदारों ने अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण कर रखा है। हालांकि नगरपालिका द्वारा नोटिस भी दिये गये परंतु दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया। आखिर शुक्रवार को नगरपालिका की टीम बुल्डोजर के साथ मुख्य बाजारों में पहुंची और अतिक्रमण हटाना शुरु किया। इस दौरान नगरपालिका के अधिकारियों व दुकानदारों की नोंकझोंक भी हुई। अधिकारियों का कहना था कि अतिक्रमण हटने से आप लोगों को ही लाभ होगा। लोगों ने नाले-नालियों व सड़कों पर अवैध रुप से कब्जा कर रखा है।

## ट्रेन से गिरकर युवक हुआ घायल उपचार के दौरान मौत

**अगवानपुर।** गुरुवार रात्रि एक बजे के करीब अगवानपुर स्टेशन से होकर गुजर रही सहारनपुर की ओर से वाराणसी जा रही जनता एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई पुलिस ने युवक की जेब में रखे आधार कार्ड के जरिए मृतक की पहचान ब्रिजेन्द्र पुत्र सुक्कड गांव निवासी कुआं खेड़ा जनपद सहारनपुर के रुप में की है। गंभीर हालत में घायल युवक को पुलिस द्वारा तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं चौकी प्रभारी सुनील राठी ने बताया कि युवक की जेब में मिले आधार कार्ड से सी प्लान एप के माध्यम से जनपद सहारनपुर के ग्राम कुआं खेड़ा के प्रधान से सम्पर्क किया हुआ है प्रधान के माध्यम से मृतक के स्वजनों को सूचना दे दी गई है शुक्रवार शाम छ बजे तक मृतक के परिवार के लोग नहीं आए थे, उनके आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से विधायक ने कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक सभागार में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की अध्यक्षता में समस्त ग्राम प्रधानों एवं विकासखंड के समस्त सचिव एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवेश कन्हैया के द्वारा किया गया बैठक में जिला स्तर से आए परियोजना निदेशक निर्मल कुमार द्विवेदी के द्वारा विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बात लाभार्थियों के सर्वे के बारे में बताया गया और उनकी पात्रता के बारे में भी बताया गया सभी को बताया गया की पात्र व्यक्तियों का ही चयन किया जाए अपात्रों का चयन किसी भी स्तर पर ना किया जाए ,जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा के द्वारा विकासखंड में निर्मित पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय और आर आर सी सेंटर के संचालन वर्मी कंपोस्ट खाद के गड्ढे और नाडेप के संचालन और कूड़ा कलेक्शन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया सभी ग्राम पंचायत में मरम्मत योग और योग नालों को तत्काल सही करने के लिए कहा गया इसके साथ ही साथ पंचायत विभाग की चल रही समस्त योजनाओं के बारे में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के द्वारा भी विस्तार पूर्वक बताया गया और ग्राम पंचायत में साफ सफाई के लिए भी सभी प्रधानों और सचिव का आवाहन किया गया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव के द्वारा सभी प्रधानों को अपने-अपने कार्यों में रुचि लेने और ग्राम चौपाल को फलीभूत बनाने हेतु और गांव के लोगों की समस्त समस्याओं और जागरण के लिए अवगत कराया गया अंत में बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा समस्त प्रधानों को बताया गया कि आप अपने-अपने ग्राम पंचायत में अपने पंचायत भवनों पर कार्यालय में बैठकर गांव के समस्त लोगों की समस्याओं का निदान कराए और मनरेगा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक कच्चे का कार्य कराए जिससे कि आपके ग्राम पंचायत में पक्के के कामों का सृजन हो सके समस्त प्रधानों को और शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके नैतिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए भी कहा गया बिजली की समस्या की शिकायत आने पर उनके द्वारा बताया कि कुंदरकी विकासखंड में मेरे द्वारा विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों का एक कैंप लगाया है ऐसा ही कैंप विकासखंड मूंढापांडे में भी बहुत जल्दी लगने वाला है। प्रधानमंत्री के द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है उन सभी का प्रचार प्रसार और उन पर आवश्यक कार्यवाही प्रत्येक स्तर पर कराई जाए यदि किसी के द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है तो संबंधित अधिकारी को अवगत कराए और मुझको भी अवगत करवाया जाए ।प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया, बैठक में प्रमुख नवदीप यादव, परियोजना निदेशक निर्मल कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी, वाचस्पति झा, खण्ड विकास अधिकारी, अशोक कुमार ,ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष सानू लंबरदार, फिरासत हुसैन एडवोकेट,शफारूक अली, उस्मान अली, नजर अली, सुरेश पाल सिंह आदि, सचिव ग्राम पंचायत विकासखंड मूंढापांडे एवं विकास खण्ड के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने गैंगस्टर में फरार बदमाश पर किया 20 हज़ार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे बदमाश पर एसपी के आदेश पर 20 हज़ार रूपये का इनाम घोषित किया गया है।

गढ़मुक्तेश्वर पुलिस क्षेत्राधिकार वरुण मिश्रा ने बताया कि थाना सिम्भवाली पर दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में बदमाश कुलदीप उर्फ सोनू पुत्र संजय कुमार निवासी बहलोलपुर सेक्टर 63 जनपद गोतमबुद्धनगर लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसके बाद हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे बदमाश कुलदीप उर्फ सोनू पर 20 हज़ार रूपये का इनाम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है जो थाना सिंभावली पर दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि बदमाश के संबंध में आमजन से अपील की गई है कि यदि इस अपराधी के सम्बन्ध में किसी को कोई जानकारी प्राप्त होती है अथवा किसी स्थान पर दिखाई देता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को जिला नियंत्रण कक्ष हापुड़ 9454405126 व यूपी 112-9044254829ऋ पर दें। सूचना देने वाले का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा।



## बिजली आपूर्ति बाधित होने पर भड़के मोहल्लेवासी, डीएम आवास पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** तेज आंधी तूफान के कारण बुधवार की रात को मोहल्ला वैशाली कॉलोनी की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस दौरान करीब दस हजार लोग परेशान हो गए। गुरुवार की देर शाम तक बिजली नहीं आने पर लोगों ने मोदीनगर बिजली घर पर धरना दिया। इसके बाद डीएम आवास पहुंचकर धरना दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा कर शांत कराया और वापस भेज दिया।

मोहल्लेवासी ने बताया कि बुधवार की सुबह से ही ऊर्जा निगम के अधिकारी दोपहर तक बिजली आने की बात कर रहे थे। देर शाम तक बिजली नहीं आने पर अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिसके बाद मोदीनगर रोड स्थित बिजली घर पर धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि डीएम अभिषेक पांडेय की सख्ती के बाद ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बिजली आपूर्ति को सुचारू किया। वहीं महिलाओं को भी रोजमर्रा के कामों में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा।



# डीजे कंपीटिशन के दौरान फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वैष्णो मंदिर में डीजे कंपीटिशन के दौरान हुई फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीजे कंपीटिशन में तीन दिन पहले परतापुर रोड स्थित वैष्णो मंदिर पर यह घटना हुई थी।

सीओ अनीता चौहान के बताया आरोपी राहुल और रवि कोरी को भोजपुर से जीएस अस्पताल की तरफ जाने वाली सड़क से पकड़ा गया। दोनों आरोपी अचपल गढी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों से दो अवैध तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई सफेद रंग की वैगनआर कार बरामद की है। दोनों पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी रवि कोरी का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से है। उस पर चोरी, मारपीट और धमकी देने के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।




# अवैध लकड़ी कटान करने वालों पर वन विभाग ने कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव दस्तोई में वन विभाग ने अवैध लकड़ी की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध लकड़ी से भरे एक ट्रक को पकड़ा।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम थाना क्षेत्र के गांव दस्तोई में चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान टीम ने एक ट्रक को रोका। ट्रक की जब तलाशी ली गई तो ट्रक में से अवैध रूप से काटी गई आम और नीम की लकड़ी बरामद हुई। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लकड़ी माफिया गाड़ी के मालिक चमन की गाड़ी को मौके पर ही सीज़ कर दिया गया। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी कटान करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वन विभाग लगातार वन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इस कार्रवाई से वन माफियाओं की गतिविधियों पर रोक लगने की संभावना है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।







# दो पक्षों में हुए विवाद का डीएम ने मौके पर पहुंचकर कराया समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में जनता की समस्याओं का निस्तारण करने को लेकर डीएम जगह-जगह जाकर जनता की समस्याओं को सुन रहे हैं और उनका निस्तारण करा रहे हैं। गढ़मुक्तेश्वर के गांव बिलारा में दो पक्षों में मिटी के उठान को लेकर हुए विवाद की शिकायत पर पहुंचे डीएम अभिषेक पांडेय ने दोनों पक्षो को समझाकर मामले को शांत करवाया।

शुक्रवार को डीएम अभिषेक पांडेय को विकासखंड गढ़मुक्तेश्वर के गांव बिलारा में दो पक्षों में मिट्टी के उठान को लेकर विवाद की शिकायत मिली। डीएम ने शिकायत का शीघ्र संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांतिपूर्ण तरीके से सुनने के बाद दोनों पक्षो का समझौता कराया। डीएम ने दूसरे पक्ष के पास खेत से मिटी उठाने की परमिशन भी देखी। जो मानक के अनुरूप सही मिली। जिसके बाद डीएम ने दूसरे पक्ष को समझाकर दोनों पक्षों का मौके पर ही सुलह करा दिया है। इसके बाद दोनों पक्ष डीएम के इस फैसले पर संतुष्ट हुए।



## एक नजर

### 10 साल पुराने चोरी के मामले में न्यायालय का फैसला, दोषी को सुनाई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी सशक्त पैरवी करते हुए स्कूल में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को दो वर्ष 6 माह का साधारण कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए शुक्रवार को न्यायालय द्वारा स्कूल में चोरी करने वाले एक आरोपी को दंडित कराया गया है। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता सुनील शर्मा ने बताया कि वर्ष 2015 में आरोपी विनोद पुत्र दीवान निवासी मौहल्ला उद्योग वाला कस्बा व थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ द्वारा स्कूल में चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर मुकदमा दर्ज किया गया था और आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। शुक्रवार को साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर न्यायलय एडीजे जेडी जेएम गढ़मुक्तेश्वर द्वारा स्कूल में चोरी करने के मामले में विनोद पुत्र दीवान निवासी मौहल्ला उद्योग वाला कस्बा व थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए 2 वर्ष 6 माह का साधारण कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

### विराट कवि सम्मेलन का रामलीला मैदान में आज होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति हापुड़ के तत्वाधान में रामलीला मैदान में शनिवार को रात्री 8 बजे शहीदों की याद में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमे राष्ट्रीय कवि आलोक बेजान, कवि अवनीत समर्थ, हास्य कवि विनोद पाल, कवि स्वदेश यादव, कवियत्रि पूजा शुक्ला, कवि मनोज वर्मा व कवि विकास विजय सिंह त्यागी शामिल होगें। यह जानकारी स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति हापुड़ के अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल महामंत्री एडवोकेट मुकुल कुमार त्यागी व ने संयुक्त रूप से दी। मेला समिति के मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगें तथा क्षेत्र वासियों से ज्यादा से ज्यादा लोगों, छात्रों व बच्चों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

# नाइट क्रिकेट लीग का कोतवाल ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नाइट क्रिकेट लीग की पहली रात में लायंस ने केकेसी और पैंथर क्लब ने किंग इलेवन को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

गढ़ क्षेत्र के गांव दौताई में गुरुवार की रात को बड़ी धूमधाम के साथ नाइट क्रिकेट प्रारंभ हुई, जिसका शुभारंभ कोतवाल नीरज कुमार और जिला पंचायत सदस्य हाजी मुल्ला आरिफ ने संयुक्त रूप में फीता काटकर किया। उन्होंने जीवन में सफलता के लिए अच्छी शिक्षा के साथ ही खेलों को विशेष प्रोत्साहन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खेलों से भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना मजबूत होने के साथ ही युवा वर्ग को समाज में फैल रहीं बुराइयों से भी मुक्ति मिलती है। उद्घाटन मैच में गांव अठसैनी के लायंस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 79 रन बनाए, जिसके जवाब में केकेसी किंग्स क्लब की टीम 71 रन पर ढेर हो गई। बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले शशांक चौधरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में गांव पौपाई के पेंथर क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर निर्धारित बीस ओवर में 99 रन बनाए, जिसके जवाब में तोमर किंग्स इलेवन बीस ओवर में आट विकेट खोकर 93 रन ही बना पाई। जनपद मेरठ के गांव मितापुर के सुहेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कमेटी प्रतिनिधि फैसल इरकान सलमान रमीज जुनैद कासिम सुहेल ने विजेता टीमों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।



# किसान यूनियन भानू की विभिन्न समस्याओं को लेकर हुई महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन भानु की मुरादनगर गुड मंडी में किसानो की महापंचायत हुई। जिसमे किसानों की समस्याओं को उठाया गया और संगठन विस्तार किया गया। जिसमे हापुड़ के शाहनवाज खान को मंडल अध्यक्ष युवा मेरठ मंडल बनाया गया और कालू चाचा को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया।

मुरादनगर गुड मंडी में में आयोजित किसान पंचायत में भारतीय किसान यूनियन भानु के मंडल अध्यक्ष युवा मेरठ मंडल शाहनवाज खान ने किसानों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराए। शाहनवाज खान ने किसानों की फसलों का उचित मूल्य दिलाने की मांग की। उन्होंने हर ग्राम सभा में बिजली, पानी और किसानों के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था की मांग रखी। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन भानू के नियुक्त किए गए राष्ट्रीय सचिव कालू चाचा ने किसानों के हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया और किसानों की समस्याओं को उठाने का आश्वासन दिया।



### सहारनपुर में डयूटी के लिए गए आरक्षी का नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** संदिग्ध दशा में लापता हुए मेरठ पीएसी में तैनात आरक्षी का एक सप्ताह बाद भी सुराग न लगने पर अनहोनी की आशंका से भयभीत परिजनों ने लोहिया नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

सिंभावली क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर हाईकोट निवासी विरेंद्र सिंह का बेटा दीपक धामा मेरठ की 44 वीं पीएसी वाहिनी में आरक्षी पद पर तैनात चल रहा था। जो मेरठ से अपनी रवानगी कराने के बाद ड्यूटी के लिए सहारनपुर के सरसावा एयरपोर्ट के लिए रवाना होने पर एक सप्ताह पहले संदिग्ध दशा में लापता हो गया था। सहारनपुर को रवाना होने से पहले दीपक ने मोबाइल पर अपने परिजनों से बात भी की थी। जिसके बाद मोबाइल बंद होने के साथ ही दीपक धामा संदिग्ध दशा में लापता हो गया, जिसका शुक्रवार की देर शाम तक भी कोई सुराग लग पाना संभव नहीं हो पाया है। मेरठ से रवानगी कराने के बाद सरसावा एयरपोर्ट की ड्यूटी में न पहुंचने और कोई अता पता न लगने से परिजनों को अनहोनी होने का डर सता रहा है। जिन्होंने मेरठ के थाना लोहिया नगर में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए लापता पीएसी जवान को सकुशल ढंग में बरामद कराने की गुहार लगाई है।

**सूचना**

2 अगस्त 2023 में मैने अपने छोटे पुत्र निर्मल कौशिक व उसकी पत्नी काजल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था लेकिन अब मेरे पुत्र निर्मल कौशिक व उसकी पत्नी काजल के आचरण में सुधार आ गया है इसीलिए मै अपना निर्णय वापस लेता हूं।

आनन्द कुमार पुत्र जयचन्द शर्मा व सुदेश देवी पत्नी आनन्द कुमार निवासीगण पट्टी भुवाला कस्बा छपरौली तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

# ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत सात वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत पुलिस लगातार फरार वारंटीयों पर अपना शिकंजा कसती हुई नजर आ रही है। प्रतिदिन ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत फरार वारंटीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

शुक्रवार को पुलिस ने इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से फरार चल रहे 7 वारंटीयों को उनके मसकन से गिरफ्तार किया है। थाना पिलखुवा पुलिस ने फरार चल रहे फरार वारंटी भूरे खां पुत्र घडीसाज निवासी ग्राम निगरावठी थाना मसूरी जिला गाजियाबाद, शंकर तोमर पुत्र अमरपाल सिंह निवासी ग्राम हिंण्डालपुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड और फरमान पुत्र घडीसाज निवासी ग्राम निगरावठी थाना मसूरी जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। थाना धौलाना पुलिस ने सतीश पुत्र ओमप्रकाश उर्फ ओमी निवासी ग्राम समाना थाना कपूरपुर जनपद हापुड, प्रशान्त उर्फ पवन पुत्र मनोज निवासी कमरुद्दीन नगर थाना कपूरपुर जनपद हापुड, थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने मौसम अली पुत्र हसन अली निवासी ग्राम हसुपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड, शमशाद पुत्र फत्तू खान निवासी ग्राम हसुपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार किए गए वारंटी विभिन्न मामलों में न्यायलय से गैरहाजिर चल रहे थे। जिनके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किए गए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है।



# जर्जर पुलों व सड़कों से लोग हो रहे दुर्घटनाओं के शिकार: गोपाल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने बताया कि यूपी के विभिन्न क्षेत्रों के जनपदों मे हापुड़ पिलखुवा क्षेत्र की पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से एक किसान की दर्दनाक मत्यु हो गई थी।

उन्होंने बताया की देहात क्षेत्र के गांव दोयमी, जरोठी मार्ग एवं गढ़ रोड पर बिना बरसात के जल भराव होने से जर्जर हालत में पड़ा हुआ है। बावजूद इसके जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। बरेली के आंवला वजीर गंज मार्ग जर्जर हालत में जबकि बदायूं के बिसोंली बिल्सी मार्ग को जोड़ने वाला पुल अवरुद्ध एवं क्षतिग्रस्त हालत में है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पुल क्षतिग्रस्त सड़कों में गहरे गड्डे होने से आमजन दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं और यूपी सरकार कुंभकर्ण की नींद सो रही है। ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी सरकार से जर्जर पुलों और सड़के गड्डा मुक्त करने की मांग करती है।



# जीएस यूनिवर्सिटी में डिप्लोमा व डिग्री कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** देशभर में फार्मेसी शिक्षा का संचालन करने वाली राष्ट्रीय परिषद फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने पिलखुवा, हापुड़ की जानी-मानी जीएस यूनिवर्सिटी को फार्मेसी में डिप्लोमा तथा बेचुलर डिग्री शुरू करने की अनुमति दे दी है। यह दोनों ही शिक्षा कार्यक्रम क्षेत्र के नवयुवकों के लिए नई खुशनुमा सुबह साबित होंगे।

यूनिवर्सिटी के कुलसचिव सुमित सिंह ने बताया कि ये कोर्स करने के बाद युवाओं को फार्मा कंपनियों में नौकरियां, रिसर्च और शिक्षण के अवसर और अपना कारोबार शुरू करने के समुचित विकल्प उपलब्ध होंगे जिससे उनका जीवन सुखद बन सकेगा। समाचार मिलने पर चांसलर डा. गंगासरण शर्मा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जीएस यूनिवर्सिटी समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तन-मन-धन से वचनबद्ध है तथा आयुर्विज्ञान, आयुर्वेद, नर्सिंग और फार्मेसी के जनहित क्षेत्रों में अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर नए से नए शिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराने के पुण्य कार्य में जुटी है। यह कार्य यूनिवर्सिटी के लिए किसी बड़े यज्ञ से कम नहीं। उनका कहना था कि इसी से समाज का विकास होगा और भारत फिर से विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में अपना स्थान प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने इस बड़े अवसर पर जीएस यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डा. अंकित शर्मा, कुलपति डा. यतीश अग्रवाल, उप कुलपति डा. रूपाली, डीन डा. प्रदीप गर्ग, उपनिदेशक अंकित विज्ञ तथा मनोज शिसोदिया सहित सभी डाक्टरों, प्राध्यापकों और कर्मियों को प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने हेतु डटकर मेहनत करने का आवाहन किया। कुलसचिव सुमित सिंह ने बताया कि बी फार्मा और डी फार्मा दोनों ही कोर्सों में अगले सप्ताह से जीएस यूनिवर्सिटी में दाखिले शुरू कर दिए जाएंगे।



# प्रभारी मंत्री ने अस्थायी गौशाला बसी का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग एवं जनपद प्रभारी मंत्री श्री जसवंत सिंह सैनी ने अपने दो दिवसीय बागपत दौरे के अंतर्गत आज अस्थायी गौशाला, बसी का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 136 गोवंश पाए गए, जिनमें 61 नर और 75 मादा शामिल थे। इनमें से 10 दुधारू गोवंश से नियमित रूप से दूध प्राप्त हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने गोवंशों को गुड़ खिलाया और फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, गौ सेवा सबसे बड़ा पुण्य है, और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है।

गौशाला में गोवंशों के लिए गर्मी से राहत देने हेतु कुलर और पंखे चालू अवस्था में पाए गए। वातानुकूलित गौशाला में साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था देखी गई, जिसके लिए 6 संरक्षक तैनात हैं। पानी की नाद, सीसीटीवी कैमरे 2 सक्रिय, तथा ईयर टैगिंग की सुविधाएं भी उपलब्ध थीं। सीसीटीवी के लाइव डिस्प्ले की व्यवस्था भी मौके पर थी। भूसे का भंडारण 470 क्विंटल भूसा, 20 क्विंटल चोकर और 27 क्विंटल हरा चारा उपलब्ध पाया गया। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि गौशालाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी, और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अरविंद कुमार त्रिपाठी, एसडीएम खेकड़ा ज्योति शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**आवश्यता है**

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# तीन किलोमीटर की सड़क बनवाने का शुभारंभ

## सरधना विधायक ढाई करोड़ रुपये से बनवाएंगें गड़ीना जाने वाला मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कस्बे के जूड कब्रिस्तान के सामने से गड़ीना जाने वाली रास्ते का करीब 3 किलोमीटर की सड़क लगभग ढाई करोड़ रुपए से बनवाने के लिए फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। अतुल प्रधान ने कहा कि यह सड़क बनने से किसानों के खेत इस रास्ते पर आ रहे हैं उनको लाभ होगा। बरसात के मौसम में इस रास्ते से निकलना किसानों के लिए मुशकिल होता था सड़क पर पानी भर जाने के कारण भैंसा बुग्गी व ट्रैक्टर आदि रास्ते पर फंस जाते थे। किसानो की समस्या को ध्यान में रखते हुए इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। यह रास्ता बन जाने से गडीना भी इसी रास्ते से जुड़ जाएगा इस मोके पर जरीफ, चीकू, शहंशाह जफर, मोहित तोमर आदि मोजूद थे। वहीं दूसरी और गांव दांदूपुर से बड़ा गांव तक करीब डेढ़ किलोमीटर की सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया विधायक निधि से बन्ने वाली सड़क लगभग एक करोड़ 61 लाख की लागत से डेढ़ किलोमीटर सड़क का सपा विधायक अतुल प्रधान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि जनहित के विकास कार्यो पर विधायक निधि का पैसा खर्च किया जा रहा है। उन्होने कहा कि विपक्ष में बैठकर जनहित के कार्य करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि सरधना विधान सभा क्षेत्र के सर्व समाज को ध्यान में रखकर विकास कार्य कराए जा रहे है ठेकेदार को मानक के अनुसार कार्य करने की हिदायत दे दी गई है। इस मौके पर बोबी प्रधान दादूपुर, तनकीब प्रधान, मास्टर राजेंद्र, अर्जुन प्रधान अमरौली उर्फ बड़ा गांव, अखिलेश पोसवाल प्रधान दादूपुर, विक्रम आदि रहे।



# निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण करने पहुंची ईओ नीति गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हर्रा।** शुक्रवार को नगर पंचायत हर्रा में निर्माणधीन अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण करने पहुंची नगर पंचायत हर्रा की अधिशासी अधिकारी नीति गुप्ता ने अंत्येष्टि स्थल की गुणवत्ता जांची। नगर पंचायत हर्रा में जनता की जरूरत को देखते हुए लगभग 29 लाख रुपए की लागत से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण चल रहा है।

नीति गुप्ता ने कहा कि अंत्येष्टि स्थल के अंदर किसी भी प्रकार की कमी या घोटाले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने वहां के निर्माण को बारीकी से जांचा। नीति गुप्ता ने कहा कि अंत्येष्टि स्थल के बनने से नगर पंचायत हर्रा के निवासियों को काफी सुविधा होगी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के अन्य कामों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काम कराया जा रहा है।




# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश के शौर्य और संकल्प का परिचय: विधायक अमित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट विधानसभा क्षेत्र की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एक भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में देशभक्ति गीतों की गूंज के साथ तिरंगा लहराते हुए सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस यात्रा का नेतृत्व मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल द्वारा महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी एवं महापौर हरिकांत अहलूवालिया की उपस्थिति में किया गया। यात्रा का शुभारंभ विल्लेश्वर नाथ मंदिर से हुआ जो सदर थाना, सदर बाजार, सर्राफा बाजार, झंडा चौक, शिव चौक, आबूलेन फव्वारा चौक, आर्य समाज मंदिर, धानेश्वर चौक, बोरी चौराहा होते हुए वापस विल्लेश्वर नाथ मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका है। हमारी सैन्य शक्ति पहले से अधिक संगठित, आधुनिक और जवाबदेह हुई है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने हमारे शौर्य और संकल्प का परिचय दुनिया को दिया है। हमें अपनी सेना पर गर्व है, और हम सदैव उनके साथ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारे देश की आत्मा, स्वतंत्रता और बलिदान की पहचान है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसके सम्मान और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। वहीं मेरठ महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने कहा यह तिरंगा यात्रा केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि यह हर देशवासी की ओर से भारतीय सेना के प्रति समर्थन और सम्मान का प्रतीक है।



# कार की टक्कर से युवक की मौत, भाई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर गुरुवार देर रात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका भाई घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जमा हुई भीड़ ने घायल को निजी

**■ दूसरे हादसे में कार डंपर में घुसी, दंपत्ति घायल**

अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेडा निवासी 22 वर्षीय राजकुमार व उसका भाई विशाल उत्तराखंड के कोटद्वार में मजदूरी करते थे। दोनों गुरुवार रात बाइक से अपने घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान मंडी धनौरा मार्ग पर गांव अहरौला तेजवन के पास पीछे से आई तेज गति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार राजकुमार की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका भाई विशाल गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद जमा हुई भीड़ ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजकुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, चिकित्सक ने विशाल की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं हसनपुर रोड पर हुए दूसरे हादसे में कार आगे खड़े डंपर से टकरा गई। हादसे में पति पत्नी घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हॉयर सेंटर रेफर किया गया। मेरठ के संजय विहार कालोनी निवासी होराम देव व उनकी पत्नी जगवती शुक्रवार को कार से संभल के सिसौटा से घर वापस लौट रहे थे। गजरौला के पास हसनपुर मार्ग पर कुत्ते से बचाने के प्रयास में उनकी कार सड़क किनारे डंपर में घुस गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों व पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचवाया गया।



**पूर्व विधायक के नेतृत्व में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली 'शौर्य तिरंगा यात्रा'**

# भारतीय सेना के अदम्य साहस पर देश को गर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के प्रति सम्मान का भाव लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक हरपाल सिंह के नेतृत्व में बस्ती से 'शौर्य तिरंगा यात्रा' निकाली। यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारतमाता की जय और वंदेमात. रम का उद्घोष कर रहे थे। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके यात्रा का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की संचालिका डॉ.सुमेधा ने कहा कि भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर आंतकी अड्डों को मिटाने का काम किया। देश की गरिमा के साथ उजड़े सिंदूर का बदला लिया। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सैनिकों के सम्मान में एक छोटी सी अभिव्यक्ति है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि पहलगाम की घटना से पूरे देश के लोग दुखी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्दोष भारतीयों की हत्या का बदला लेने के लिये भारतीय सेना को खुली छूट दी। जिसके बाद सेना के जवानों ने अपनी वीरता और पराक्रम के द्वारा पाकिस्तान के घर में घुसकर हमला किया और आंतकी अड्डों को तहस नहस किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख अमरोहा स.गुरिंदर ढ़िल्लो, विपिन सागर, मनिपाल ढ़िल्लो, अमन गोयल, महेश प्रधान, डॉ. राजीव शुक्ला, सुधीर चौहान, कैलाश गुर्जर,चंद्रपाल खड़गवंशी, गुरुवचन सिद्धू, डॉ.उत्तम प्रजा. पति, रविराज सिंह, सतवीर सैनी, सुशील सैनी, करन सैनी, आदेश अग्रवाल, भास्कर चौहान आदि समेत भारी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



## बुलेट व दो लाख के लिए विवाहिता को निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी सिकंदर ने अपनी बेटी सदमा का निकाह ढाई साल पहले कस्बे के ही निवासी सरफराज के साथ किया था। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग विवाहिता को दहेज में दो लाख की नगदी और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग के लिए प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी करने से इनकार करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पति सरफराज, ससुर रमजान अली, जेठ शहनवाज, दिलनवाज, शहजाद, बहनोई निजाम पर आरोप लगाया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया विवाहिता की तहरीर के आधार पर ससुराल पक्ष के छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हाइवे पर हादसे में घायल बेटी ने भी अस्पताल में तोड़ा दम

## तीन दिन पहले मां की भी हुई थी मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कार की टक्कर से मां की मौत के बाद हादसे में गंभीर घायल बेटी ने भी दम तोड़ दिया। परिजन तभी से दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में उपचार करा रहे थे। तीन दिन के भीतर मां-बेटी की मौत से परि. जनों में कोहराम मचा है वहीं दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के चलते हादसे में पुलिस स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पोस्टमार्टम के बाद देर रात बेटी का शव घर पहुंचने की उम्मीद थी। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी किसान मुन्ने खां की पत्नी राजदा बुधवार को विवाहिता बेटी गुले राना के साथ दवा लेने मुरादाबाद गई थीं। दोपहर में दोनों चौधरपुर में बस से उतरकर सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान मुरादाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। दोनों हवा में उछलकर दूर जाकर गिरी थीं। हादसे में राजदा की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि गुलेराना गंभीर घायल हो गई थी। कार चालक से समझौता होने पर मामले परिजनों ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर शव घर ले गए थे। वहीं, घायल गुलेराना का उपचार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात उपचार के दौरान 30 वर्षीय गुले राना की भी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से अगर तहरीर मिलती है तब मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, तीन दिन के भीतर मां-बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव घर पहुंचने की बात कही रही है।

# ऋण के आवेदन निरस्त करने पर डीएम ने लगाई बैंकर्स को फटकार

## लापरवाही पर होगी रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि युवाओं के लिये रोजगार से जुड़ी योजनाओं में खिलवाड़ किसी भी हाल में सहन नहीं किया जायेगा। प्राथमिकता से बैंक इन्हें ऋण उपलब्ध कराये तथा लापरवाही पर रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बैंकर्स की बैठक ली। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति ठीक न मिलने पर नाराजगी जाहिर की बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त करने का कारण भी पूछा। डीएम ने पीएनबी, एसबीआई, प्रथमा बैंक द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त करने नाराजगी जताई। बैंक में कर्मचारियों से फोन कराकर इन आवेदनों के निरस्त करने का कारण जाना। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सही नहीं पाये जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अपन जिम्मेदारी को पूरी ईमानदी से निर्वाहन करें। इससे पूर्व डीएम ने जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक ली। उन्होंने जमीन, बैकिंग, विद्युत सहित अन्य शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम धीरेन्द्र प्रताप मौजूद रहे।



## सुधीर कुमार को डीएम ने किया रिलीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** आखिरकार एसडीएम सुधीर कुमार सिंह की कोई भी जोड़तोड़ काम नहीं आयी। डीएम ने उन्हें रिलीव कर दिया।

बताते चलें कि एसडीएम सदर सुधीर कुमार का 15 दिन पूर्व संत कबीरनगर के लिए तबादला हो गया था। परन्तु वह वहां नहीं जाना चाहते थे। इस कारण उन्होंने नेताओं की मार्फत अपना तबादला रूकवाने की जोड़तोड़ शुरू कर दी। परन्तु उनका कोई भी प्रयास सफल नहीं हुआ। आज डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने उन्हें रिलीव कर दिया। जबकि कलेक्ट्रेट में तैनात डिप्टी कलेक्टर प्रथम भगत सिंह को अमरोहा का उप जिला मजिस्ट्रेट का कार्यभार सौंपा गया है।

# अमरोहा पुलिस ने जीते बीस स्वर्ण पदक

## अंतर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बरेली जोन की अंतर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता में अमरोहा पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने कुल 20 स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुरादाबाद, रामपुर और बदायूं में हुआ। इसमें टेबल टेनिस, बैडमिंटन, स्वीमिंग, बॉक्सिंग और 4-400 मीटर रिले दौड़ शामिल थी। अमरोहा पुलिस टीम के खिलाडियों ने अपने जोश और जज्बे से सभी को प्रभावित किया। शुक्रवार को अमरोहा पहुंची टीम को एसपी अमित कुमार आंनद ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खिलाडियों ने जिले का नाम रोशन करने के साथ पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को भी मजबूत किया है। एसपी ने सभी विजेता खिलाडियों को बधाई दी। टीम में उपनिरीक्षक सुभाष चन्द मुख्य आरक्षी मोहम्मद तारिक, सुधीर, गुरदीप सिंह, मनोज, नन्दलाल, वीरपाल, कल्याण राय, दीनदयाल, विष्णु प्रताप व अंकित शामिल हैं

# अटारी बिजलीघर के नए केबिल को चालू कराया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत का आयोजन नगर के फाजलपुर स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय परिसर में हुआ, जिसमें

**■ भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में उठे मुद्दे**

किसानों ने बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं के साथ अन्य सभी परेशानियों का जिक्र करते हुए एक ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के निवारण की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि अटारी मुरीदपुर बिजलीघर के 33केवी लाइन के नए केबिल को तत्काल चालू कराया जाए, ताकि पुराने केबिल में आए दिन होने वाले फाल्टों से निजात मिल सके। अटारी मुरी. दपुर व मोहम्मदाबाद दोनों बिजलीघरों को तत्काल प्रभाव से तुरंत अलग अलग वेप से जोड़ा जाए। तूफान में क्षतिग्रस्त हुई तारों, केबिलों, टीएफ एवं खंबो को जल्द ठीक कराई जाए। बिजलीघर धनौरी माफी, ग्राम बलदाना असगर अली में रामप्रसाद की दीवार से टीएफ हटाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतापूर्ति की कटौती बंद की जाए। इस मौके पर थान सिंह, मुकेश चौधरी, चौ.भगवान सिंह, राजेन्द्र सिंह ब्लॉकाध्यक्ष, वेदपाल सिंह, चौ.गिरिराज सिंह, देशराज सिंह, जयपाल सिंह, सतेन्द्र चौधरी, इरफान अली, वेदपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, इमरान, मेवाराम, मतीन आदि मौजूद रहे।



**तिरंगा शौर्य यात्रा में देशभक्ति गीतों पर जमकर झूमे लोग**

# भारत माता की जयकारों के साथ निकली यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शुक्रवार को सेना के सम्मान में एक तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर के द्वारा किया गया। तिरंगा यात्रा को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने तिरंगा दिखाकर रवाना किया। शौर्य यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र वासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा नगर स्थित ब्लॉक कार्यालय से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क, मोहला मनापुर, मोहल्ला हिरनवाला, सुखदेवी इंटर कॉलेज होते हुए शिवाला मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग देशभक्ति के गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे। वही यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में लोग भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।वही ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर द्वारा बताया गया कि भारतीय सेना ने साबित कर दिया है कि देश की सेना किसी से नहीं डरती। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। तिरंगा यात्रा में विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा शर्मा, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर,मयंक अग्रवाल,राजीव गोयल, अंकुर अग्रवाल,आम्रपाली गुर्जर, भोला सिंह पंवार, रामचंद्र गुर्जर, राजपाल भड़ाना, मुदित गुर्जर, अरविंद अन्ना, प्रमोद रोहिल्ला, कल्याण सैनी, भोला, नंदन, नरोत्तम, चमन सिंह,रिफाकत सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पंजाब का लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना



● श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना आज दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा

**जयपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स का लक्ष्य 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में जगह पक्की करने के बाद शीर्ष दो में जगह बनाना है। वर्तमान में, टीम तीसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाकर क्वालिफायर 1 में खेलने और फाइनल में पहुंचने का मौका बनाना है।

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 66वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जो पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपने निराशाजनक सीजन का शानदार तरीके से अंत करना चाहेगी। पंजाब इस सीजन में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जिसने 12 मैचों में 17 अंक प्राप्त किये हैं और दो मैच शेष रहते प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। अय्यर ने आईपीएल 2025 में 175 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं, इसके अलावा पंजाब की बल्लेबाजी को प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (356 रन) के लगातार प्रदर्शन से मजबूती मिली है। विदेशी खिलाड़ियों मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस की वापसी से टीम बल्लेबाज और गें. दबाजी में ज्यादा मजबूती मिली है। गेंदबाजी के प्रारूप में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक 16 विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर हरप्रीत बरार, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, संतु. लित गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है, जो खेल को नियंत्रित करने में काफी सक्षम रहे हैं। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन में मजबूत शुरुआत के बाद संघर्ष किया है, अपने पिछले नौ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल की है और प्लेऑफ की उम्मीदें खो दी हैं। उनकी बल्लेबाजी केएल राहुल पर काफी निर्भर है, जिन्होंने 504 रन बनाए हैं, जबकि अभिषेक पोरेल और अक्षर पटेल ने कभी-कभार टीम के लिए मददगार साबित हुए हैं। प्रमुख गेंदबाज मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति ने उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, हालांकि मुस्तफिजुर रहमान और कुलदीप यादव ने टीम को काफी संभालने की कोशिश की है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच से शुरुआत में अच्छा उछाल और गति की सहायता मिलने की उम्मीद है, जो तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल है।



किदांबी श्रीकांत

# खेलो इंडिया बीच गेम्स में हरियाणा का बोलबाला

**कबड्डी फाइनल मुकाबलों में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक**

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 शुक्रवार को खेले गए कबढी फाइनल मुकाबलों हरियाण की महिला और पुरुष वर्ग की टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। सुबह घोघला बीच पर खेले पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा के कप्तान मोनू हुढा की अगुवाई में टीम ने राजस्थान पर पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 48-29 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ राजस्थान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। दो सीजन तक प्रो कबढी में हरियाणा स्टीलर्स की ओर से खेल चुके 23 वर्षीय मोनू हुढावर्तमान में साईसोनीपत में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोनू ने मैच के बाद साई मीडिया से कहाकि यहां और मैट पर खेलने में तकनीकी अंतर है। यहां हर रेड 'डू ऑर डाई' होती है और हमें रस्सी पार नहीं करनी होती। हमें अंदर ही रहना होता है। उन्होंने कहाकि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें यहां खेलने का मौका मिला और हम स्वर्ण पदक जीत पाए। खेलो इंडिया बीच गेम्स में प्रबंधन और सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। रेत पर खेलने से पकड़ की ताकत और संतुलन बढ़ता है, जबकि मैट पर स्पीड अधिक होती है। इस वजह से हमें यहां स्थिरता पर अधिक ध्यान देना पड़ता है। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में हरियाणा की टीम को हिमाचल प्रदेश की मजबूत चुनौती का सामना करना पड़ा। हरियाणा की युवा महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में हिमाचल प्रदेश पर 45-38 से जीत दर्ज की।

# गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे

● जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी टीम की कप्तानी की रेस में बराबर बने हुए है



**मुंबई, वार्ता।** दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई और विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया था। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की दौड़ में बने हुए हैं। पंत अगर कप्तान नहीं बनते हैं तो उन्हें उप कप्तान बनाया जा सकता है। सिलेक्शन कमेटी शनिवार, 24 मई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर सकती है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा। भारत को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। शुभमन कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे शुभमन कप्तानी की दौड़ में बुमराह से आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाली थी, अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है। पिछले 5 सालों में दुनियाभर की पिचें बैटिंग के लिए मुश्किल रहीं। इसके बावजूद शुभमन ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए 5 शतक लगाए हैं। फिटनेस परेशानी जसप्रीत बुमराह ने आस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट आस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

# किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराया**

**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपाव को हराकर मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

यहां पुरुष एकल के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराने के लिए कड़ी मेहनत की। श्रीकांत ने एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में विश्व नंबर 18 पोपोव पर 24-22, 17-21, 22-20 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब श्रीकांत इस साल का पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।

राउंड ऑफ 16 में आयरलैंड के विश्व नंबर 33 न्हाट गुयेन को हराने वाले किदांबी श्रीकांत शनिवार को सेमीफाइनल में जापान के विश्व नंबर 22 युशी तनाका से भिड़ेंगे। इस बीच तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी का सफर खत्म हो गया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी क्वार्टर फाइनल में चीन के जियांग जेनबैंग और वेई याक्सिन के खिलाफ 22-24, 13-21 से हार गए।

**खेल विशेष**

## एंजेलो मैथ्यूज जून में टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज जून में बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओव. रों की क्रिकेट के लिए जब भी देश को जरुरत होगी वह उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज को एक साल से अधिक समय से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है। गॉल में होने वाला यह आगामी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का 119वां और अंतिम मुक. ाबला होगा। उन्होंने एक्स पर लिखाकि मेरे प्रिय मित्रो और परिवार, दिल से धन्यवाद और अनगिनत यादों के साथ, अब टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने का समय आ गया है। श्रीलंका के लिए खेलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। जब भी मैंने राष्ट्रीय जर्सी पहनी, उस देशभक्ति की भावना का कोई मुकाबला नहीं है।

# भारतीय टेक्नीशियंस नहीं लौटे पाक, बिना डीआरएस हो रहे मैच

**पीसीएल में तकनीकी पर छाए संकट के बादल, 25 मई को होना है फाइनल मैच**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के बिना खेले जाएंगे। यह तकनीक मुहैया कराने वाली टेक्नीशियन टीम लीग के फिर से शुरू होने के बाद पाकिस्तान वापस नहीं आई। रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्निकल टीम में ज्यादातर भारतीय हैं।

पीसीबी ने 9 मई को पाकिस्तान-भारत के बीच टकराव के कारण पीसीएल स्थगित कर दिया था। सीजफायर के बाद 17 मई से इसे फिर शुरू किया गया है। पांच मैच बिना डीआरएस के ही खेले गए क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो के मुताबिक, फिर शुरू हुए पीसीएल में अब तक 5 मैच हुए हैं। ये बिना डीआरएस के ही खेले गए हैं। हालांकि, इस बीच विवाद का मामला सामने नहीं आया है। वहीं, पीसीबी ने अभी तक इस पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है। लीग के अब 2 मैच ही बाकी हैं। फाइनल 25 मई को है, जबकि क्वालिफायर 23 मई यानी आज खेला जाना है। 2017 से पीसीएल में उपलब्ध था डीआरएस पीसीएल में डीआरएस का इस्तेमाल 2017 से शुरू हुआ था। इसका इस्तेमाल भी अब भी हो रहा था। भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव की वजह से पीसीएल को स्थगित किए जाने से पहले तक डीआरएस का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले पीसीबी बचे हुए मैच यूएई में करवाना चाहता था पीसीबी अपनी लीग के बचे मैच दुबई में कराना चाहता था, लेकिन ईसीबी ने मैच होस्ट करने से इन्कार कर दिया। 8 मई की सुबह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीएल के बाकी मैचों को यूएई में कराने का ऐलान किया था। इसके बाद अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा था तनाव के बीच पीसीएल के मैच यूएई में कराना मुश्किल है। जिसके बाद पंजाब ने इसे स्थगित कर दिया है। वहीं 7 मई को भारत के ड्रोन हमले में रावलपिंडी का स्टेडियम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद पीसीएल मैच री-शेडयूल कर दिया गया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है पीसीएल का फाइनल 25 मई को लाहौर में खेला जाएगा। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है। दूसरा फाइनलिस्ट के फैसला आज लाहौर कैलंदर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेले जाने वाले दूसरे क्वालिफायर्स मैच से हेगा। यह मैच भी लाहौर में खेला जाना है। डीआरएस डीआरएस यानी डिसीजन रिव्यू सिस्टम एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें कोई खिलाड़ी अंपायर के फैसले को चुनौती देता है। इसके बाद वीडियो रीप्ले और बॉल ट्रैकर, हॉकआई, हॉट स्पॉट, पिच मैपिंग जैसी तकनीक मदद से फैसले का रिव्यू किया जाता है।

## गैफनी व इलिंगवर्थ करेंगे डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिग

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 11 से 15 जून तक लॉड्स में खेली जाने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को शुक्रवार को मैदानी अंपायर नियुक्त किया है। क्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। इलिंगवर्थ को वर्तमान आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया है।

वह 2021 और 2023 के फाइनल में अंपायरिंग टीम का भी हिस्सा थे। वहीं गैफनी ने पिछले साल पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग में इलिंगवर्थ के साथ भागीदारी की थी और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अम्पायर बनाया है। भारत के नितिन मेनन को मैच का चौथा अम्पायर नियुक्त किया गया है।

# इंग्लैंड ने 565 रन पर पारी घोषित की



**जैक क्रॉली, बेन डकेट और ऑली पोप ने शानदार शतक लगाए**

**नॉटिंघम, वार्ता।** जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ऑली पोप (171) रनों की शानदार शतकीय और हैरी ब्रूक (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 565 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी।

ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम में शुक्रवार को कल के तीन विकेट पर 498 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में चार रन का इजाफा हुआ था कि टनका चिवंगा ने ऑली पोप को आउटकर जिम्बाब्वे को दिन की पहली सफलता दिलाई। ऑली पोप ने 166 गेंदों में 24 चौके और दो छक्के लगाते हुए (171) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बेन स्टोक्स (नौ) और उसके बाद हैरी ब्रूक (58)रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों ही बल्लेबाजों को मुजारबा. नी ने आउट किया। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद इंग्लैंड ने छह विकेट पर 565 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। जेमी स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे। पहले दिन जिम्बब्वे ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और ब्रेन डकेट की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 231 रनों की साझेदारी की और दोनों ही बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक बनाये। वेस्ली मधेवेरे ने 42वें ओवर में बेन डकेट को आउटकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई।

बेन डकेट ने 134 गेंदों में 20 चौके और दो छक्के लगाते हुए 140 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप ने जैक क्रॉली के साथ 137 रनों की साझेदारी। सिकंदर रजा ने जैक क्रॉली को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे के लिए दूसरा विकेट झटका। जैक क्रॉली ने 171 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (124) रन बनाये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट दिन के आखिरी सत्र में जो रूट (34) के रूप में गिरा।

# चोट से उबर चुके जोश हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते है वापसी



**बेंगलुरु, वार्ता।** चोट से उबर चुके ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉश हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में वापसी कर सकते हैं। हेजलवुड कंधे की चोट के रिहैब से गुजरने के बाद वह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह प्लेऑफ के लिए आरसीबी के लिए वापसी कर सकते है।

हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वह आईपीएल के स्थगन से पहले आरसीबी के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे और ब्रिस्बेन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों के तहत अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने इस सीजन में अब तक 10 मैचों में 17-27 की औसत से 18 विकेट झटके हैं। आरसीबी प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है और लीग चरण में उनके दो मुक. ाबले खेले जाने हैं। आरसीबी शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ और 27 मई को एलएसजी के साथ मैच खेलेगी। आईपीएल 2025 हेजलवुड के लिए चोट से जूझने वाले घरेलू सीजन के बाद वापसी का मंच बना। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पिंडली की चोट के बाद कोई और मैच नहीं खेला था और इसके पहले एडिलेड टेस्ट में साइड स्ट्रेन की वजह से बाहर थे।

# रोहित-कोहली के बिना मुश्किल, पर युवाओं को मौका मिलेगा: गंभीर



● भारतीय कोच ने कहा: रिटायमेंट उनका निजी मामला, किसी को फैसला लेने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने माना है कि रोहित-विराट की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। लेकिन यह युवाओं के पास खुद को साबित करने का शानदार मौका होगा। दोनों के जाने के बाद भारत को नए टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी।

इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा। रोहित-को. हली के संन्यास पर गंभीर ने सीएनएन न्यूज 18 से कहा, श्मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। उनके 5 दिन बाद 12 मई को विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे लंबे फार्मेट को अलविदा कह दिया था। उसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि रोहित-कोहली ने कोच गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर के कारण रिटायरमेंट लिया है। गंभीर ने कहा हम अपने दो सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना जाएंगे। कई बार मुझे लगता है कि यह दूसरे खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका भी है। गंभीर ने इसकी तुलना चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत से की, जो जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में मिली थी। उन्होंने कहा कि यह कठिन होगा, लेकिन ऐसे खिलाड़ी होंगे। जो जिम्मेदारी लेने को तैयार होंगे। यह सवाल मुझे चैम्पियंस ट्राफी से पहले भी पूछा गया था। जब जसप्रीत बुमराह नहीं था, तब भी मैंने यही बात कही थी। किसी के नहीं होने से दूसरे खिलाड़ी को कुछ खास करने का मौका मिलता है। उम्मीद है कि ऐसे खिलाड़ी होंगे जो इस मौके का इंतजार कर रहे होंगे। गंभीर क्या रोहित-कोहली वनडे वर्ल्ड कप टीम में होंगे? इस सवाल पर गंभीर ने कहा- श्अभी उसमें काफी समय है। उससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप होना है। यह बड़ा टूर्नामेंट है, जो फरवरी मार्च में भारत में होगा। अभी पूरा फोकस उसी पर है। 24 मई को हो सकता है टीम इंडिया का ऐलान भारत को 20 जून से इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को दिया 353 रनों का लक्ष्य

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (102) रनों की शतकीय, मैथ्यू फोर्ड (58), शे होप (49) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 44) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए 353 रनों का लक्ष्य दिया। यहां कैसल ऐवन्यू स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट 20 और उसके बाद दूसरा विकेट 46 के स्कोर पर गवां दिया। ब्रैंडन किंग (आठ) और एविन लुइस (20) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शे होप की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में लियाम मैकार्थी ने शे होप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शे होप ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (49) रनों की पारी खेली। आमिर जंगू (13) को जॉर्ज डॉकरेल ने आउट किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 37वें ओवर में केसी कार्टी के रूप में गिरा। केसी कार्टी ने 109 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (102) रनों की शतकीय पारी खेली। 44वें ओवर की पहली गेंद पर रॉस्टन चेज (24) रन बनाकर आउट हुए।

# विदेश नीति पर सवाल

एक तरफ आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाक को बेनकाब करने के लिए हमारे सात डेलिगेशन विदेशी दौरों पर हैं, जिसमें 50 से अधिक सांसद व राजनयिक हैं। तो दूसरी तरफ देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। निश्चित रूप से यह बेहद विचित्र स्थिति है। असल सवाल यह है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है सरकार या विपक्ष। विपक्ष का मानना है कि सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल पूछना कोई अपराध नहीं है। अगर सवाल सरकार से नहीं पूछा जाएगा तो फिर किससे पूछा जाएगा। तो वहीं सरकार का मानना है कि यह समय इस तरह के सवालों का नहीं है जिस तरह के सवाल विपक्ष कर रहा है। बेशक हर बात का जवाब नहीं दिया जा सकता, लेकिन यह तो सरकार को भी मानना पड़ेगा कि हर चीज गोपनीयता के खोल में लपेटी नहीं जा सकती। कुछ का बताया जाना बेहद जरूरी होता है। विशेषकर उन चीजों का, जिनको देश नंगी आंखों से देख रहा हो। इस समय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने मोदी सरकार की विदेश नीति पर खुलकर आरोप लगाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए। अपनी एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि कुछ देश पाक को भारत की बराबरी पर क्यों रख रहे हैं। उनकी पोस्ट कहती है कि एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी सवाल उठाया कि डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाक के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। बात यहीं खत्म नहीं होती ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने की अपनी इच्छा जताई। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत-पाक को समान स्तर पर रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं है, पहलगाम में 22 अप्रैल को पाक आतंकियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने के बाद कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उससे उपजे तनाव में भारत के साथ कोई भी देश खुलकर आता दिखाई नहीं दिया, जबकि पाक के साथ तुर्कीए, अजरबेजान व चीन जैसे देश खुलकर भारत के विरुद्ध युद्ध के मैदान में खड़े दिखाई दे रहे थे, जबकि युद्ध अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ था। निश्चित रूप से यह भारत की विदेश नीति की कमजोरी ही कहा जाएगा चाहे सरकार स्वीकार करे या न करे, उससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। रही-सही कसर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पूरी करते दिखाई दे रहे हैं। दस मई को जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय वह स्वयं लेते दिखाई दे रहे हैं। जबकि भारत का कहना है कि सीजफायर पाक व भारत के साथ सीधी बातचीत के चलते ही संभव हुआ। अब सवाल यह है कि फिर ट्रम्प ऐसा क्यों कह रहे हैं। उनकी बातों का खंडन सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं किया जा रहा है। यही बात राहुल गांधी भी उठा रहे हैं। सवाल यहां किसी की राजनीतिक नाकामी का नहीं है, यह कोई हार-जीत का मामला नहीं है, बल्कि अपनी कमियों को दूर करने का मामला है।

## सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही



केंद्र की मोदी सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही है और विदेशमंत्री जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं, श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे पा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत, पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा था, भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है, ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत, पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं।

**-राहुल गांधी**
**लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# किशोरों में हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती




ललित गर्ग

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नए भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है, क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है।

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। 14-15 साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-11वीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से उसके परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिए जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनः स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नई बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किए हैं। सवाल नए बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है, लेकिन सवाल यह है कि 14-15 साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में यह सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स ऑफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई।

**हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गई है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नई समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं।**



इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट यह है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नए-नए एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सबसे खूबसूरत महारानी थी गायत्री देवी

**इंदिरा गांधी और गायत्री देवी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बंगाल में स्थापित शांतिनिकेतन के स्कूल पाठ भवन में एक साथ पढ़ी थीं। दोनों तभी से एक-दूसरे को जानती थीं। हालांकि, दोनों में दुश्मनी की वजह खूबसूरती थी या कुछ और इस बारे में कोई दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह ने जरूर अपनी लेखनी और साक्षात्कारों में यह इशारा किया था कि इंदिरा गांधी खुद से सुंदर महिला को अपने आसपास भी बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं।**

भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही हैं। आज ही के दिन यानी की 23 मई को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह शाही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। गायत्री देवी ने शादी के बाद न सिर्फ अपने राज्य को संभाला बल्कि राजनीति में भी अहम योगदान दिया था। उस दौर में महारानी गायत्री देवी की टक्कर इंदिरा गांधी से हुआ करती हैं। माना जाता है कि वह किसी भी मामले में इंदिरा गांधी से कम नहीं थीं। वहीं कुछ लोगों का ऐसा भी मानना है कि इंदिरा गांधी को गायत्री देवी से जलन थीं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर गायत्री देवी के राजशाही जीवन और राजनीतिक करियर के बारे में।।।

## जन्म और परिवार

लंदन में 23 मई 1919 को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह जयपुर के राजघराने से ताल्लुक रखती थीं। इनके पिता का नाम राजकुमार जितेंद्र नारायण था, जोकि बंगाल में कूचबिहार के युवराज के छोटे भाई थे। कूंच बिहार के राजा की मृत्यु के बाद जितेंद्र नारायण वहां के राजा बन गए। महारानी गायत्री और उनके अन्य भाई-बहन छोटे ही थे, जब उनके पिता का निधन हो गया था। जिसके बाद माता इंदिरा राजे ने राजघराने और बच्चों को संभाला था।

## लव लाइफ और शादी

गायत्री देवी प्यार और शादी के मामले में अपनी मां इंदिरा राजे जैसी ही थीं। सिर्फ 12 साल की उम्र में उनको जयपुर के राजा मानसिंह बहादुर से प्यार हो गया। जबकि मानसिंह की पहले से दो शादियां हो चुकी थीं। मानसिंह गायत्री देवी से 9 साल बड़े थे। जब गायत्री देवी 16 साल की हुई, तो मानसिंह ने उनसे शादी के बारे में पूछा, वहीं गायत्री देवी ने हामी भर दी और समाज के खिलाफ जाकर मानसिंह से शादी कर ली।

## राजनीतिक जीवन

मानसिंह बहादुर से शादी के बाद गायत्री सिंह जयपुर की महारानी बन गईं। उनको न तो बंगाली और न ही राजस्थानी भाषा सही से बोलनी आती थी। वह अंग्रेची और फ्रेंच में बात किया करती थीं। उस दौर में गायत्री सिंह को सबसे सुंदर महिला का खिताब मिला था। हालांकि राजनीति में गायत्री देवी को अपनी बेबाकी के लिए भी जाना जाता था। साल 1962 में स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और 1 लाख 92 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। उस दौरान इतनी बड़ी जीत की वजह से उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया था।

## इंदिरा गांधी से विवाद

एक बार गायत्री देवी की संसद में जवाहर लाल नेहरू से बहस हो गई थी। हालांकि नेहरू और गायत्री देवी के बीच राजनीतिक विरोध था, लेकिन जब इंदिरा गांधी राजनीति में आईं, तो यह निजी बन गया। गायत्री देवी और इंदिरा गांधी दोनों एक-दूसरे को बचपन से जानती थीं। एक बार सदन में इंदिरा गांधी ने गायत्री देवी को कांच की गुड़िया कहकर पुकारा था। दोनों का एक किस्सा मशहूर है, जब महारानी गायत्री देवी को जेल में डालकर



इंदिरा गांधी ने जयगढ़ के किले में फौज भेज दी थी।

## मृत्यु

वहीं 29 जुलाई 2009 को 90 साल की उम्र में महारानी गायत्री देवी का निधन हो गया था।

# आज भी विकासशील अवस्था में है भारत की शिक्षा व्यवस्था

भारत में शिक्षा प्रणाली एक लंबे समय से विकासशील अवस्था में है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा नीति में अनेक सुधार किए गए, लेकिन आज भी यह प्रणाली कई चुनौतियों से जूझ रही है। बदलते समय के साथ एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है जो न केवल रोजगारपरक हो, बल्कि मानवीय मूल्यों, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक समानता को भी बढ़ावा दे। भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली कैसे विकसित की जा सकती है।

भारत में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इसे केवल स्कूल या विश्वविद्यालय तक सीमित न रखें। शिक्षा को जीवन के हर स्तर पर समझने की आवश्यकता है चाहे वह प्राथमिक स्तर हो, माध्यमिक हो, उच्च शिक्षा हो या व्यावसायिक प्रशिक्षण। वर्तमान समय में जो सबसे बड़ी चुनौती सामने है वह है शिक्षा की गुणवत्ता और उसका असमान वितरण। महानगरों में जहां आधुनिक तकनीक, अच्छे शिक्षक और संसाधन उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण भारत आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस अंतर को पाटे बिना एक समावेशी और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली की कल्पना अधूरी है।

एक सशक्त शिक्षा प्रणाली का निर्माण प्रारंभिक शिक्षा से ही होता है। यह वह आधारशिला है जिस पर विद्यार्थी का सम्पूर्ण बौद्धिक विकास निर्भर करता है। इस स्तर पर शिक्षकों की भूमिका निर्णायक होती है। यदि शिक्षक को प्रेरणा, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता मिले, तो वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। भारत में शिक्षकों की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। उन्हें केवल



**भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है।**

पाठ्यपुस्तक पढ़ाने वाला माध्यम न समझा जाए, बल्कि एक मार्गदर्शक, विचारक और प्रेरक के रूप में देखा जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना या नौकरी पाना नहीं होना चाहिए। यह व्यक्ति को सोचने, समझने, सवाल करने और समाधान निकालने की क्षमता देनी चाहिए। आज की शिक्षा प्रणाली में यह दृष्टिकोण अभी सीमित रूप से ही देखने को मिलता है। अधिकतर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को रटने के लिए मजबूर किया जाता है। यह प्रवृत्ति छात्रों की रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबा देती है। इसलिए हमें मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। इसमें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों, और सांस्कृतिक समझ को भी स्थान मिलना चाहिए।

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रणाली भी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। भारत में आज भी परीक्षा प्रणाली का मूल आधार अंक प्राप्त करना है, न कि ज्ञान की गहराई को परखना। बच्चों को नंबर की दौड़ में शामिल कर दिया जाता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। आवश्यकता है कि हम ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करें जो बच्चों की समझ, नवाचार, और व्यावहारिक ज्ञान का आकलन कर सके। यह तभी संभव है जब हम शिक्षा को एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया के रूप में देखें। तकनीक के इस युग में डिजिटल शिक्षा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। भारत में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत अनेक प्रयास किए गए हैं, लेकिन इनका लाभ सभी तक नहीं पहुंच पाया है। एक समतामूलक शिक्षा प्रणाली के लिए यह आवश्यक है कि देश के प्रत्येक कोने में इंटरनेट, मोबाइल उपकरण और डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही शिक्षकों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे इसे प्रभावी ढंग से कक्षा में उपयोग कर सकें। डिजिटल शिक्षा केवल शहरी बच्चों का विशेषाधिकार न बने, यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। शिक्षा में भाषा का महत्व भी विशेष है।

## शिक्षा का माध्यम

भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है। नीति और क्रियान्वयन में समन्वय। अक्सर देखा जाता है कि नीतियां तो बहुत अच्छी बनती हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन कमजोर होता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थाएं, शिक्षक और समाज सभी को मिलकर कार्य करना होगा। स्कूलों और कॉलेजों को केवल परीक्षा केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान के केंद्र बनाना होगा। अभिभावकों को भी यह समझने की आवश्यकता है कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संपूर्ण विकास का माध्यम है। इसके अतिरिक्त शिक्षा में नवाचार को भी बढ़ावा देना होगा। नवाचार का अर्थ केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोचने के तरीके में भी परिवर्तन से है। विद्यार्थियों को ऐसे प्रोजेक्ट्स, समस्याएं और चुनौतियां दी जाएं जो उन्हें सोचने, विश्लेषण करने और समाधान निकालने में मदद करें। इसके लिए कक्षाओं में प्रयोग, चर्चा, समूह कार्य और परियोजना आधारित शिक्षा को अपनाया जाना चाहिए। अंत में यह समझना आवश्यक है कि भारत की शिक्षा प्रणाली में सुधार केवल सरकार या संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक सामाजिक प्रयास है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जब तक हम शिक्षा को एक सामाजिक मिशन के रूप में नहीं देखेंगे, तब तक हम उसमें व्यापक और गहरा परिवर्तन नहीं ला सकेंगे।

यदि हम वास्तव में भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली चाहते हैं, तो हमें शिक्षा को केवल लाभ का साधन नहीं, बल्कि जीवन के परिवर्तन का माध्यम मानना होगा। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर पाएंगे जहां हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके, और जहां शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला बन जाए। यही एक समृद्ध, सशक्त और संवेदनशील राष्ट्र की आधारशिला होगी।

...साभार

## ट्रम्प का मिजाज निराला

# हार्वर्ड में अब विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक



**ट्रम्प प्रशासन का फैसला, अभी यहां सात हजार विदेशी छात्र इनमें 788 भारतीय शामिल**

**न्यूयार्क।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता रद्द कर दी है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार देर रात होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) को हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (एसईवीपी) का सर्टिफिकेशन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का आदेश दिया। विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता वापस पाने के लिए हार्वर्ड को 72 घंटों में मौजूदा बाहरी स्टूडेंट्स की जानकारी देनी होगी।

अभी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे सभी विदेशी छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर लेने के लिए कहा गया है। नहीं तो उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है। बीते कुछ दिनों से हार्वर्ड और सरकार के बीच विदेशी छात्रों से जुड़े रिकार्ड को लेकर खींचतान चल रही थी। क्रै ने अप्रैल में कहा था कि अगर हार्वर्ड ने 30 अप्रैल तक विदेशी स्टूडेंट्स के अवैध और हिंसक मामलों का पूरा रिकार्ड नहीं दिया, तो उसका एसईवीपी सर्टिफिकेशन छीन लिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ने जो रिकार्ड दिया था, उससे प्रशासन संतुष्ट नहीं है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में लगभग 27 प्रतिशत बाहरी छात्र हैं। वहां अभी लगभग 6800 विदेशी स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। इनमें भारत के 788 छात्र हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स एफ-1 या जे-1 वीजा पर हैं। एफ-1 वीजा अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों के लिए है, जबकि जे वीजा स्कालर्स, रिसर्चर्स सहित एक्सचेंज विजिटर्स के लिए है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को दो पेज का एक लेटर भेजा है। ट्रम्प प्रशासन बोला: यूनिवर्सिटी यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा दे रही ट्रम्प प्रशासन में होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को लिखा लेटर एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड को अपने कैंपस में हिंसा, यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा देने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समन्वय बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराता है। यूनिवर्सिटीज के लिए विदेशी छात्रों को एडमिशन देना और उनसे मोटी फीस लेना, जिससे वे अपनी मल्टी-अरब डालर के खजाने को बढ़ा सकें, एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार। हार्वर्ड को कई मौके दिए, लेकिन वह कानून का पालन करने में विफल रही। यह कार्रवाई इसे देश भर के सभी यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर अपने पोस्ट के साथ लेटर शेयर किया। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अपने बयान में कहा कि हार्वर्ड को लीड कर रहे लोगों ने अमेरिका विरोधी, आतंकवाद समर्थक आंदोलनकारियों को कई यहूदी छात्रों को परेशान करने और शारीरिक रूप से हमला करने की अनुमति दी।

### कनाडा में विदेशी छात्रों का पढ़ाई करना हुआ मुश्किल

**ओटावा।** कनाडा ने इंटरनेशनल स्टूडेंट को दिए जाने वाले स्टडी परमिट की संख्या में कटौती की है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2025 की पहली तिमाही में भारतीय स्टूडेंट को दिए गए परमिट में 31 प्रतिशत की गिरावट आई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-मार्च 2025 के बीच सिर्फ 30640 स्टूडेंट को स्टडी परमिट दिया गया। जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 44295 थी। जनवरी 2025 में, कनाडा की आबादी 4 करोड़ 15 लाख थी, जिसमें अस्थायी निवासियों की संख्या 3 करोड़ 2 लाख थी। यह लगभग 7.25 प्रतिशत है। कनाडा सरकार इसे 2028 तक 5 प्रतिशत से कम पर ले जाना चाहती है। लिए स्टडी परमिट की लिमिट 437000 कर दी है, जो 2024 के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। यह सीमा 2026 तक लागू रहेगी। कनाडा ने साल 2023 से ही इंटरनेशनल स्टूडेंट की संख्या को कम करने के लिए कोशिश शुरू कर दी थी। कनाडा ने 2023 में कुल 6.81 लाख स्टडी परमिट जारी किए, जिनमें से 2.78 लाख भारतीय छात्रों के लिए थे।

## इंडोनेशिया, नेपाल में भूकंप के झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया और नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 जबकि नेपाल में 4.3 मापी गई। इंडोनेसिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में भूकंप से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ लोग घायल हो गए। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार तड़के 02:52 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र बेंगकुलु शहर से 47 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 84 किलोमीटर नीचे था। बेंगकुलु प्रांत की आपदा प्रबंधन एजेंसी के सचिव रेजा अफ्यिान्टो ने बताया कि बेंगकुलु शहर के लोगों ने भूकंप के बहुत तेज झटके महसूस किए। शहर में 33 घर क्षतिग्रस्त हो गए।




**जम्मू-कश्मीर। किश्तवाड़ में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच एक पुलिस अधिकारी पहरा देते हुए।**

## सिंधु जल संकट पर पाक के सांसद का भी गला सूखा

### पीटीआई सांसद ने कहा: पाकिस्तान की 90% फसलें इसी पर निर्भर, संकट नहीं सुलझा, तो भूखे मर जाएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने सिंधु जल संकट को बताया वाटर बम बताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वो जल्द से जल्द से संकट से बाहर निकलने के लिए कोई कदम उठाए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से सांसद अली जफर ने शुक्रवार को पाकिस्तान संसद में कहा कि हमारा हर 10 में से 9 आदमी इसी पर नदी पर निर्भर है। हमारी 90 प्रतिशत फसलों को इसी नदी से पानी मिलता है।

उन्होंने कहा: अगर हम इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाते, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु बेसिन हमारी लाइफ लाइन है। हमारा तीन-चौथाई पानी देश के बाहर से आता है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी भरा बयान दिया है। शरीफ ने एक बयान में कहा, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। चौधरी ने कहा भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। यह एक



**24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है**

पागलपन से भरी सोच है। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। प्रवक्ता चौधरी ने यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि, यह वीडियो किस कार्यक्रम और जगह का है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 5 आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए थे। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया था। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया था। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं। सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47: जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था।

## यूरेनियम संवर्धन पर रोक को लेकर तेहरान बिफरा

**ईरान के विदेश मंत्री ने कहा: अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं**

**तेहरान।** ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमेरिकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की जिसमें कहा गया था कि वह (अमेरिका) चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा यदि वे चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल किया जा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।

## बांग्लादेश में यूनुस के विदाई के आसार, इस्तीफे की पेशकश

### बढ़ते विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार विचलित

**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस देश में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने बीबीसी बंगला से बातचीत में कहा कि देश के मुख्य सलाहकार इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूनुस ने गुरुवार को अपने कार्यालय में सलाहकार परिषद की बैठक में इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त की तथा अपनी सरकार के प्रदर्शन और कर्तव्यों को लेकर बढ़ते सवालों पर चिंता भी व्यक्त की। इस्लाम ने कहा कि यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को

**यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की**

लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य सलाहकार के हवाले से कहा कि मैं इस तरह काम नहीं कर सकता, अगर आप सभी राजनीतिक दल एकमत नहीं हो सकते। एनसीपी नेता ने यूनुस से जल्दबाजी में ऐसा कोई फैसला न लेने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह (यूनुस) पार्टियों के बीच एकता सुनिश्चित करेंगे और सभी उनका सहयोग करेंगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अटकलों के बीच नाहिद के अलावा सूचना सलाहकार




महफूज आलम और स्थानीय सरकार सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुइयां ने भी कल शाम यूनुस से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

## पाकिस्तान में कोरोना से एक हफ्ते में चार लोगों की मौत

**हर दिन मिल रहे करीब 8-10 पॉजिटिव केस, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले**

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची में बीते एक हफ्ते में कोरोना की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग थे और ये लोग पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ये सभी मौतें आगा खान यूनिवर्सिटी हास्पिटल में हुई है। यहां पर बीते कुछ दिनों से लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले मिले हैं।



केरल में सबसे ज्यादा 95, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। इन नए मामलों के लिए कोरोना के जेएन1 वैरिएंट को वजह माना जा रहा है। कराची के श्वसन रोग एक्सपर्ट्‌डा. जावेद खान ने मीडिया को बताया कि पिछले हफ्ते से हर दिन 8 से 10 कोविड-19 के पॉजिटिव मामले देखे जा रहे हैं। वहीं, सिंध की स्वास्थ्य मंत्री डा. आजरा पेचुहो ने कहा कि फिलहाल पर मौजूदा हालात पर कुछ भी बयान नहीं दे सकती। पाकिस्तान के नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमें बहुत कम सैंपल मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से 10 से 20 प्रतिशत सैंपल कोविड पॉजिटिव हैं। समस्या की गंभीरता समझने के लिए हमें और डेटा चाहिए। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट का सबसे ज्यादा असर बुजुर्ग और कम इम्यूनिटी वाले लोगों पर हो रहा है। बीते कुछ वक्त से एशिया भर में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। सिंगापुर में 13 मई तक कोरोना के 14200 और थाईलैंड में 17 मई तक 33030 नए मरीज मिले। हान्गकान्ग में 10 मई तक 1042 नए केस दर्ज किए गए। भारत में भी 12 मई के बाद से केस बढ़े हैं। 11 राज्यों में नए केस सामने आए हैं। ज्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से हैं।

## इजरायल, यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण: रेगेव

**तेल अवीव।** यूरोपीय संघ में इजरायल के राजदूत हैम रेगेव ने समूचे महाद्वीप में इजरायल के प्रति बढ़ते असंतोष के बीच यूरोपीय संघ के साथ इजरायली संबंधों के कूटनीतिक तौर पर नाजुक होने की चेतावनी दी है। रेगेव ने कल ब्रसेल्स में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गाजा में हमास आतंकवादियों के साथ देश का युद्ध लंबा खिच रहा है और यूरोपीय जनता की इजरायल के प्रति सहानुभूति कम हो रही है, इसके कारण इजरायल और यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण देखा जा सकता है। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि यह कोई कूटनीतिक सुनामी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से एक कूटनीतिक क्षरण है, जिसका निंदान किया जाना चाहिए।

इस बीच द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार रेगेव का यह बयान गाजा में इजरायली कार्रवाइयों की बढ़ती जांच और यूरोपीय सरकारों की बदलती भावनाओं के बीच आया है। रेगेव ने हालांकि यह स्वीकार किया कि इजरायली विदेश मंत्रालय यूरोप में समर्थन में कमी के जवाब में काम कर रहा है और एक अत्यधिक गहन कूटनीतिक अभियान चला रहा है। गौरतलब है कि यूरोप में गाजा से आ रही 'ग्राफिक' छवियों ने इजरायल के प्रति सार्वजनिक आक्रोश और राजनीतिक दबाव को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि यूरोप भयावह तस्वीरें देख रहा है और उनसे निपटने के जतन कर रहा है। युद्ध की शुरुआत में हमें जो समर्थन मिला था, वह अब नहीं रहा।

## संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में स्थिति बिगड़ने की दी चेतावनी

**जुबा/संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने युद्धग्रस्त सूडान में मानवीय स्थिति बिगड़ने की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कल यहां कहा कि सूडान के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष बढ़ने से नागरिक घरों से निकलकर आश्रयस्थलों में जा रहे हैं।

प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी संगठन के हवाले से कहा कि पश्चिमी कोर्डोफन राज्य में बढ़ती असुरक्षा ने इस महीने खिवाई और नुहुद शहरों से लगभग 47000 लोगों को वहां से बाहर निकलने पर मजबूर किया। इनमें से कई लोग पहले से ही आंतरिक रूप से विस्थापित थे और अब दूसरी बार पलायन करने को मजबूर हैं।उत्तरी दारफुर में पिछले सप्ताह ही अबू शौक शिविर और अल फशर शहर से लगभग 1000 लोग विस्थापित हुए हैं जिससे इस महीने इन दो स्थानों से विस्थापित होने वाले लोगों की कुल संख्या 6,000 हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि कुल मिलाकर उत्तरी दारफुर में 17 लाख से अधिक लोगों के विस्थापित होने का अनुमान है।

## आईसीसी से जारी वॉरंट को रूस ने बताया बेहुदा

**पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह करार दिया**

**मॉस्को।** रूस ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने को राजनीतिक पूर्वाग्रह एवं कानूनी रूप से अनुचित करार दिया है। रूसी सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्टोव ने न्यायालय पश्चिम देशों की कठपुतली बन गया है।

द रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक से बात करते हुए वेनेडिक्टोव ने कहा कि हाल के वर्षों में, आईसीसी पूरी तरह से विकृत हो गया है और वह पश्चिमी देशों के हाथों की कठपुतली बन गया है। अपने नियंत्रकों के दबाव में आकार न्यायालय ने हमारे राष्ट्राध्यक्ष और कई अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का गैरकानूनी निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा की गई कानूनी समीक्षा में आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं मिला है। स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा आईसीसी के फैसले की कानूनी समीक्षा में साक्ष्य का पूर्ण अभाव और प्रस्तुत आरोपों में विरोधाभास पाया है। ये वारंट अंतर्राष्ट्रीय कानून के सार्वभौमिक स्वीकृत मानदंडों का गंभीर उल्लंघन हैं।

## पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने भारत के खिलाफ उगला जहर

### आतंकी हाफिज की भाषा में दी धमकी 'तुम्हारी सांसें रोक देंगे'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं।

वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं।



वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➤Russia
➤Georgia
➤Kazakistan
➤Kyragyzstan
➤Uzbekistan
➤Iran
➤Bangladesh
➤Nepal
➤China
➤Europe
➤Egypt
➤Armenia
➤U.K.
➤Canada
➤U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor